# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 23 जनवरी 2026


# दावोसः वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026

**प्रधानमंत्री मोदी के हरित ऊर्जा विज़न से प्रेरित मध्यप्रदेश**

## वैश्विक निवेशकों से मुलाकात, मध्यप्रदेश की निवेश संभावनाओं पर हुआ संवाद

*जापान बैंक (जेबीआईसी), रिलायंस, जियोस्टार और ब्लूमबर्ग मीडिया के साथ नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन व औद्योगिक सहयोग पर हुआ मंथन*




नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला से सोमवार को दावोस में विभिन्न वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भेंट कर प्रदेश की निवेश संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान नवीकरणीय ऊर्जा, विनिर्माण, पर्यटन, मीडिया तथा औद्योगिक सहयोग के विविध पहलुओं पर सार्थक संवाद हुआ।

**जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन :** संवाद के दौरान जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के प्रतिनिधि निदेशक एवं कार्यकारी प्रबंध निदेशक श्री हाशियामा शिगेटो के साथ मध्यप्रदेश में जेबीआईसी द्वारा समर्थित परियोजनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र की नीतियों, येन ऋण, सहयोगात्मक टाई-अप, सौर ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ।

**रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड :** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अधिकारियों के साथ प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में चल रही एवं संभावित साझेदारियों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से चंबल अंचल में बायो-एनर्जी परियोजनाओं को लेकर गहन मंथन हुआ।

**जियोस्टार :** जियोस्टार के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में मध्यप्रदेश के पर्यटन एवं यात्रा स्थलों की वीडियो और ऑडियो डॉक्यूमेंटेशन के माध्यम से ब्रांडिंग पर चर्चा हुई। नेशनल जियोग्राफिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए प्रदेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक सुंदरता को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने की संभावनाओं पर सहमति बनी।

**ब्लूमबर्ग मीडिया :** ब्लूमबर्ग मीडिया की प्रबंध निदेशक सुश्री सुनीता राजन के साथ प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार तथा नीति जगत के प्रमुख हितधारकों से जोड़ने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अक्टूबर माह में भारत में आयोजित होने वाले ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति प्रस्तावित है।

**आईआरईडीएः** भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (आईआरईडीए) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े वर्तमान एवं भावी परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायो-एनर्जी सहित अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय सहयोग तथा भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए आईआरईडीए की भूमिका पर भी चर्चा हुई।

**टेक महिंद्रा :** टेक महिंद्रा के अध्यक्ष श्री हर्षुल असनानी के साथ बैठक कर प्रदेश में कंपनी की संभावित एंट्री एवं विस्तार को लेकर चर्चा की। बैठक का मुख्य फोकस टियर-2 शहरों में आईटी और बीपीओ क्षेत्र के विस्तार के माध्यम से प्रतिभाओं तक बेहतर पहुंच और रोजगार के अवसर सृजित करने पर रहा। चर्चा के दौरान बताया गया कि प्रदेश के शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित कर कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे स्थानीय युवाओं को आईटी और बीपीओ सेक्टर में बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। बैठक में बीपीओ एवं आईटी सेगमेंट में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

# मध्यप्रदेश ने हरित ऊर्जा को विकास की मुख्यधारा में किया शामिल : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 में शामिल होने पहुँचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ₹डी-रीस्किंग द ग्रीन लीपः सब नेशनल ब्लू प्रिंट फॉर यूटिलिटी स्केल एनर्जी ट्रांजीशन₹ विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय राउंड टेबल मीटिंग में भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की ऊर्जा यात्रा में नवकरणीय ऊर्जा की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा मध्यप्रदेश के समावेशी और टिकाऊ विकास की आधारशिला है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन को प्रेरणा बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी सोच से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश ने हरित ऊर्जा को विकास की मुख्य धारा में शामिल किया है। उन्होंने बताया कि अन्तर्राज्यीय सहयोग और बेहतर समन्वय से राज्य में बिजली और जल आपूर्ति में स्थिरता आई है। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ उद्योगों को भी लाभ मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण से जुड़ी नई नवकरणीय परियोजनाओं की प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी। राउण्ड टेबल मीटिंग के समापन-सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने भारत और प्रधानमंत्री श्री मोदी के हरित ऊर्जा विज़न को साझा किया। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नीति स्थिरता के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह उपभोक्ताओं और ऊर्जा क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी ने सुधारोन्मुख राज्यों, विशेषकर मध्यप्रदेश की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सौर ऊर्जा संबंधित उपलब्धियाँ वैश्विक स्तर पर साझा की जा सकती हैं। उन्होंने श्रम, भूमि और ऊर्जा के बेहतर समन्वय से स्वच्छ ऊर्जा में जोखिम कम करने के मध्यप्रदेश मॉडल को उल्लेखनीय बताया और प्रौद्योगिकी निवेश और ब्लेंडेड फाइनेंस पर ज़ोर दिया। राउण्ड टेबल मीटिंग में मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, महानिदेशक, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन श्री अशोक खन्ना, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार श्री मनीष सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी, आयुक्त जनसम्पर्क श्री दीपक कुमार सक्सेना एवं एमडी एमपीआईडीसी श्री चन्द्रमौली शुक्ला उपस्थित रहे। मीटिंग में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये एक ड्राफ्ट फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया।

### म.प्र. की विदेश में हुई नवकरणीय ऊर्जा नीति की सराहना

इंडोनेशिया के ईस्ट जावा प्रांत के उप-राज्यपाल श्री एलेस्टियान्तो डार्डक ने कहा कि उप-राष्ट्रीय सरकारें भी राष्ट्रीय नीतियों में परिवर्तन की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की प्रगतिशील नीतियों की सराहना की।




## वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम–2026 में मध्यप्रदेश

**पहला दिन :** वर्ल्ड इकोनामिक फोरम–2026 के पहले दिन दावोस में मध्यप्रदेश ने वैश्विक निवेश, नवाचार और सतत विकास के एजेंडे पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। राज्य नेतृत्व ने तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, एआइ, आईटी, कृषि-खाद्य, पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों में वैश्विक कंपनियों व संस्थानों के साथ गहन संवाद किया।

- नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण पर अमारा राजा समूह, ग्रीन एनर्जी-3000, इरेडा और पीस इन्वेस्ट के साथ महत्वपूर्ण चर्चाएँ हुईं।
- मुरैना में संचालित बैटरी स्टोरेज परियोजना और 24× 7 नवीकरणीय ऊर्जा रणनीति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया गया।
- पंप स्टोरेज, हाइब्रिड ऊर्जा मॉडल (सौर-जल, सौर-तापीय) और को-इन्वेस्टमेंट आधारित परियोजनाओं पर निवेश रुचि सामने आई।
- जापान बैंक के साथ येन ऋण, विनिर्माण, सौर एवं नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग की संभावनाओं पर मंथन हुआ।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ चंबल अंचल में बायो-एनर्जी परियोजनाओं पर गहन चर्चा की गई।
- इज़राइल इनोवेशन अथॉरिटी के साथ क्वांटम टेक्नोलॉजी, एडटेक, रक्षा तकनीक और जल समाधान पर नवाचार सहयोग पर सहमति बनी।
- भारत-इज़राइल सहयोग के तहत पायलट प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेशन और सह-निवेश मॉडल पर आगे बढ़ने का निर्णय।
- एआई और डीप-टेक क्षेत्र में टच लैब के साथ साइबर सुरक्षा, गेमिंग और डिजिटल इनोवेशन पर सहयोग की संभावनाएँ तलाशी गईं।
- नाट्रैक्स को एडवांस्ड मोबिलिटी, एआई-आधारित टेस्टिंग और नेक्स्ट-जेन टेक एप्लिकेशंस के लिए रणनीतिक परिसंपत्ति के रूप में प्रस्तुत किया ।
- एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के साथ टियर-2 शहरों में आईटी, बीपीओ और जीसीसी/ओडीसी विस्तार पर सकारात्मक संवाद हुआ।
- मानव संसाधन, विश्वसनीय विद्युत, अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी और रेडी-टू-मूव-इन ऑफिस स्पेस को प्रमुख ताकत के रूप में रखा गया।
- शिरू कंपनी के साथ एआई आधारित प्रोटीन नवाचार, कृषि-आधारित इनपुट्स और अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर सहयोग की दिशा तय हुई।
- विश्वविद्यालयों, कृषि अनुसंधान संस्थानों और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट्स और सह-विकास पर जोर दिया गया।
- जियोस्टार और ब्लूमबर्ग मीडिया के साथ पर्यटन ब्रांडिंग और वैश्विक नीति-व्यापार मंचों पर मध्यप्रदेश की उपस्थिति पर चर्चा हुई।
- समग्र रूप से, मप्र ने स्वयं को निवेश-अनुकूल नीतियों, स्थिर प्रशासन और भविष्य-तैयार विज़न वाले राज्य के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित किया।



**दूसरा दिन :** वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम–2026 के दूसरे दिन, 20 जनवरी को दावोस में मध्यप्रदेश ने वैश्विक निवेश और प्रौद्योगिकी मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। राज्य प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा परिवर्तन, डिजिटल नवाचार, अधोसंरचना विकास और निवेश सहयोग के क्षेत्रों में विश्व की अग्रणी कंपनियों के साथ उच्चस्तरीय संवाद किए। इन बैठकों के माध्यम से मध्यप्रदेश ने सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा और प्रौद्योगिकी-आधारित आर्थिक वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

- ग्लोबल साउथ के लिए तैयार द मेरिडियन कलेक्टिव (टीएमसी) प्लेटफ़ॉर्म का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य उप-राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा परिवर्तन और औद्योगिक डिकार्बोनाइज़ेशन को गति देना है।
- टीएमसी के माध्यम से निजी पूंजी, तकनीकी विशेषज्ञता और वैश्विक नेटवर्क को राज्यों से जोड़ा जाएगा।
- इससे मध्य प्रदेश को 2030 तक 40–50 प्रतिशत नवकरणीय ऊर्जा और 2050 से पहले नेट ज़ीरो लक्ष्य प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा।

### निवेश, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहयोग पर बैठकें

- श्री कृष्णन एन. बालेंद्र (चेयरपर्सन, जॉन कील्स होल्डिंग्स लिमिटेड) के साथ फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, वन्यजीव संरक्षण, धार्मिक पर्यटन और नर्मदा बेसिन में कृषि-प्रसंस्करण पर निवेश पर चर्चा हुई।
- क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के डिप्टी सीईओ श्री तुषार सिंघवी से स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स और अधोसंरचना क्षेत्र में विचार-विमर्श किया गया।
- गूगल के वाइस प्रेसिडेंट के साथ एआई मिशन, क्लाउड डेटा सेंटर, एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर और कार्बन-फ्री डिजिटल इकोसिस्टम पर चर्चा हुई।
- ट्री एनर्जी सॉल्यूशंस के सीईओ श्री मार्को के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और ई-एनजी आधारित स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर संवाद हुआ।

# मुख्यमंत्री ने दावोस में रखा मध्यप्रदेश के हरित और डिजिटल भविष्य का ग्लोबल विज़न

## मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल की प्रमुख उद्योगपतियों से बैठकें




**शिरू उद्योग क्षेत्रः** एआई आधारित प्रोटीन नवाचार, एग्री–फूड, लाइफ साइंसेज उद्योगपति/प्रतिनिधिः डॉ. जैस्मिन ह्यूम – सीईओ एवं संस्थापक

**इज़राइल इनोवेशन अथॉरिटी उद्योग क्षेत्रः** नवाचार, डीप टेक, क्वांटम टेक्नोलॉजी, जल समाधान, एडटेक उद्योगपति डॉ. एलन स्टोपेल चेयरमैन

**टच लैब :** उद्योग क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उभरती डिजिटल तकनीक उद्योगपति/प्रतिनिधिः श्री हर्वे कौराये – सलाहकार

**ग्रीन एनर्जी–3000 (जर्मनी) :** उद्योग क्षेत्र नवकरणीय ऊर्जा, ईपीसी, परियोजना वित्तपोषण उद्योगपति/प्रतिनिधि :श्री फेलिक्स रेंकर – मैनेजिंग डायरेक्टर एवं श्री एंड्रियास रेंकर – मैनेजिंग डायरेक्टर

**पीस इन्वेस्ट, जिनेवा :** उद्योग क्षेत्र जल–ऊर्जा, सतत एवं प्रभाव आधारित निवेश उद्योगपति/प्रतिनिधि : श्री यूसुफ मर्चेंट – इन्वेस्टमेंट ऑफिसर

**ब्लूमबर्ग मीडिया :** उद्योग क्षेत्र वैश्विक मीडिया, बिज़नेस एवं पॉलिसी कम्युनिकेशन उद्योगपति : सुश्री सुनीता राजन – मैनेजिंग डायरेक्टर

**जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन :** उद्योग क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय वित्त, विनिर्माण एवं नवकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण उद्योगपति/ प्रतिनिधिः श्री हाशियामा शिगेटो – प्रतिनिधि निदेशक एवं कार्यकारी प्रबंध निदेशक

**जॉन कील्स होल्डिंग्स लिमिटेड :** उद्योग क्षेत्रः फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, वन्यजीव संरक्षण, धार्मिक पर्यटन, कृषि-प्रसंस्करण उद्योगपतिः श्री कृष्णन एन. बालेंद्र – चेयरपर्सन

**क्रेसेंट एंटरप्राइजेज :** उद्योग क्षेत्र हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स, अधोसंरचना विकास उद्योगपतिः श्री तुषार सिंघवी – डिप्टी सीईओ

**गूगल :** उद्योग क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर उद्योगपति/ कॉरपोरेट लीडरः श्री संजय गुप्ता – वाइस प्रेसिडेंट, एशिया पैसिफिक

**ट्री एनर्जी सॉल्यूशंस :** उद्योग क्षेत्र ग्रीन हाइड्रोजन, ई-एनजी (इलेक्ट्रॉनिक नेचुरल गैस), स्वच्छ ऊर्जा उद्योगपतिः श्री मार्को अल्वेरा – सीईओ

**द मेरिडियन कलेक्टिव :** उद्योग क्षेत्र ऊर्जा परिवर्तन, औद्योगिक डिकार्बोनाइज़ेशन, निजी पूंजी एवं तकनीकी सहयोग

**मिका :** ग्लोबल साउथ के लिए ऊर्जा परिवर्तन को गति देने वाला अंतरराष्ट्रीय प्लेटफ़ॉर्म

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम–2026 में दावोस के वैश्विक मंच से मध्यप्रदेश को एक ऐसे राज्य के रूप में प्रस्तुत किया, जहाँ ऊर्जा संक्रमण, तकनीकी नवाचार और निवेश-अनुकूल नीतियाँ एक साझा भविष्य की रचना कर रही हैं। सीईओ री-न्यू पॉवर श्री सुमंत सिन्हा के साथ हुई उनकी मुलाक़ात ने राज्य के स्वच्छ ऊर्जा नेतृत्व को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित किया।

दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम–2026 के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने री-न्यू पॉवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सिन्हा के साथ महत्वपूर्ण संवाद किया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में हो रहे बदलावों के संदर्भ में मध्यप्रदेश की भूमिका और संभावनाओं को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और डेटा सेंटर आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियों को अवसर में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य की नवकरणीय ऊर्जा नीति, व्यापक सौर क्षमता और ऊर्जा भंडारण की संभावनाएँ मध्यप्रदेश को भारत के सबसे भरोसेमंद हरित ऊर्जा डेस्टिनेशन में शामिल करती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्वच्छ ऊर्जा केवल पर्यावरणीय प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और डिजिटल विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर, उन्नत विनिर्माण और नई तकनीकों के लिए स्थिर एवं स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सीईओ री-न्यू पॉवर श्री सुमंत सिन्हा ने मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में नीति स्पष्टता और प्रशासनिक समर्थन निवेशकों के लिए विश्वास का वातावरण निर्मित करता है। उन्होंने सौर ऊर्जा, पंप स्टोरेज और डेटा सेंटर से जुड़ी स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में री-न्यू पॉवर की विस्तार योजनाओं की जानकारी साझा की।




**संयुक्त अरब अमीरात स्थित वैश्विक लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है डीपी वर्ल्ड**

## लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश सहयोग पर सहमति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में बुधवार को दावोस में मध्यप्रदेश और वैश्विक लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में स्थित अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मध्यप्रदेश शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने एवं डीपी वर्ल्ड की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा वित्त एवं व्यवसाय विकास अधिकारी श्री अनिल मोहता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर डीपी वर्ल्ड के समूह अध्यक्ष श्री सुल्तान अहमद बिन सुलायेम उपस्थित रहे। इस एमओयू के माध्यम से औद्योगिक विकास और निवेश सहयोग से जुड़े विषयों पर सहमति बनी, जो राज्य में लॉजिस्टिक्स, इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देने की क्षमता रखती है। एमओयू में डीपी वर्ल्ड द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश और सहयोग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। यह पहल राज्य को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में अहम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर राज्य की औद्योगिक नीतियों और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण एवं बुनियादी ढांचे के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एमओयू के दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और औपचारिक रूप से समझौता दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स और व्यापार के क्षेत्र में एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।




म.प्र. और डीपी वर्ल्ड के बीच हुआ एमओयू

मुख्यमंत्री जी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स - कृपया फॉलो करें

D-16152/25

## नए व पुराने शहर में होगी विद्या की देवी की पूजा-अर्चना

# बसंत पंचमी आज: मां सरस्वती के सौम्य चेहरे के समक्ष बच्चों को सौंपे जाएंगे पेन व कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को बसंत पंचमी और विवाह, शुभकार्यों का अबूझ मुहूर्त है। बसंत पंचमी का दिन मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन राजधानी में जगह-जगह मां सरस्वती की मनोहारी प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। बीते कुछ वर्ष से बसंत पंचमी पर माता सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित करने का चलन बढ़ा है। तो वहीं विद्या की देवी मां सरस्वती के सौम्य चेहरे के सामने तमाम मासूम बच्चों को पेन-कॉपी थमाकर विद्या आरंभ की जाएगी।

### सरस्वती पूजा के लिए इस बार 5 घंटे 20 मिनट तक रहेगा शुभ मुहूर्त

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी के नाम से जाना जाता है, इस बार सरस्वती पूजा शुक्रवार को की जाएगी। इस वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 23 जनवरी शुक्रवार को रहेगी। सरस्वती पूजा मुहूर्त सुबह 07:13 बजे से दोपहर 12:33 बजे तक रहेगा। यानी पूजा अवधि 5 घंटे 20 मिनट तक रहेगी। सरस्वती पूजा के लिए वैसे तो किसी मुहूर्त की जरूरत नहीं है । क्योंकि, इस दिन अबूझ मुहूर्त माना जाता है लेकिन, विशेष रुप से शुभ चौघडिया मुहूर्त में की गई पूजा पाठ से ज्ञान की प्राप्ति होती है। विद्यार्थियों के लिए यह मुहूर्त विशेष रुप से लाभकारी माना गया है।


दादाजी धाम स्थित प्रतिमा की तस्वीर।

### 25 स्थानों पर मां सरस्वती की होगी स्थापना

इस दिन सभी कार्य की सिद्धि के लिए संकल्प पर विशेष पर पूजन कर सकते हैं। भोपाल में विभिन्न वार्डों के 25 स्थानों पर मां सरस्वती का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। शहर में अनेक स्थानों पर विधि विधान के साथ मां सरस्वती की स्थापना की जा रही है।

### सभी कार्यों के लिए अबूझ मुहूर्त

इस दिन से शुभ मुहूर्त में गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत संस्कार, चोलकर्म संस्कार, ग्रह शांति, देव प्रतिष्ठा, धार्मिक यात्रा, भागवत पारायण, नवीन प्रतिष्ठानों का शुभारंभ आदि कार्य किए जा सकते हैं।

### बसंत पंचमी का महत्व

पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि प्राचीन ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती ज्ञान की देवी हैं और इनका अवतार माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि हुआ था। इनकी पूजा अर्चना से जीवन में शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इनके आशीर्वाद से बुद्धि और विवेक की प्राप्ति होती है, जिससे व्यक्ति सही निर्णय ले पाता है और जीवन में प्रगति करता है। इनके आशीर्वाद से ज्ञान प्राप्ति के साथ सुस्ती, आलस्य और अज्ञानता से छुटकारा मिलता है। कुछ प्रदेशों में आज के दिन शिशुओं को पहला अक्षर लिखना सिखाया जाता है।

### भोजपुरी समाज मनाएगा बसंत पंचमी

भोजपुरी समाज द्वारा वसंत पंचमी पर्व को श्रद्धा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर खटलापुरा मंदिर, जहांगीराबाद में भव्य सरस्वती पूजा एवं धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसके तहत सुबह 11 बजे से कथा पूजन, सायं 4 बजे से सुंदरकांड पाठ तथा सायं 7 बजे से भोजपुरी लोक गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।

## बिहार सांस्कृतिक परिषद आज करेगी मां सरस्वती का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव में विद्या, विवेक एवं ज्ञान का विकास विद्या एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के आशीर्वाद से ही संभव है। बसंत पंचमी, अर्थात माघ शुक्ल पक्ष पंचमी बिहार सांस्कृतिक परिषद मां सरस्वती का पूजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ भेल के ई-सेक्टर, बरखेड़ा के मां सरस्वती देवी प्रांगण में कल 23 जनवरी को करेगी। परिषद् के संयोजक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि पर्व के अंतर्गत प्रातः मां सरस्वती की विधिवत पूजा एवं हवन के उपरांत प्रसाद वितरण एवं विद्यारम्भ संस्कार प्रारम्भ होगा। इसके बाद दोपहर 2:00 बजे से निःशुल्क मेडिकल, डेंटल एवं नेत्र जांच शिविर तथा होम्योपैथिक औषधि वितरण किया जाएगा। वहीं सायं 4 बजे से सुप्रसिद्ध भोजपुरी कलाकार रघुवर शरण श्रीवास्तव (विजेता – सुर संग्राम, महुआ टीवी फेम) एवं उनकी टीम की संगीतमय प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही परिषद् से संबद्ध विद्यालयों एवं परिवार की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री कृष्णा गौर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### स्वर्ण जयंती पार्क में धूमधाम से मनाई जाएगी बसंत पंचमी

बसंत पंचमी का पर्व शुक्रवार को स्वर्ण जयंती पार्क पानी के कुंड के पास धूमधाम से मनाया जाएगा। भारतीय संस्कृति के सभी पर्व योग की शिक्षा के साथ अनुशासन, स्वच्छता, आत्मीयता, संकल्पों को गति देने, सकारात्मक दिनचर्या अपनाने एवं शुभ भाव में रहने का संदेश देते हैं। तो वहीं नई विद्या सीखने की शुरुआत के लिए बसंत पंचमी सर्वश्रेष्ठ दिन मानी जाती है। देवी सरस्वती विद्या की अधिष्ठात्री देवी हैं।

---

### खबर संक्षेप

#### गायत्री मंदिर में आज 24 कुंडीय महायज्ञ

**भोपाल।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर एमपी नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह 9 बजे से 12.30 बजे तक मां सरस्वती पूजन के साथ 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद निःशुल्क विद्यारंभ संस्कार का आयोजन होगा। युवा प्रकोष्ठ के रमेश नागर ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन बच्चों हेतु है, जो स्कूल जाना प्रारंभ करने वाले हैं, जैसे नर्सरी, केजी तथा प्राथमिक कक्षा (कक्षा 1–2) के विद्यार्थी। उन्होंने अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए मोबाइल नंबर 8819833372, 7089781966 पर संपर्क करने को कहा है। इसके बाद शाम 6.15 बजे से 8 बजे तक दीपयज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

#### वरिष्ठ पत्रकार ललित श्रीवास्तव का निधन

**भोपाल।** वरिष्ठ पत्रकार ललित श्रीवास्तव का गुरुवार सुबह भोपाल के एक निजी अस्पताल में देहावसान हो गया। वे 71 वर्ष के थे। उनकी अंत्येष्टि 23 जनवरी, शुक्रवार को की जाएगी। वे लम्बे समय से अनेक बीमारियों से पीड़ित थे। उनके परिवार में दो पुत्रियां और एक पुत्र है। पत्नी का पूर्व में निधन हो चुका था। कायस्थम मध्य प्रदेश ने वरिष्ठ पत्रकार और भोपाल कायस्थ समाज के स्तम्भ ललित श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां, जगह-जगह दीपदान का आयोजन

# प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे, राजधानी हुई राममय, जगह-जगह निकली शोभायात्रा


दादाजी धाम स्थित प्रतिमा की तस्वीर।

**हरिभूमि न्यूज, भोपाल।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दो साल पूरे होने पर गुरुवार को राजधानी राममय हो गई। कई जगहों व मंदिर में दिन व रात तक में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और राम चरित्र मानस का पाठ किया। तो वहीं कई जगह शोभायात्रा,कलश यात्रा निकाली गई। इसी तरह रात में दीपदान कर लोगों ने मिठाई वितरण की।

### धूमधाम से श्री राम के भक्तों ने निकाली ध्वज यात्रा

श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर श्री हिंदू अखाड़ा महासंघ द्वारा ध्वज यात्रा निकाली गई। जोकि प्राचीन 6 कोड़ी मंदिर इतवारा से शुरू हुई। इसके पहले दिव्य काले पत्थर से निर्मित श्री राम जी और संगमरमर के पत्थरों से निर्मित राम दरबार के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना कर ध्वज को लेकर एवं महिला भक्त मंडल बैंड की मधुर धुन श्री राम राम जय राम के जयकारों के साथ ध्वज यात्रा में सम्मिलित होकर राम भक्ति का संदेश दे रही थी।

### महिलाओं ने किया दीपदान

श्री बांके बिहारी लाल जी मार्कडेण्य महाराज मंदिर चौबदारपुरा तलैया में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर भगवान की आरती की गई। इस दौरान ठाकुर जी का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद महिलाओं द्वारा दीपदान कर महा प्रसादी बांटी।

### आनंद नगर श्रीराम मंदिर में हुई विशेष पूजा

प्राण प्रतिष्ठा एक साल पूरे होने पर गुरुवार को राजधानी के अयोध्या नगर में बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आनंद नगर श्रीराम मंदिर में विशेष पूजा-पाठ की गई। भक्तों ने सुंदरकांड पाठ किया। इसी तरह गौरीशंकर परिसर कॉलोनी कटारा हिल्स बर्रई में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, तो वहीं कोलारा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

### राम संकीर्तन, रामरक्षा स्तोत्र का हुआ पाठ

रायसेन रोड दादाजी धाम मंदिर, पटेल नगर में अयोध्या में विराजमान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ एवं विनायक चतुर्थी के शुभ संयोग पर गुरुवार को प्रातः 11:13 बजे प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश, भगवान श्रीराम, माता सीता एवं भगवान श्री हनुमान जी का वैदिक विधि-विधान से पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर राम संकीर्तन, रामरक्षा स्तोत्र एवं हनुमान चालीसा पाठ से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

### 51 पुजारियों और बटुकों का हुआ सम्मान

श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में शाम 7 बजे महा आरती और राम नाम संकीर्तन के दौरान 251 दीपों से 'जयश्रीराम' लिखा गया। इस मौके पर गुफा मंदिर में रामायण केंद्र द्वारा 51 पुजारियों और बटुकों का सम्मान किया गया।

#### उत्सव में सियाराम जयराम का जयघोष

### रामलला के विराजमान की तिथि हमारी आस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक: रामेश्वर

अयोध्या धाम में बने भव्य श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीरामलला के विराजमान की वर्षगांठ के पावन अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा मुखर्जी नगर कोलार स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में राममंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वर्षगांठ की संध्या पर भव्य आतिशबाजी ने रंगारंग प्रकाश से आलोकित कर दिया। गगनचुंबी आतिशबाजी की रोशनी ने आकाश को रामभक्ति के रंगों से सजा दिया। स्टेडियम परिसर में जय श्रीराम और सियाराम के जयघोष से संपूर्ण


राममंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शनी।

वातावरण राममय आनंद और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम केवल हमारी आस्था के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे भारत की आत्मा, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक है।
अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का

#### तीन महीने से ग्रामीण कर रहे शिकायत

## ईटखेड़ी के खामखेड़ा में पुलिया धंसी, हुआ सात फीट गहरा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईटखेड़ी स्थित खामखेड़ा क्षेत्र से दो किलोमीटर लंबी सड़क पर एक पुलिया का 15 फीट हिस्सा तीन महीने पहले धंस गया। जिससे सड़क के बीचों-बीच करीब पांच फीट चौड़ा और सात फीट गहरा गड्ढा हो गया है। मामले की शिकायत पीडब्ल्यूडी को की गई, लेकिन इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इस मामले को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने फोटो वीडियो बनाकर वायरल किए हैं, जिसमें ग्रामीणों का कहना है कि मरम्मत के लिए वे तीन महीने से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।

यहां से रोजाना दो हजार से अधिक लोगों की आवाजाही होती है। पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक सनी सिंघानिया का कहना है कि पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत क्षतिग्रस्त वीसीडब्ल्यू रापटा ढांचा पहले पीडब्ल्यूडी सड़क का हिस्सा


क्षतिग्रस्त पुलिया।

था। राज्य गुणवत्ता निरीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया और एक नए पुल का प्रस्ताव दिया गया है। अस्थायी बैरिकेडिंग लगाई गई थी, लेकिन इसे हटा दिया। अब नई सामग्री भेज दी गई है और बैरिकेडिंग को बहाल किया जा रहा है। सड़क की मंजूरी मिलते ही निर्माण शुरु कर दिया जाएगा।

## एम्सः डॉ. परिडा करेगी स्तन कैंसर के कारणों पर शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैंसर वह बीमारी है, जो आज भी लाइलाज की श्रेणी में है। कई बार सर्जरी के बाद भी कैंसर वापस आ जाता है, सबसे ज्यादा जटिलता स्तन कैंसर के मामलों में देखी जा रही है। इस जटिलता का हल ढूंढने का काम अब एम्स भोपाल करेगा। जानकारी अनुसार नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की राष्ट्रीय पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप योजना के अंतर्गत डॉ. प्रीतिपर्णा परिडा ने एम्स भोपाल के जैवरसायन विभाग में



पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। वे यह शोध प्रो. अश्विन कोटनीस (जैवरसायन विभाग) के मार्गदर्शन में कर रही हैं। डॉ. परिडा का शोध स्तन कैंसर के उन कारणों को समझने पर केंद्रित है, जिनके चलते उपचार के बाद भी कैंसर दोबारा हो जाता है।

---

#### 1 फरवरी से लागू होगा एस्मा, निर्देश जारी

## अटैच शिक्षकों को मूल संस्था में दर्ज करानी होगी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। परीक्षाओं के लिए प्रदेश के स्कूलों में एक फरवरी को एस्मा लागू होगा। ऐसे में स्कूलों में शिक्षकों की अनिवार्य उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखते हुए उपस्थिति को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए है, जिसके अनुसार, सभी अटैच शिक्षकों को स्कूलों में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी, जिसके बाद उन्हें फरवरी का वेतन मिलेगा। इस व्यवस्था से राजधानी के 250 से अधिक शिक्षक प्रभावित होंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने इस संबंध आदेश भी जारी कर दिए हैं।

#### ट्रेन संचालन और निगरानी कार्यों का लिया जायजा

## जीएम ने नए कंट्रोल कार्यालय का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने डीआरएम कार्यालय में नवनिर्मित नियंत्रण कार्यालय (कंट्रोल ऑफिस) का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी, अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे एवं योगेन्द्र बघेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। महाप्रबंधक ने नियंत्रण कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान नए भवन में मौजूद नई व आधुनिक सुविधाओं की जानकारी ली। नवनिर्मित नियंत्रण कार्यालय को नवीनतम तकनीक, उन्नत संचार


निरीक्षण करतीं जीएम।

व्यवस्था, डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, समयपालन, सर्वर रूम, आपदा प्रबंधन कक्ष एवं रियल-टाइम ट्रेन संचालन निगरानी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।

#### हरियाली बचाने पेड़ों से चिपक कर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## कर्मचारियों का चिपको आंदोलनः खाद्य भवन बनाने काटे जाएंगे 40 से 50 साल पुराने 150 पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य भवन निर्माण के लिए करीब 150 पुराने पेड़ों की कटाई के विरोध में नाप तौल विभाग के कर्मचारी, अधिकारी और पर्यावरणविद् ने गुरुवार को पेड़ों से चिपककर चिपको आंदोलन कर पेड़ों को बचाने के लिए का संकल्प लिया। उनका कहना है कि यह पेड़ 40 से


चिपको आंदोलन का दृश्य।

50 साल से भी ज्यादा पुराने है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने हाथों में बैनर-तख्तियां लेकर खुले तौर पर पेड़ों की कटाई का विरोध किया। आंदोलन में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी भी शामिल हुई। मप्र नाप-तौल अधिकारी-कर्मचारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने कहा कि केवल नागरिक आपूर्ति निगम के लिए 100 करोड़ रुपए खर्च करना और 150 पेड़ काटना पूरी तरह अनुचित है।

---

#### जुमेराती आजाद मार्केट, इतवारा में जनसंपर्क कर व्यापारियों से की भेंट

## उम्मीदवारों ने व्यापारियों से की भेंट की वोट की अपील

# व्यापारियों के हितों, संगठन की उन्नति और एक मजबूत, सशक्त चैंबर के निर्माण के लिए उन्नति पैनल हर हाल में कटिबद्धः गोयल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उन्नति पैनल व्यापारियों की सशक्त आवाज, ईमानदार नेतृत्व एवं विकासशील सोच का प्रतीक है। यह बात गुरुवार को भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में उन्नति पैनल के बैनर तले अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी गोविंद गोयल ने कही। उन्होंने उन्नति पैनल के समस्त प्रत्याशियों के साथ जवाहर चौक, हनुमानगंज, घोड़ा नक्कास, जुमेराती आजाद मार्केट, इतवारा में जनसंपर्क किया।

इस दरमियान उन्हें व्यापारियों का भारी समर्थन मिला। जनसंपर्क अभियान में गोयल के नेतृत्व में उन्नति पैनल के सभी उम्मीदवारों ने व्यापारियों से भेंट की और वोट मांगा।



मतदान की अपील करते प्रत्याशी गोविंद गोयल।

### आपसी संवाद और एकजुटता का अवसर करेंगे प्रदानः गोयल

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी और वरिष्ठ उद्योगपति गोविंद गोयल ने इस दरमियान व्यापारियों से कहा कि हमारा पैनल व्यापारिक के हितों, संगठन की उन्नति एवं मजबूत, सशक्त चेंबर निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। हम व्यापारियों को आपसी संवाद और एकजुटता का अवसर प्रदान भी करेंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान व्यापारियों के मिल रहे जनसमर्थन को लेकर गोयल ने कहा कि व्यापारियों का यह समर्थन उन्नति पैनल अधिक मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर अमित गोयल, अरविंद जैन सुपारी, विनोद जैन एमपीटी, संजीव जैन, सुनील जैनाविन, प्रदीप सेवानी, हेमंत अग्रवाल, अमित कुमार बिंदल, अभिषेक जैन, आदित्य महेश सिंघई, अखिलेश मित्तल, अनिल मिश्रा, अमित जैन, सीएस भारत गुप्ता, मनोज कुमार साहू, राजीव साहू डब्बू, सुलभ मित्तल, सोनू भाभा सहित समस्त उम्मीदवार मौजूद रहे।

## सनातन धर्म में चादर नहीं चढ़ाई जाती यह मुस्लिम समाज की धर्म प्रथाः मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सनातन धर्म में शंकराचार्य की स्थापना पदवी और पद स्वयं स्थापित हैं। जैसे देश के 12 ज्योतिर्लिंग स्वयंभू हैं, ऐसा ही शंकराचार्य पद है। भारत में जब सनातन धर्म को ठेस पहुंचाने की चेष्टा की जा रही थी। उस समय भगवान शंकर के अंश आद्य शंकराचार्य जी की उत्पति हुई, जहां शास्त्रों के माध्यम से परास्त करना वहां शास्त्र और जहां शस्त्र से परास्त करना था।

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने यह बताते हुए कहा कि आद्यशंकराचार्य ने अखाड़ों का निर्माण सनातन धर्म को बचाने के लिए एक फौज तैयार की थी। जिस प्रकार खेत को बचाने के लिए बागर लगाई जाती है। इसी तरह अखाड़ा परिषद द्वारा गुरुवार को बागर का कार्य कर शंकराचार्य पर आरोप व प्रत्यारोप कर रही है और शंकराचार्य जी को यह 13 अखाड़े द्वारा चादर उड़ाकर और प्रमाणित करने की चेष्टा की जा रही है। उसकी निंदा करते हुए अखिल भारतीय पुजारी महासंघ चारों शंकराचार्य से यह निवेदन करता है कि अब अखाड़ों की कोई आवश्यकता नहीं है।



सुभाष चंद्र बोस जयंती आज


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


वसंत पंचमी सरस्वती पूजा की मंगलकामनाएं




MSN माता श्री नेत्रालय
सुपरस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. वाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## डोडा में भद्रवाह-चंबा मार्ग पर खन्नी टॉप के पास हुआ हादसा

# सड़क पर बर्फ जमी होने से सेना का वाहन फिसलकर 400 फीट खाई में जा गिरा, 10 जवानों की जान गई

एजेंसी ▶▶ डोडा (जम्मू)

गंभीर रूप से 11 घायलों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के कमांड अस्पताल भेजा गया

जम्मू के डोडा जिले में हुए सड़क हादसे में सेना के दस जवानों की जान चली गई जबकि 11 घायल हो गए। हादसा भद्रवाह-चंबा मार्ग पर खन्नी टॉप के पास हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सेना की टीम गुरुवार सुबह एक ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान खन्नीटॉप के पास दुर्गम और तीव्र मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर करीब ▶▶ शेष पेज 4 पर



घायलों का रेस्क्यू कर अस्पताल ले जाया गया

### मृत जवानों के नाम

*जोबन जीत, सुधेर नरवाल, मोनू, मोहित, एचआर कंवर, सिमरन, पी लोरा, सुलिंदर, अजय लोफरा और स्वर्ण नाग पाल।*

### पीएम मोदी बोले- देश कभी नहीं भूलेगा शहादत

डोडा में हुई घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि डोडा में हुए हादसे से वह बेहद दुखी हैं और देश ने अपने बहादुर सैनिकों को खो दिया है। पीएम ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दी जा रही है।

## दावोस में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश सहयोग के लिए बनी सहमति

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में मप्र और डीपी वर्ल्ड के बीच हुआ एमओयू



एमओयू के पेपर दिखाते हुए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

यूएई में लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की कंपनी है डीपी वर्ल्ड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में दावोस में मध्यप्रदेश सरकार और वैश्विक लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थित अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मध्यप्रदेश शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने एवं डीपी वर्ल्ड की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा वित्त एवं व्यवसाय विकास अधिकारी अनिल मोहता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीपी वर्ल्ड के समूह अध्यक्ष सुल्तान अहमद बिन सुलायेम उपस्थित रहे। इस एमओयू के माध्यम से औद्योगिक विकास और निवेश सहयोग से जुड़े विषयों पर सहमति बनी, जो ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### अब 'बॉर्डर 2' भी खाड़ी देशों में नहीं होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2'



रिलीज को तैयार है। फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सेंसर बोर्ड से भी फिल्म को रिलीज की मंजूरी मिल गई है। लेकिन धुरंधर के बाद 'बॉर्डर 2' खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकेगी। खाड़ी देशों में इसे रिलीज की अनुमति नहीं मिली है। सेंसर बोर्ड द्वारा यूए 13+ सर्टिफिकेट हासिल कर चुकी है।

### डंपर ने बाइक सवार परिवार को कुचला, तीन की मौत

**ग्वालियर।** रतवाई-बिजौली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। गुरुवार



दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी 18 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक परिवार जालौन (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था। मृतकों की पहचान चंद्रपाल जाटव, उनकी पत्नी राजश्री जाटव और बेटी अर्पिता जाटव के रूप में हुई है। अर्पिता परिवार के साथ जेईई मेन का एग्जाम देने जा रही थी।

### अब महू में दूषित पानी से 25 लोग संक्रमित

**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी से मौतों का सिलसिला थमा भी नहीं है कि अब यहां से करीब 20 से 25 किमी



दूर महू में दूषित पानी पीने से लोग पीलिया जैसी बीमारियों की चपेट में आ गए हैं। यहां के पत्ती बाजार और मोती महल इलाके में दो सप्ताह में करीब 25 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा बच्चे शामिल हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, चंदर मार्ग से शुरू हुई गंदे पानी की सप्लाई मोती महल तक पहुंच चुकी है।

## भोजशाला विवाद: बसंत पंचमी पर पूजा और नमाज पर 'सुप्रीम' फैसला

# सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा-प्रार्थना दोपहर 1 से 3 बजे तक 'नमाज' होगी

सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों से आपसी सम्मान बनाए रखने और प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की है। इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार का पक्ष भी सुना गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन धार में विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को प्रार्थना करने की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को भी शुक्रवार के दिन दोपहर 1 बजे से लेकर 3 बजे तक नमाज पढ़ने की इजाजत दी है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम दोनों पक्षों से अपील करते हैं कि वे आपसी सम्मान और सहयोग बरकरार रखें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और जिला प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा कि शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीठ का यह है आदेश

हिंदू पक्ष को परिसर के भीतर ही अलग जगह मुहैया कराई जाए ताकि वे बसंत पंचमी पर अपने पारंपरिक अनुष्ठान कर सकें

नमाज के लिए एक खास और अलग जगह उपलब्ध कराई जाए, जिसमें आने-जाने के लिए अलग रास्ता हो, ताकि नमाज पढ़ी जा सके



धार स्थित भोजशाला परिसर में भारी पुलिस बल तैनात

- कोर्ट बोला- मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी संख्या जिला प्रशासन को बता दें
- प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला आने वालों के लिए पास जारी कर सकता है

### क्या है विवाद?

■ मध्य प्रदेश के धार में एक एएसआई संरक्षित स्मारक है। हिंदू पक्ष के लोग इसे देवी सरस्वती का मंदिर मानते हैं।
■ साथ ही यहां मौलाना कमालुद्दीन की मस्जिद है, जिसके चलते मुस्लिम पक्ष भी इस स्मारक पर अपना दावा करता है।
■ 18वीं सदी में यहां अंग्रेज सरकार ने खुदाई कराई थी, जिसमें देवी सरस्वती की प्रतिमा भी निकली थी। इस प्रतिमा को अंग्रेज लंदन ले गए थे, जो आज भी लंदन संग्रहालय में मौजूद है। देवी सरस्वती की उस प्रतिमा को भी वापस लाने की कोशिश चल रही है। दोनों पक्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 8 हजार जवान तैनात

धार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। धार में आठ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न इलाकों में पेट्रोलिंग की जा रही है। वॉच टावर के साथ ही पुलिस चौकी भी बनाई गई है और पुलिस द्वारा संवेदनशील इलाकों में गश्त की जा रही है।

### भोजशाला विश्वास पहचान व इतिहास की 'व्याख्या' का प्रश्न

एक्सपर्ट कमेंट

भोजशाला केवल एक ऐतिहासिक इमारत नहीं है, बल्कि यह आस्था, संस्कृति, इतिहास का जटिल मिश्रण है। भोजशाला का नाम 11वीं शताब्दी के परमार शासक राजा भोज से जुड़ा माना जाता है। भोजशाला मां वाग्देवी यानी देवी सरस्वती की पूजा और अध्ययन का प्रमुख स्थल है। हिंदू मान्यता के अनुसार यह वाग्देवी यानी विद्या की देवी सरस्वती का मंदिर है, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद के रूप में दावा करता है। जबकि यह दावा झूठा है राजा भोज ▶▶ शेष पेज 4 पर



सचिन दवे

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा फैसला

# मौत की सजा के लिए फांसी हो या जहर का इंजेक्शन दिया जाए?

सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए एक कमेटी गठित की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा के लिए फांसी की जगह कम तकलीफदेह तरीके अपनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह याचिका वरिष्ठ वकील ऋषि मल्होत्रा ने दायर की है।

उन्होंने फांसी को मौत देने का क्रूर, अमानवीय और पुराना तरीका बताया है, जिसमें दोषी को लंबे समय तक दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फांसी की बजाए जहर का इंजेक्शन (लीथल इंजेक्शन) दिया जाए, जो तेजी से और कम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### केंद्र के रुख पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

कोर्ट ने केंद्र के इस रुख पर नाराजगी जताई और कहा कि समय के साथ बदलाव जरूरी है, लेकिन सरकार इसमें तैयार नहीं दिख रही। कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान दयालु और जीवंत है, जिसमें सम्मानजनक मौत का अधिकार भी शामिल होना चाहिए। याचिका 2017 में दायर की गई थी और तब से कई बार सुनवाई हो चुकी है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता ▶▶ शेष पेज 4 पर

## छत्तीसगढ़ के स्टील प्लांट में ब्लास्ट

### 6 मजदूरों की मौत, 5 घायल गर्म राख से जिंदा जले मजदूर

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार जिले के बकुलाही इलाके में स्थित स्पंज आयरन प्लांट में



■ गर्म राख ले जा रही पाइपलाइन में लीकेज

हुए ब्लास्ट से अब तक 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। शुरुआती जांच में ये सामने आया है कि डस्ट सेटलिंग चेंबर से गर्म राख (ऐश) ले जा रही पाइपलाइन में लीकेज हो गया था। विस्फोट प्लांट की कोल भट्टी में गुरुवार सुबह करीब 9.40 बजे हुआ। ब्लास्ट के दौरान गर्म मलबा (राख) नीचे काम कर रहे मजदूरों ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ड्रंक एंड ड्राइव केस में पकड़ी थी बाइक

### बेटे की बाइक का चालान कटने की खबर सुनते ही पिता को आया अटैक

**सतना।** छोटे बेटे की बाइक का चालान कटने की जानकारी मिलने के बाद 57 वर्षीय शिक्षक को दिल



■ वे बेहोश होकर गिरे और मौत हो गई

का दौरा पड़ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम रामप्रसाद वर्मा था। वह अमिलिया प्राथमिक शाला, संकुल कुलगढ़ी में शिक्षक थे। वर्तमान में बीएलओ का प्रभार भी संभाल रहे थे। बुधवार रात लगभग 8:30 बजे रामप्रसाद का छोटा बेटा रोहित वर्मा अपने दोस्तों अंकित शुक्ला, ऋषभ सिंह और एक अन्य के साथ सोहावल मैदान पर खड़ा था। इसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भारत आने को तैयार नहीं हुआ

### टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगी बांग्लादेश की टीम

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के लिए बांग्लादेश क्रिकेट टीम भारत नहीं आएगी।



■ आईसीसी ने मैच शिफ्ट करने से किया था मना

आईसीसी से मिली एक दिन की मोहलत के बाद बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल यह ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर भारत में विश्व कप नहीं खेलेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों और युवा एवं खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के बीच हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया। आईसीसी ने बीसीबी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## उज्जैन के तराना में दो पक्षों में हिंसक झड़प

# विहिप कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला उपद्रवियों ने गाड़ियों में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने थाना घेरा, सख्त कार्रवाई की मांग, छह लोगों पर केस




तराना कस्बे में गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इसके बाद उपद्रवियों ने बस स्टैंड पर खड़ी 11 बसों में तोड़फोड़ कर दी। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लोगों को बलपूर्वक खदेड़ा। बताया गया है कि तराना के तलाई मोहल्ले में रहने वाले 22 वर्षीय सोहेल ठाकुर विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री हैं। वह घर के बाहर बैठे थे, तभी कुछ युवकों ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। उनके सिर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें उज्जैन रेफर किया गया है। पुलिस ने टीपू कुरैशी, एटली शाह, रिजवान मिर्जा, ईशान मिर्जा सहित छह के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है। मौके पर एएसपी गुरु प्रसाद पराशर, आलोक शर्मा मौजूद हैं। यहां 7 थानों का पुलिस बल तैनात किया गया है। मारपीट की सूचना फैलते ही हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही भी होगी उजागर

# बांधवगढ़ रिजर्व में 14 दिन में 4 बाघों की मौत की जांच करेगी 'एसआईटी'

*जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी*



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगातार सामने आ रही बाघों और अन्य वन्यजीवों की मौत की घटनाओं ने वन विभाग को गंभीर चिंता में डाल दिया है। इन मामलों की तह तक जाने के लिए कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्य प्रदेश ने विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि बीते करीब दो महीनों में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया और आसपास के क्षेत्रों में बाघ, तेंदुआ समेत अन्य वन्यजीवों की अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। इनमें विद्युत करंट ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सबसे कम न्यूनतम तापमान कटनी व कल्याणपुर में 4.9 डिग्री रहा

### भोपाल में इस जनवरी का सबसे गर्म दिन का पारा 27.5 डिग्री, रात 11 डिग्री के पार

# अचानक छाने लगे बादल, गर्मी के बाद 'ठंड' का अहसास बूंदाबांदी के आसार, रात का पारा 17 डिग्री तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के मध्य हिस्सों में गुरुवार दोपहर बाद से बादलों का असर रहा। बादल और धुंध के बीच भोपाल संभाग के कुछ जिलों में बूंदाबांदी के भी आसार हैं।

इस बीच राजधानी सहित अधिकांश जिलों में लगातार चौथे दिन न्यूनतम तापमान में घट-बढ़ और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी रही। भोपाल में इस जनवरी का सबसे गर्म दिन का तापमान 27.5 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 11.2



राजधानी स्थित लोकभवन रोड पर शाम 4 :45 बजे का दृश्य

डिग्री रहा है। प्रदेश में सबसे अधिक रात का पारा नर्मदापुरम में 16.6 डिग्री रहा है। बैतूल, छिंदवाड़ा और सिवनी में रात 15 से 16 डिग्री के बीच गर्म रही है। शेष प्रदेश में न्यूनतम तापमान औसतन 10 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटे में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सिस्टम और आगे आएगा, जिससे अभी बादल-धुंध का असर है। कुछ दिन में भोपाल संभाग के अलावा उत्तरी और पूर्वी मप्र में कुछ जगह बौछारें पड़ सकती हैं।

### कहां कितना घटा-बढ़ा पारा

*गुरुवार को गुना, इंदौर, खंडवा, रतलाम, श्योपुर, दमोह, खजुराहो, रीवा आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री तक बढ़कर औसतन 27 डिग्री रहा, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री अधिक है। वहीं, पूर्वी मप्र के छिंदवाड़ा में 1.7 डिग्री बढ़कर 16 डिग्री तक रहा। शेष जिलों में औसतन एक डिग्री की कमी आई। सबसे अधिक रात का पारा उमरिया में 3.4 डिग्री गिरकर 6.9 डिग्री रहा। पांच जिलों में रात का पारा 7 डिग्री तक रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान कटनी, कल्याणपुर में 4.9 डिग्री रहा। नौगांव 6.5, उमरिया 6.9, रीवा 7 और छतरपुर में न्यूनतम पारा 7.4 डिग्री रहा है।*

# दावोस में नजर आया मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की गति का सकारात्मक प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पिछले 2 वर्ष में जितनी तीव्र गति से औद्योगिक विकास हुआ है, उसका सकारात्मक प्रभाव दावोस में दिखाई दिया है। दावोस में विभिन्न क्षेत्रों के बड़े उद्योगपतियों और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें और चर्चा हुई हैं। डॉ. यादव ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में विभिन्न इंटरशेनल कम्पनियों के साथ हुई बैठकों के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में भारत का सबसे बड़ा दल पहुंचा है। बदलाव के इस दौर में मप्र में सोलर एनर्जी, आईटी, टूरिज्म सहित सभी सेक्टर्स में विकास की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं।

मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का पावर हब बन चुका है। प्रदेश में पंप स्टोरेज, सोलर एनर्जी और विंड एनर्जी उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि देश में नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से उत्पादित सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश उपलब्ध करवा रहा है। प्रदेश के इस मॉडल को समझने और अध्ययन करने के लिए लोग काफी उत्साहित हैं।

### मप्र सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों से दावोस बैठक बनी महत्वपूर्ण:सीएम

### नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र देश का बन चुका है पावर हब

### मालदीव के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार प्रदेश सरकार: डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दावोस इकोनॉमिक फोरम में मालदीव के मंत्री और अर्थशास्त्री डॉ. मोहम्मद सईद के साथ अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। उद्योग क्षेत्र में साझेदारी के लिए डॉ. सईद ने बताया कि उनके देश में टूरिज्म के अलावा मत्स्य पालन, आईटी, हेल्थ जैसे अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति ने पूर्व में काफी ठोस निर्णय लिए हैं। प्रदेश सरकार मालदीव के साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। डॉ. यादव ने बताया कि आगामी समय में वे स्वयं मालदीव की यात्रा करेंगे और वहां विकास के लिए परस्पर साझेदारी की संभावनाओं को तलाशेंगे। मालदीव भी भारत के साथ मिलकर आगे बढ़ने में रुचि रखता है। मालदीव के स्थानीय लोगों और वहां रहने वाले भारतवंशियों के परस्पर बेहतर सांस्कृतिक संबंध हैं।

### मध्यप्रदेश में एग्रीकल्चर पॉल्ट्री के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं, पर्याप्त बिजली, भूमि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में एग्रीकल्चर पॉल्ट्री के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं हैं। भविष्य में इस दिशा में भी अन्य राज्यों के साथ व्यापार को आगे बढ़ाएंगे। मध्यप्रदेश के पास पर्याप्त लैंड बैंक है, पर्याप्त बिजली है। ट्रांसपोर्टेशन के मामले में भी हमारा राज्य, भारत के मध्य में स्थित होने के कारण अनुकूल है। अब कई क्षेत्रों के निवेशक मध्यप्रदेश का रुख कर रहे हैं। उद्योग एवं व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। मध्यप्रदेश सबसे तेज गति से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य बना है। देश के 3 प्रमुख राज्यों ने औद्योगिक गति को बढ़ाया है, उनमें मध्यप्रदेश सबसे युवा राज्य है। बीते 2 वर्ष में राज्य सरकार के इन प्रयासों से प्रदेश में बेरोजगारी दर एक प्रतिशत के आसपास आ गई है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हो रहे प्रयासों के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भोपाल-देवास स्टेट हाईवे पर वैक्यूम से होगी सफाई

**भोपाल।** देवास स्टेट हाईवे पर वैक्यूम मशीन के जरिए सफाई होगी। इसके लिए मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बीच एमओयू हुआ है, ताकि सड़क की कचरा नहीं दिखें, न ही धूल जमा हो। स्टेट हाईवे पर कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव एवं विकास आयुक्त दीपाली रस्तोगी की उपस्थिति में एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव और ग्रामीण विकास विभाग के संचालक छोटे सिंह ने संपादित किया। इस समझौते का उद्देश्य भोपाल-देवास स्टेट हाईवे के अंतर्गत आने वाले शहरी निकायों एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में फुली मैकेनाइज्ड वाहन-माउंटेड रोड वैक्यूम लिटर कलेक्शन मशीन के माध्यम से सड़क की नियमित सफाई, रख-रखाव और अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना है।

### आयुष यूजी स्ट्रे वेकेंसी राउंड-4: 33 सीटें ही भरी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल, शिवपुरी, छतरपुर, ग्वालियर, इंदौर, रतलाम, जबलपुर समेत प्रदेशभर के 63 में से 29 खाली सीटों वाले आयुर्वेद, होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में सत्र 2025-26 में निर्धारित समय के अनुसार शाम सात बजे तक सिर्फ 33 सीटें ही भर पाई। जबकि गुरुवार 22 जनवरी स्ट्रे वेकेंसी राउंड 4 में प्रवेश का अंतिम दिन था। इन 33 सीटों में से 26 आयुर्वेद बीएएमएस की तथा 7 होम्योपैथी की सीटें हैं। ज्ञात रहे कि इस स्ट्रेवेकेंसी राउण्ड चार के पूर्व 1043 सीटें खाली थीं। कितने छात्रों ने प्रवेश निरस्त कराया वो आंकड़ा प्राप्त नहीं हो सका है।

### अब 21 फरवरी तक नहीं जुड़ेंगे नए नाम, 14 फरवरी तक होगी नो मैपिंग सुनवाई

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने 56 हजार नए आवेदन, चार लाख 38 हजार नाम काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा चरण भी गुरुवार को पूरा हो गया है। जिसके तहत पिछले एक महीने से नए नाम जोड़ना, काटना और नाम में संशोधन कराने का काम चल रहा था। जिसके तहत जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में 56 हजार 103 मतदाताओं ने नए नाम जोड़ने का आवेदन पेश किया है, जबकि 5 हजार 484 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने फार्म-7 भरा है। ऐसे में जिले की मतदाता सूची का अब फ्रीज कर दिया जाएगा। अगर कोई मतदाता नाम जुड़वाने से छूट गया है तो उसे 21 फरवरी के बाद ही वोटर लिस्ट में शामिल किया जाएगा।

जिले में 22 साल बाद हुए एसआईआर की वजह से विधानसभाओं की तस्वीर बदल गई है। सात विस से मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और मृत मतदाताओं की जांच में 4 लाख 38 हजार 317 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जिससे जिले के मतदाताओं की तादाद 21 लाख 25 हजार 908 से कम होकर 16 लाख 87 हजार 33 रह गई है। इसमें नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाता शामिल हैं, जिनकी सुनवाई 14 फरवरी तक जारी रहेगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नए आवेदन ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे, लेकिन उन्हें एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी करने के बाद ही शामिल किया जाएगा।

### नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाता



वार्ड 9 में एसआईआर में चल रही मतदाताओं की सुनवाई।

### गोविंदपुरा, नरेला से आए सबसे ज्यादा आवेदन

एसआईआर के दौरान सबसे ज्यादा नाम गोविंदपुरा और नरेला से ही काटे गए हैं। जिसको देखते हुए एक महीने से चल रहे नाम जोड़ने के काम के दौरान गोविंदपुरा विस से 13 हजार 419 फार्म मिले हैं, जबकि नरेला विस में 11 हजार 893 फार्म जमा किए गए हैं। इधर बैरसिया में सबसे कम 3 हजार 260 आवेदन मिले हैं।

### संशोधन और पता बदलवाने 37 हजार आवेदन

एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट में मैपिंग कराने के साथ जिले की सातों विस में नाम में संशोधन, पता बदलवाना, विधानसभा चेंज कराने के 37 हजार से अधिक फार्म मिले हैं। इन मतदाताओं को नए इपिक कार्ड भी दिए जाएंगे। इसके साथ नए नाम जुड़वाने वाले मतदाताओं को भी तीन माह में नए वोटर कार्ड स्पीड पोस्ट से घर भेजे जाएंगे।

### एसआईआर प्रक्रिया पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

## 10 दिन में 11 लाख वोटर्स को हटाने का दावा: कांग्रेस का आरोप, पहले से छपे फार्म में आवेदकों के नाम नहीं

कांग्रेस एसआईआर की पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा पर सुनियोजित तरीके से वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की साजिश का आरोप लगाया है। कांग्रेस का दावा है कि सिर्फ 10 दिनों में करीब 11 लाख वोटरों के नाम काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर्स को बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 उपलब्ध कराए गए हैं। आरोप है कि इन फॉर्मों का इस्तेमाल विशेष रूप से एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि यह न सिर्फ चुनाव आयोग की प्रक्रिया का उल्लंघन है, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा हमला है।



शिकायत पत्र देते कांग्रेस पदाधिकारी।

### कांग्रेस ने कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जिन फॉर्म-7 के जरिए वोटर के नाम हटाने की प्रक्रिया चल रही है, वे प्री-प्रिंटेड (पहले से भरे हुए) हैं। इन फॉर्मों में विधानसभा क्रमांक, विधानसभा का नाम, जिस मतदाता का नाम हटाना है, उसका नाम और विवरण पहले से दर्ज है। चौंकाने वाली बात यह है कि आवेदन देने वाले व्यक्ति का नाम नहीं है, किसी भी आवेदक के हस्ताक्षर नहीं हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पूरे मामले को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव हारने के डर से अब मैदान में नहीं, बल्कि वोटर लिस्ट में खेल कर रही है। निर्वाचन आयोग पहुंचकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में विधायक आरिफ मसूद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, जेपी धनोपिया आदि शामिल रहे।

### वन विकास निगम करेगा पौधरोपण

## राजधानी के अयोध्या बायपास पर रौपे जाएंगे 81 हजार से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक संक्रमण के दौर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बड़े पैमाने पर पौधरोपण और उनके रख-रखाव का काम मप्र वन विकास निगम को सौंपा है। इसका उद्देश्य सड़क के किनारे हरियाली बढ़ाना, प्रदूषण कम करना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। इस कार्य के लिए निगम को अनुमानित 7-8 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा, जो निगम के लिए संजीवनी का काम करेगी।

वन विकास निगम के प्रबंध संचालक एचयू खान ने बताया कि एनएचएआई ने सड़क किनारे, मीडियन (सड़क के बीच की जगह) और खाली पड़ी भोपाल में अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण के दौरान काटे जाने वाले पेड़ों की क्षतिपूर्ति के लिए सड़क किनारे पौधरोपण का काम मध्य प्रदेश वन विकास निगम को सौंपा है। एनएचएआई की भूमि पर अयोध्या बायपास के दोनों ओर पौधे रोपे जाएंगे।



### 15 साल तक देखरेख का जिम्मा एनएचएआई को

योजना के अनुसार अयोध्या बायपास के दोनों ओर 10,000 और आसपास कुल 81,000 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, जिनकी पंद्रह सालों तक देखरेख का जिम्मा एनएचएआई उठाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 347 के मुलताई, छिंदवाड़ा खंड एवं राजमार्ग क्रमांक 547 के सावनेर छिंदवाड़ा एवं छिंदवाड़ा रिंग रोड एवं छिंदवाड़ा - नरसिंहपुर खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 के सिवनी के आसपास तथा बालाघाट-गोंदिया, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 के अंतर्गत आने वाले टोल प्लाजा एवं रोटरी पर पौधरोपण कार्य किया जाएगा। यानी एनएचएआई की ओर से कुल 12 किमी से अधिक मार्ग पर पौधरोपण और उसकी देख-रेख किया जाएगा।

## राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड गठित भाजपा, कांग्रेस के नेता बने सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड का गठन किया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता वाले इस बोर्ड में विधायक प्रियंका मीणा, मंजू राजेन्द्र दादू और गौरव सिंह पारधी को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिये बोर्ड में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त विशेषज्ञों एवं प्रतिनिधियों को नियुक्त किया गया है, जिनमें रविन्द्र कोपरगांबकर, राजेश शुक्ला, विश्वजीत सरमंडल, प्रीति तांबे, जगदीश अरोड़ा, आशीष कट्टी, मिताली बनर्जी, गीता ढ़ीगरा, दीपक गोयल, डॉ. आकाश सेठ, पूजा गर्ग, डॉ. सचिन श्रीवास्वत, डॉ. मनीष कुमार, मिनी अग्रवाल, मुकुल गुप्ता, प्रीति सोनी, सुषमा पटेल, दुर्गा येवले, दीपक शर्मा, निरंजन गुजर, अशोक परियानी, अमित जैन और प्रवीण कक्कड़ शामिल हैं।

## 1.22 लाख एलडीटी-यूडीटी को चौथा वेतनमान, 1974-75 के 3000 व्याख्याता अभी इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लाखों शिक्षकों को चौथा समयमान वेतनमान देने करोड़ों रुपया व्यय करने में सरकार पर कोई वित्तीय संकट नहीं है तो 9 वर्ष से चंद 1974-75 के व्याख्याताओं को द्वितीय समयमान वेतनमान में पे-फिक्सेशन से कम वेतन मिलने के ग्रेड-पे बदलने एवं 30 वर्ष व्याख्याता पद सेवा पूर्ण होने पर तीसरा समयमान वेतनमान देने पर वित्तीय संकट क्यों है?

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय संयोजक एमके सक्सेना का कहना है कि 13 जनवरी को हुई कैबिनेट बैठक में 1.22 लाख प्राइमरी, मिडिल स्कूल के एलडीटी, यूडीटी को 35 वर्ष या इससे अधिक की सेवा पर चौथे समयमान वेतनमान का लाभ वर्ष 2023 से दिया गया है, जिसमें उन्हें ढाई से तीन हजार रुपए प्रति माह के लाभ के साथ, वर्ष 2023 से एरिअर्स का लाभ भी मिलेगा तो फिर चंद 1974-75 के व्याख्याताओं की गड़बड़ी दूर करने के आदेश जारी करने में क्या परेशानी है। उन्हें पे-फिक्सेशन से कम वेतन मिलने एवं लाभ के लिए ग्रेड-पे 6600 क्यों नहीं दिया जा रहा एवं 30 वर्ष व्याख्याता पद सेवा पूर्ण के तीसरे समयमान वेतनमान का लाभ क्यों नहीं दिया गया, जबकि मप्र मंत्रालय के तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों अनुराग जैन, डॉ. राजेश राजोरा, डॉ. संजय गोयल की इसके लिए सहमति है, लेकिन उच्च स्तर के कारण प्रकरण कैबिनेट से पास होकर दो आदेश जारी नहीं हुए, जिसे लेकर प्रदेश के 1974-75 के 3000 व्याख्याताओं में भारी आक्रोश है।

## बैंक कर्मचारियों-अधिकारियों ने किया प्रदर्शन पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूएफबीयू के बैनर तले गुरुवार को बैंक कर्मचारियों-अधिकारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस (मप्र) भोपाल के कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने बताया कि राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के आह्वान पर इसी तारतम्य में फोरम की स्थानीय इकाई द्वारा एमपी नगर जोन 1 स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने सैकड़ों बैंककर्मी एकत्रित हुए। उन्होंने अपनी मांग के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन की और आयोजित सभा को संबोधित किया।

सभा को बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों वीके शर्मा, सुबिन सिन्हा, प्रवीण मेघानी, नजीर कुरैशी, दिनेश झा, विशाल जैन, संजय कुदेशिया, वीएस नेगी, सुनील सिंह आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि 27 जनवरी 2026 को अखिल भारतीय बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस हड़ताल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक,निजी क्षेत्र के बैंक,विदेशी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंकों के 8 लाख बैंक कर्मचारी और अधिकारी भाग लेंगे। आंदोलित बैंक कर्मियों की मांग है कि- बैंकिंग उद्योग में 5-दिवसीय कार्य-सप्ताह लागू करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाए तथा शेष सभी शनिवारों (वर्तमान में केवल दूसरा और चौथा शनिवार अवकाश है) को अवकाश घोषित किया जाए।




विरोध प्रदर्शन करते बैक कर्मचारी-अधिकारी।

### लोकभवन की ऐतिहासिकता और प्रदर्शनी का कर सकेंगे अवलोकन

## गणतंत्र दिवस पर 25 जनवरी से आमजनों के लिए खुलेगा लोकभवन, लघु फिल्में दिखाएंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 25 जनवरी से लोकभवन आमजनों के लिए खोला जा रहा है। नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित समयावधि में लोकभवन का भ्रमण कर सकेंगे।

- सांस्कृतिक दल विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे

राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि लोकभवन 25 जनवरी एवं 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन, लोकभवन भ्रमण का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लोकभवन भ्रमण के लिए आने वाले नागरिक कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर में वाहन पार्किंग कर सकेंगे। लोकभवन में प्रवेश गेट क्रमांक-1 से होगा और निकास गेट क्रमांक- 4 से होगा। भ्रमण के समस्त रूट में आमजन लोकभवन की ऐतिहासिकता, सजावट और प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 'वीबी-जी रामजी योजना तथा वंदे भारत थीम' पर आधारित विशेष आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीनों दिन केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सांस्कृतिक दलों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसी प्रकार जनसंपर्क विभाग द्वारा 'राजभवन से लोकभवन' विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोकभवन की ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक और प्रशासनिक यात्रा को रोचक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## मानसिक स्वास्थ्य पहल से विद्यार्थियों के समग्र विकास को मिलेगा नया आयाम

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राजधानी स्थित प्रशासन अकादमी में सहायक कुलसचिव एवं प्रभारी प्राचार्यों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार को तीसरे दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलसचिव व प्रभारी प्रचार्य को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. ऊषा नायर ने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में विभिन्न स्तरों पर सकारात्मक पहल की जा रही हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक कल्याण को सुनिश्चित करना है। डॉ. नायर ने कहा कि इन पहलों के माध्यम से विद्यार्थियों के भावनात्मक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार होगा।

### सीएस जैन-डीजीपी मकवाणा ने किया नए क्रिमिनल कानूनों पर मंथन

# प्रदेश में कानून की स्थिति का असर और जागरुकता पर विमर्श तकनीकी संसाधनों के उपयोग, विभागों में समन्वय पर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

न्यू क्रिमिनल लॉ बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के प्रभावी क्रियान्वयन और उसकी जमीनी प्रगति की समीक्षा बैठक मंत्रालय में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ली। जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाना, गृह विभाग के आला अफसर सहित आधा दर्जन विभागों के अफसर शामिल रहे। बैठक में जेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फॉरेंसिक, अभियोजन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी बुलाया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रदेश में कितनी जागरुकता आई है, इसकी समीक्षा करना रहा। इसके साथ ही कानून के तहत लागू की गई नई प्रक्रियाओं की वास्तविक स्थिति पर भी इसमें चर्चा की गई।



### जहां सुधार की जरूरत, वहां पर फोकस

बताया जाता है कि बैठक में विशेष रूप से ऑनलाइन एमएलसी रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट की समयबद्ध उपलब्धता, जांच प्रक्रिया में तकनीकी संसाधनों के उपयोग और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की स्थिति पर चर्चा हुई है। नए कानूनों के तहत पुलिस, अभियोजन, जेल और स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर कितना पालन किया जा रहा है और कहां-कहां पर सुधार की अभी जरुरत है, इस पर फोकस किया जा रहा है। बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय के अफसर पिछले दो दिनों से तैयारी कर रहे हैं। डीजीपी ने इस संबंध में दो दिन पहले अपने चैंबर में सीआईडी और एससीआरबी के अफसरों के साथ बैठक की थी। वहीं बुधवार की शाम को सीआईडी शाखा में इस संबंध में बैठक हुई। बैठक में पुलिस अफसर नए लॉ को लेकर डेटा और अपडेट के साथ पहुंचे । इस संबंध में पुलिस ने इससे जुड़ी सभी शाखाओं से रिकॉर्ड तलब कर पूरी रिपोर्ट तैयार की है।

## जेपी अस्पताल में शुरू हुई निःशुल्क डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच

# एआई फंडस कैमरा से होगी डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच के लिए जेपी अस्पताल में जांच केंद्र की शुरूआत की गई है।

यहां पर एआई फंडस कैमरा द्वारा निःशुल्क फंडस स्क्रीनिंग की जाएगी। डायबिटिक रेटिनोपैथी पाए जाने पर मरीज का उपचार हमीदिया अस्पताल में करवाया जाएगा। इस केंद्र का संचालन अमृता दृष्टि नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से किया गया है। केंद्र के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन सहित आरंभ संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस केंद्र को अस्पताल में चल रहे असंचारी रोग क्लीनिक से लिंक किया गया है।

1 डायबिटीज के रोगी नेत्र चिकित्सक की सलाह से करवा सकते हैं इसकी जांच

2 केंद्र को अस्पताल में चल रहे असंचारी रोग क्लीनिक से किया गया है लिंक



रेटिनोपैथी का शुभारंभ का दृश्य।

### दवा अथवा लेजर से आता है दो से ढाई हजार का खर्च

40 साल से अधिक उम्र के लोगों की डायबिटीज और उच्च रक्तचाप की जांच के बाद डायबीटिक रेटिनोपैथी का परीक्षण नेत्र रोग विशेषज्ञ की सलाह पर किया जाएगा। निजी क्षेत्र में इस जांच पर दो से ढाई हजार रुपए का खर्चा आता है। जेपी अस्पताल में यह जांच निःशुल्क होगी। डायबिटिक रेटिनोपैथी डायबिटीज के कारण आंख के परदे पर होने वाली बीमारी है। इसमें आंख के परदे पर हल्के खून के छींटे देखने को मिलते हैं।

डॉ. प्रभाकर तिवारी, संयुक्त संचालक, एनएचएम

### दवा और लेजर से होगा उपचार

अक्षर कटे या तिरछे दिखना, बारीक अक्षर पढ़ने में परेशानी होना, रोशनी की कमी महसूस होना या धुंधला दिखाई देना काले धब्बे या काली रेखाएं दिखना इसके लक्षण हैं। डायबिटीज के रोगियों को नेत्र चिकित्सक की सलाह से इसकी जांच अवश्य करवानी चाहिए। इसका उपचार दवा अथवा लेजर द्वारा किया जा सकता है।

डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ

## ईश्वर्या फर्टिलिटी सेंटर और सोनोग्राफी केंद्र को किया सील

स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी के एक आईवीएफ सेंटर और एक सोनोग्राफी सेंटर को सील किया गया है। इन केंद्रों में नर्सिंग होम एक्ट, पीसीपीएनडीटी एक्ट और एआरटी एक्ट के तहत गंभीर अनियमितताएं मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। आईवीएफ सेंटर को सील करने का प्रदेश का संभवतः यह पहला मामला है। अयोध्या बायपास रोड स्थित मार्वल हॉस्पिटल की बिल्डिंग के प्रथम तल में ईश्वर्या फर्टिलिटी सेंटर अनधिकृत रूप से संचालित किया जा रहा था। संचालक द्वारा इस केंद्र का पंजीयन नर्सिंग होम एक्ट के तहत नहीं करवाया गया था। साथ ही आईवीएफ के लिए अनिवार्य पीसीपीएनडीटी एक्ट एवं एआरटी एक्ट के तहत भी कोई अनुमति नहीं ली गई थी।



### रजिस्टर में थी गड़बड़ी

निरीक्षण दल को मार्वल हॉस्पिटल में संचालित सोनोग्राफी सेंटर में भी अनियमितताएं मिली हैं। यहां पर फॉर्म एफ का विधिवत संधारण नहीं किया जा रहा था। साथ ही एएनसी रजिस्टर भी में भी प्रविष्ठियां ठीक ढंग से नहीं की गई थी। अनियमितताओं को देखते हुए तत्काल प्रभाव से मशीन को सील कर दस्तावेज जप्त किए गए हैं।

### दर्ज की जाएगी एफआईआर

निरीक्षण दल को इन दोनों केंद्रों में गंभीर अनियमितताएं मिली हैं। दस्तावेजों का परीक्षण कर जल्द ही इन केंद्रों एवं संचालकों के खिलाफ एफआईआरदर्ज करवाई जाएगी।

डॉ मनीष शर्मा, सीएमएचओ

## खबर संक्षेप

### भोपाल से सिंगरौली और रीवा की ट्रेनों में बढ़े एक एक जनरल कोच

**भोपाल।** यात्रियों की सुविधा और बढ़ती भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने भोपाल से सिंगरौली और रीवा जाने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेनों में एक-एक सामान्य श्रेणी कोच स्थायी रूप से बढ़ाने का फैसला किया है। संशोधित कोच संयोजन तय तिथियों से लागू होगा। भोपाल रेल मंडल प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि गाड़ी संख्या 22165/22166 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस में संशोधित कोच संयोजन 24 मार्च और 27 मार्च से प्रभावी रहेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 22145/22146 भोपाल-रीवा एक्सप्रेस में यह व्यवस्था 27 मार्च और 28 मार्च से लागू होगी। जिससे सामान्य श्रेणी के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार कोच बढ़ने से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और यात्रा के दौरान भीड़ का संतुलित प्रबंधन हो सकेगा।

### आज से चार दिन तक दिल्ली की ट्रेनों में पार्सल बुकिंग सुविधा पर रोक

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर दिल्ली क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। इसी के तहत रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के लिए पार्सल बुकिंग पर चार दिनों की अस्थाई रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध 23 जनवरी से 26 जनवरी तक प्रभावी रहेगा और भोपाल मंडल सहित देश के सभी संबंधित रेल मंडलों पर समान रूप से लागू होगा। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि इस अवधि में नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला और आदर्श नगर दिल्ली स्टेशनों के लिए किसी भी प्रकार के पार्सल की बुकिंग, लोडिंग और अनलोडिंग नहीं की जाएगी। निर्धारित चार दिनों तक दिल्ली क्षेत्र से जुड़े पार्सल गोदामों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। इसके साथ ही रेलवे पार्सल पैकेजिंग से संबंधित सभी गतिविधियों पर भी रोक रहेगी। लीज पर दिए गए एसएलआर, एजीसी और वीपीएस के जरिए होने वाला इनवर्ड और आउटवर्ड पार्सल ट्रैफिक भी निलंबित रहेगा। इस दौरान यात्री कोचों में केवल व्यक्तिगत उपयोग का सामान ही ले जाया जा सकेगा। व्यवसायिक या अन्य किसी प्रकार का सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## पेंडिंग केसों को लेकर कभी बाबू, कभी अफसरों की लेटलतीफी

# तहसील कोर्ट के हैं ये हाल, ढाई हजार प्रकरण फ्रीज, पेशी भी नहीं लगाई...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएस की वीडियो कांफ्रेंस में नसीहत के बाद भी भोपाल के हालात नहीं सुधरे

अफसरों का तर्क-आवेदक और अनावेदक दोनों गायब

आम लोगों को तहसील दफ्तरों में चक्कर नहीं काटने पड़ें, इसके लिए सरकार ने तहसील के बाहर का काम संभालने गैर न्यायालयीन अफसरों को तैनात किया गया है, लेकिन तहसील दफ्तरों के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक दिन पहले ही मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राजस्व प्रकरणों को लेकर कलेक्टर्स को फटकार लगाते हुए सुधार की नसीहत दी है। जिले के 32 राजस्व न्यायालयों में पेशी से गिरने से वाले प्रकरणों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह वह प्रकरण हैं, जिनमें लंबे समय से पेशियां तक नहीं लगाई गई हैं। इसमें कलेक्टर कोर्ट के साथ हुजूर तहसील के अपर तहसीलदार वृत्त-2 में 650 से अधिक प्रकरण पेशी से गिरे हुए हैं।

इन केसों में किसी भी तरह की एक्टिविटी नहीं की जा रही है। वृत्त-2 में पदस्थ नायब तहसीलदार अतुल शर्मा का कहना है कि कई प्रकरणों में रिपोर्ट मांगी जाती है, जिसकी वजह से इन केसों में एक्टिविटी नहीं हो पाती है। धारणाधिकार के प्रकरणों में भी ऐसा हो जाता है।

### पहले रीडर, फिर पटवारी अटका रहे फाइलें





तहसील हुजूर के न्यायालय वृत्त-2 का एक दृश्य।

पिछले दिनों हुजूर में पदस्थ नायब तहसीलदार अतुल शर्मा के रीडर देवेंद्र मेवाड़ा पर नामांतरण की 53 फाइलें गुमाने का आरोप लगाया है। जिसके दूसरे दिन एक दर्जन से अधिक फाइलें मिलने की बात कही गई थी। इस मामले की जांच एसडीएम विनोद सोनकिया को सौंपी गई है, हालांकि रीडर ने लिखित में अब तक अपना जवाब पेश नहीं किया है। एसडीएम का कहना है कि नायब तहसीलदार से भी जवाब मांगा जा रहा है। बताया जा रहा है कि तहसील दफ्तरों में राजस्व से जुड़े मामलों की फाइलें लोकसेवा केंद्र से आने के बाद पहले रीडर फाइल को दबाकर रखते हैं। उसके बाद पटवारी के यहां फाइलें रिपोर्ट लगाने के लिए पड़ी रहती हैं।

**नामांतरण, सीमांकन, बंटवारे के केस पेंडिंग**

जिले के तहसील दफ्तरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और आम लोगों से जुड़े ऐसे कई मामलों के इन मामलों की फाइलें तहसील दफ्तरों में धूल खा रही हैं। रोजाना लोकसेवा केंद्रों में दर्ज हो रहे राजस्व से जुड़े प्रकरणों की तादाद भी बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि सभी तहसीलों में नामांतरण की पेंडेंसी बढ़कर 11 हजार के पार हो गई है। वहीं इनमें से 11 हजार प्रकरण तो ऐसे हैं जो तीन माह से लंबित हैं। पिछले दिनों भी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अफसरों को हिदायत दी थी कि जितने भी अविवादित प्रकरण हैं, उन्हें समय सीमा में निपटाया जाए।

## एसबीएम के इंजीनियर सौरव की एसआईटी के सामने पेशी

# स्लॉटर हाउस सुनवाई में तीन अफसरों के बाद इंजीनियर हुए पेश, दर्ज कराए बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिंसी स्थित स्लॉटर हाउस से निकले ट्रक में गौमांस मिलने के बाद पुलिस की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने जांच शुरु कर दी है। गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन के इंजीनियर सौरव सूद को तलब किया गया, जहां उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए। इसके पहले भी स्लॉटर हाउस से जुड़े तीन अफसरों के बयान दर्ज किए गए थे। इधर, निगम प्रशासन ने भी थर्ड पार्टी जांच के लिए शासन को प्रस्ताव भेजते हुए टेंडर प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी साझा की है।

स्लाटर हाउस से जुड़ा एक मामला पहले से जबलपुर हाईकोर्ट में लंबित है, जिसकी अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी। इधर हिंदूवादी संगठन, कांग्रेस पार्षद दल एमआईसी सदस्य आरके बघेल के खिलाफ एफआईआर की मांग कर रहे हैं। मामला बढ़ने के साथ अगली परिषद की बैठक के लिए निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने स्लाटर हाउस को लेकर अलग-अलग प्रश्न लगाए हैं।

### 250 लाइसेंस, दो हजार दुकानों से मांस बिक्री

निगम के रिकार्ड में चिकन-मटन दुकानों के 250 लायसेंस जारी हुए हैं। लेकिन इसके मुकाबले शहर के अलग-अलग इलाकों में हजारों की संख्या में चिकन-मटन की दुकानें हैं। लंबे समय से निगम से सस्पेंड हुए तत्कालीन वेटनरी डाक्टर बीपी गौर ने लायसेंस की फाईलें आगे नहीं बढ़ाई थीं।

## 26 टन गोमांस की खेप पहुंचाने वाले असलम चमड़ा, चालक शोएब तीन दिन की रिमांड पर



असलम चमड़ा का फाइल फोटो

गोमांस की खेप पहुंचाने वाले स्लाटर हाउस के संचालक असलम चमड़ा और उसके ड्राइवर को जहांगीराबाद पुलिस ने तीन दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान पीएचक्यू तिराहा पर कंटेनर में मिले 26 टन गोमांस के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान आरोपियों से गोमांश से जुड़े बड़े नेटवर्क का खुलासा किया जा सकता है। हालांकि गुरुवार रात तक आरोपियों से क्या पूछताछ की गई यह जांच का हवाला देते हुए पुलिस ने शेयर नहीं की है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि भोपाल से विदेश तक पहुंचने वाले इस मांस को कैसे भेजा जाता था। क्या केवल डॉक्टर की सर्टिफाई रिपोर्ट ही रहती थी कि इसके अलावा रास्ते में कहीं लेनदेन भी किया जाता था।

## टीएल बैठक में कम वसूली पर जेडओ को फटकार

# प्रतिनियुक्ति पर आए वार्ड 39 के उपयंत्री को वापस भेजेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में अफसर न तो दफ्तर में बैठ रहे हैं और न ही फील्ड पर नजर आ रहे हैं। अब प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए सभी अफसर कल से दफ्तर में एक घंटा जरूर बैठेंगे। बैठक के दौरान वार्ड 39 के एक उपयंत्री द्वारा सहायक यंत्री बनाए जाने की मांग पर भी आयुक्त नाराज हुईं। उपयंत्री के प्रतिनियुक्ति पर होने की जानकारी मिलते ही उन्होंने संबंधित अधिकारी को मूल विभाग वापस भेजने के निर्देश दिए। गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने चार घंटे तक अफसरों के साथ बैठक रखी।



टाइम लिमिट बैठक में अफसरों से बात करतीं निगम आयुक्त।

### वसूली बढ़ाने अधिकारी रोज किसी एक वार्ड में एक घंटा अनिवार्य रूप से बैठेंगे

उन्होंने कहा कि हमारी तो फितरत में ही कामचोरी है, इसलिए बैठे-बैठे सफाई दे देते हैं, लेकिन अब यह नहीं चलेगा। कम वसूली को लेकर आरओ मोहित नागर और प्रभारी आरओ मुजाहिद सिद्दीकी को फटकार लगाई। सवालों के जवाब देने के बजाए सलाह देने पर आयुक्त और भड़क गईं। आयुक्त ने कहा कि प्रापर्टी टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए आयुक्त ने निर्देश दिए कि अब सभी अधिकारी रोजाना किसी एक वार्ड में कम से कम एक घंटा अनिवार्य रूप से बैठेंगे। उन्होंने सबसे पहले राजस्व विभाग की सहायक आयुक्त कीर्ति चौहान को ही शुरूआत करने को कहा।

## पांच साल की मासूम से दुष्कर्म, हत्या करने वाले का मृत्युदंड बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने पांच साल की मासूम से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने वाले आरोपी अतुल निहाले की फांसी की सजा पर मुहर लगा दी। दरअसल, भोपाल की पॉक्सो अदालत ने 10 मार्च 2025 को आरोपी को तीन बार फांसी की सजा सुनाई थी। सजा की पुष्टि के लिए प्रकरण हाईकोर्ट भेजा गया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रामकुमार चौबे की खंडपीठ ने कहा कि आरोपी का कृत्य निर्मम मानसिकता का बर्बरता से भरा है, इसलिए माफी नहीं दी जा सकती। जांच में पता चला कि आरोपी ने शाहजहांबाद इलाके में बच्ची का अपहरण किया। उससे दुष्कृत्य कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने बच्ची का शव बिल्डिंग के एक बंद फ्लैट की पानी की टंकी में छिपा दिया था। यह घटना 24 सितंबर 2024 की है। पांच साल की बच्ची दोपहर 12 बजे अचानक गायब हो गई। तलाशी के बाद परिजनों ने शाहजहांबाद पुलिस थाने में शिकायत की। तीसरे दिन बिल्डिंग में रहने वालों ने बदबू आने पर जांच करवाई। पुलिस ने आरोपी के फ्लैट में पानी की टंकी से बच्ची का शव बरामद किया।







## घर पर कचरा लेने आएंगे, बदले में मिलेंगे स्वादिष्ट व्यंजन

# अब कचरा कैफे की पिक-अप वैन पहुंचेगी आपके घर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल के मौके पर कचरा कैफे ने न सिर्फ़ अपनी सोच को और विस्तार दिया है, बल्कि अपने मेन्यू को भी पहले से कहीं ज़्यादा रंगीन और स्वादिष्ट बना दिया है। अब कचरा कैफे केवल फास्ट फूड तक सीमित नहीं रहा बल्कि लोगों की मांग पर राइस बाउल्स, फुलकी चाट, वॉफल्स, मिनी पैनकेक्स, तरह-तरह के पराठे और पुरणपोली जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन भी शामिल कर लिए गए हैं।

कचरा कैफे, बिल्कुल नए अंदाज़ और नए स्वाद के साथ

कबाड़ देकर वीकेंड में दोस्तों के साथ ले सकेंगे कैफे पर पार्टी का मजा

### खाना सिर्फ़ पैसे से नहीं, बल्कि कचरा कूपन से





इस वाहन से पिक किया जाएगा आपका कचरा।

कचरा कैफे की सबसे खास बात यह है कि यहां खाना सिर्फ़ पैसे से नहीं, बल्कि कचरा कूपन से भी मिलता है। यानी घर में जमा पुराना कबाड़ लाइए और उसके बदले लुत्फ़ उठाइए पिज़्ज़ा, बर्गर, चाय, कॉफी, वड़ा पाव, डाबेली या फिर राजमा, कढ़ी, दाल और छोले के साथ स्वादिष्ट चावल का। चटपटे स्वाद के शौकीनों के लिए चाट की भी भरपूर वैरायटी मौजूद है।

### मीठे के बिना जश्न अधूरा

इसलिए डेज़र्ट सेक्शन में वॉफल्स, मिनी पैनकेक्स, आइसक्रीम और ताज़गी से भरपूर मॉकटेल्स भी आपका इंतज़ार कर रहे हैं।



कचरा कैफे की संचालक अंजिता सबलोक ने बताया कि हम जल्द ही डोर टू डोर से कचरा लाने की तैयारी कर रहे हैं, अब कचरा कैफे की पिक-अप वैन आपके घर तक आएगी, आप घर बैठे ही अपना कबाड़ दे सकते हैं और वीकेंड पर दोस्तों और परिवार के साथ कचरा कैफे में पार्टी का मज़ा ले सकते हैं।

## पेज 1 का शेष

### सड़क पर बर्फ...

400 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। घायलों को पहले उप जिला अस्पताल भद्रवाह ले जाया गया। जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें विशेष उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के कमांड अस्पताल भेजा गया है। डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने बताया कि सड़क पर बर्फ होने की वजह से यह हादसा हुआ। ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। हादसे पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोक व्यक्त किया है।

**घायल जवानों के नाम :** साहिल, जेपी सिंह, नीरज, अनूप, नागिस, अमन, शंकर, संदीप, जोबनप्रीत, राकेश और अभिमन्यु के रूप में हुई है। सभी घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

**गृह मंत्री शाह ने जताया दुख :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### सूर्योदय से सूर्यास्त...

नमाज के लिए आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की संख्या जिला प्रशासन को बता दी जाए। पीठ ने कहा कि ये संख्या जिला प्रशासन को गुरुवार को ही बता दी जाए। प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला आने वालों के लिए पास जारी कर सकता है या कोई और सही तरीका अपना सकता है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पीठ ने आदेश में कहा कि दोपहर में 1 से 3 बजे के बीच नमाज़ के लिए उसी परिसर के अंदर एक खास और अलग जगह उपलब्ध कराई जाए, जिसमें आने-जाने के लिए अलग रास्ता हो, ताकि नमाज पढ़ी जा सके। उसी तरह से हिंदू पक्ष को परिसर के भीतर ही अलग जगह मुहैया कराई जाए, ताकि वे बसंत पंचमी पर अपने पारंपरिक अनुष्ठान कर सकें। गौर हो कि हिंदू पक्ष ने 20 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें मांग की गई है कि बसंत पंचमी के पूरे दिन धार भोजशाला में अखंड सरस्वती पूजा की अनुमति दी जाए। बसंत पंचमी इस साल शुक्रवार के दिन पड़ रही है और शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग धार भोजशाला में जुमे की नमाज पढ़ते हैं। यही वजह है कि ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई की। हिंदू फॉर जस्टिस की तरफ से वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन और हरिशंकर जैन दलील पेश की। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने बाबा कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी की ओर से पक्ष रखा।

**सर्वे के नतीजों पर कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए:** पीठ ने कहा कि अपील में उठने वाला मुद्दा यह है कि क्या मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने 11 मार्च 2024 के आदेश में भारतीय पुरातत्व संस्थान (एएसआई) को ऐतिहासिक स्मारक वाली जगह पर लेटेस्ट तरीकों को अपनाकर जांच और सर्वे करने का निर्देश देकर सही किया या नहीं? एएसआई को दिए गए निर्देश जगह की असली और सही पहचान करने के लिए हैं। एएसआई के कम से कम 5 सबसे वरिष्ठ प्रोफेसरों की विशेषज्ञ समिति को रिपोर्ट देने, पूरे सर्वे वाली जगह की फोटोग्राफी के बारे में निर्देश दिए गए हैं और बंद और सील किए गए कमरों को खोलने का निर्देश दिया गया था ताकि सील किए गए कमरों में मिली कलाकृतियों वगैरह या ढांचे की भी एक्सपर्ट टीम द्वारा वैज्ञानिक जांच की जा सके। इस कोर्ट ने 1 अप्रैल 2024 को निर्देश दिया था कि सर्वे के नतीजों पर कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए और कोई भी खुदाई नहीं की जानी चाहिए जिससे जगह का स्वरूप बदल जाए। शुरुआत में यह बताया गया है कि हाई कोर्ट के निर्देशानुसार वैज्ञानिक सर्वे पूरा हो गया है और रिपोर्ट फिलहाल हाई कोर्ट के सामने एक सीलबंद लिफाफे में रखी है। याचिकाकर्ता के सीनियर वकील ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट की कॉपी पार्टियों को दी जाए और उसके बाद याचिकाकर्ता को, अगर कोई आपत्ति हो, तो उसे सबमिट करने की इजाज़त दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट में लंबित रिट याचिका पर कोर्ट के सबसे वरिष्ठ जजों में से एक की डिवीजन बेंच द्वारा, हो सके तो दो हफ्ते के अंदर सुनवाई की जाए।

### क्या है विवाद...

इस स्मारक पर दावा करते हैं। ऐसे में एएसआई द्वारा जारी आदेश के अनुसार, हिंदू पक्ष के लोगों को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा करने और मुसलमानों को हर शुक्रवार को भोजशाला परिसर में नमाज पढ़ने की अनुमति मिली हुई है।

### भोजशाला विश्वास, पहचान...

ने 1034 ईस्वी में माता वाग्देवी की स्थापना कराई थी। 19वीं शताब्दी के दौरान अंग्रेजी शासन में इसे इंग्लैंड ले जाया गया और अब यह लंदन के किसी संग्रहालय में रखी है। यह मूर्ति मध्ययुगीन मालवा की शिल्पकला की उत्कृष्ट मिसाल मानी जाती है। भोजशाला विवाद केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक आयाम वाला मामला है। वर्ष 2016 की तरह ही वर्ष 2026 में भी, जब बसंत पंचमी और शुक्रवार एक साथ पड़ रहे हैं, तो आम जनता अब यह जानना चाहती है कि क्या भारत की सनातन सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रहेगी और आस्था समान रूप से सम्मानित होगी? स्थायी समाधान केवल अदालत या प्रशासन से नहीं आएगा। सामाजिक सहमति, संवाद से स्थायी शांति तभी आएगी जब समाज, न्यायपालिका और सरकार मिलकर रास्ता निकालें। भोजशाला केवल एक इमारत नहीं, बल्कि यह संकेत है कि भारतीय समाज में धर्म, संस्कृति और इतिहास के बीच संतुलन बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि भोजशाला विवाद केवल पत्थर, भवन या मूर्ति का नहीं है, यह विश्वास, पहचान और इतिहास की व्याख्या का प्रश्न है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की...

राज्य में लॉजिस्टिक्स, इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देने की क्षमता रखती है। एमओयू में डीपी वर्ल्ड द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश और सहयोग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। यह पहल राज्य को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में अहम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर राज्य की औद्योगिक नीतियों और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण एवं बुनियादी ढांचे के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एमओयू के दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और औपचारिक रूप से समझौता दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स और व्यापार के क्षेत्र में एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### मौत की सजा...

पीड़ा के साथ मौत का कारण बनता है। याचिका में कहा गया है कि कम से कम दोषी को विकल्प दिया जाए कि वह फांसी चाहता है या इंजेक्शन। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए एक कमेटी गठित की है, जो वैकल्पिक तरीकों पर अध्ययन कर रही है। सरकार ने स्पष्ट किया कि फिलहाल फांसी को सबसे तेज और सुरक्षित तरीका माना जा रहा है, इसलिए इसे बदलने के पक्ष में नहीं है।

### केंद्र के रुख पर...

और केंद्र सरकार को तीन हफ्ते के भीतर लिखित दलीलें जमा करने का निर्देश दिया है। यह मामला मौत की सजा के तरीके को लेकर महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई देशों ने फांसी छोड़कर इंजेक्शन लगाने जैसे तरीके अपना लिए हैं। भारत में अभी आपराधिक प्रक्रिया संहिता (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के तहत फांसी ही निर्धारित तरीका है।

### 6 मजदूरों की मौतें...

पर गिरा, जिससे कई लोग झुलस गए। धमाके के बाद दूर तक धुए का गुबार दिखा। घायलों को तत्काल भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से घायलों को बिलासपुर के बर्न ट्रीटमेंट सेंटर भेजा गया है। मृतक बिहार के रहने वाले हैं। कंपनी ने मृतकों के परिजनों को 20 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजा देने की घोषणा की है। रियल स्टील प्लांट को सील कर दिया गया है। प्लांट प्रबंधन से पूछताछ की जा रही है। फैक्ट्री नितेश अग्रवाल की बताई जा रही है।

### बेटे की बाइक का चालान...

दौरान सिविल लाइन थाना पुलिस पहुंची और सभी को बाइक समेत थाने ले गई। रात करीब 11 बजे रोहित का बड़ा भाई करण थाने पहुंचा। प्रधान आरक्षक ने उसे बताया कि रोहित का ड्रंक एंड ड्राइव में चालान कट चुका है। बाइक अब कोर्ट से ही मिलेगी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक ने 500 रुपए लेकर रोहित के दोस्त अंकित की बाइक छोड़ दी थी। इसके बाद रोहित अपने बड़े भाई के साथ घर लौट आया। गुरुवार सुबह 8 बजे जब पिता रामप्रसाद स्कूल जाने के लिए तैयार हुए और बाइक की चाबी मांगी तो बड़े बेटे करण ने उन्हें रात के घटनाक्रम की जानकारी दी। जानकारी सुनते ही रामप्रसाद की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे गिरकर बेहोश हो गए।

### टी20 वर्ल्ड कप ...

उस अनुरोध को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की मांग की थी। इसके बाद बुधवार को आईसीसी और बीसीबी की बैठक हुई थी। इस दौरान बांग्लादेश को भारत जाना चाहिए या नहीं इसको लेकर वोटिंग भी की थी। सिर्फ 2 देशों ने बांग्लादेश के पक्ष में वोटिंग की थी। पाकिस्तान भी बांग्लादेश के पक्ष में था। इसके बाद बांग्लादेश बोर्ड ने सरकार से चर्चा के लिए 1 दिन का समय मांगा था। अब सरकार ने अपना रुख साफ कर दिया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया कि वह टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए उत्सुक है, लेकिन भारत में नहीं। बांग्लादेश बोर्ड ने यह भी कहा कि वह इस लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध का समाधान खोजने के लिए आईसीसी के साथ संपर्क में रहेंगे।

### विहिप कार्यकर्ता...

तराना थाने का घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थिति के और बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात कर दिया। मामले में एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि तराना के सोहेल ठाकुर के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी। इसके बाद 6 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया गया है फिलहाल, क्षेत्र में शांति है। उज्जैन, माकड़ौन सहित अन्य जगह से पुलिस फोर्स बुलाया गया है।

### बांधवगढ़ रिजर्व में ...

लगना, स्नेयर ट्रैप में फंसना, बिना मुंडेर के खुले कुओं में गिरना, बाड़े से लापता होना और बाद में शव मिलना जैसी घटनाएं शामिल हैं। विभाग ने इन परिस्थितियों को बेहद गंभीर बताया है और प्रारंभिक तौर पर अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही से भी इंकार नहीं किया है। प्रदेश के पीसीसीएफ वीएन अंबाड़े का कहना है कि बांधवगढ़ में पिछले दो महीनों में हुई बाघ व अन्य वन्य प्राणियों की मृत्यु के मामले में जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। 4 सदस्यीय एसआईटी में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के प्रमुख, मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल, वन मंडल अधिकारी अनूपपुर और एडवोकेट मंजुला श्रीवास्तव को शामिल किया गया है।

## 2015 में रामलला को टेंट में देख 12 युवकों ने लिया था संकल्प

# 1341 गांव की रज...103 नदियों का जल व 1121 किमी पैदल चल अयोध्या पहुंचे युवक

**लगभग 300 साथियों के सहयोग से इस कार्य को पूर्ण किया**



मध्य में चंपत राय

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैतूल जिले के खेड़ी सावलीगढ़ गांव निवासी धनंजय सिंह व गोरेगांव निवासी केसो मोरले गुरुवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। करीब एक दशक पूर्व युवकों का दल रामायण मंडल के नाम से साप्ताहिक मानस पाठ करता था। यह दल 2015 में जन्मभूमि पर मानस पारायण के लिए अयोध्या आया और वेद मंदिर में पाठ किया था। इस दौरान प्रभु रामलला को टेंट में देख पारायण में आए लगभग 12 युवकों के मन में खिन्नता हुई। मंदिर बन जाने के बाद ही दोबारा दर्शन करने का संकल्प लिया।5 अगस्त 2020 को हुए भूमि पूजन व 22 जनवरी 2024 को हुई प्राण प्रतिष्ठा के बाद कुछ करने की अंतःप्रेरणा हुई।

लगभग 300 साथियों के सहयोग से सूर्य पुत्री ताप्ती, चंद्रपुत्री पुरना, बेल, बेतवा, देवना, तवा, काजल, मोरण, बेलगंगा, सूखी नदी, सापना सहित इलाके को जीवन देने वाली 103 बड़ी छोटी नदियों, सहायक नदियों का जल व जनपद के 1490 गांवों में से 1341 गांवों की पवित्र मिट्टी एकत्र की गई। इसमें लगभग 50 दिन का समय लगा। 27 दिसंबर को बैतूल के गंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भगवा ध्वज के पूजन आरती के साथ शुरू हुई पदयात्रा में प्रतिदिन औसतन 50 किमी की दूरी तय की गई। रास्ते को विभिन्न 30 पड़ावों पर विश्राम लेते हुए पदयात्री 20 जनवरी को अयोध्या के ब्रह्मदेव स्थान पहुंचे। 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय का समय मिलने पर कारसेवकपुरम पहुंचे। जल और मिट्टी उन्हें समर्पित की। साथ ही 21 जनवरी को श्रीरामलला के दर्शन के दौरान परिसर की माटी ली। सायंकाल सरयू को प्रणाम करके सरयू रज क्षेत्रीय सहयोगियों को वितरित करने के लिए एकत्र किया। पूरे कार्यक्रम में संघ के मध्य क्षेत्र प्रचारक स्वनिल कुलकर्णी, प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता व जिला प्रचारक अंबाराम ने सहयोग दिया।

### पटना-हावड़ा मेन लाइन पर ट्रेन से टकराया ट्रक



**देवघर।** झारखंड में हावड़ा-पटना मेन रेल मार्ग पर पूर्व रेलवे के आसनसोल रेलखंड पर गुरुवार सुबह को एक बड़ा रेल हादसा होते-होते रह गया। जसीडीह और मधुपुर रेल खंड पर कुमड़ाबाद रोहिणी और शंकरपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेल गुमटी संख्या 27 पर 13510 डाउन गोंडा-आसनसोल एक्सप्रेस रेलवे फाटक पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। हालांकि चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल रहा। जाम होने के कारण नावाडीह गुमटी का बंद नहीं हो सका और ट्रैक पर ट्रक आ गई। जिससे हादसा हो गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्र. RS/444/0760/1161/2026

**इश्तहार**

आवेदक सिद्धार्थ कपूर इन्फ्रास्ट्रचर प्रा.लि द्वारा सिद्धार्थ कपूर आ. सुनील कपूर निवासी कार्या.पता 202 गंगा जमना काम्प्लेक्स एम.पी. नगर ज़ोन 01 भोपाल द्वारा ग्राम रसुलिया जागिर स्थित खसरा नंबर 86/1/5 क्षेत्रफल 0.4100 हैक्टेयर का विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है । अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 30/01/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अति.तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

**आवश्यकता**

सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291

BSP- 1/02/2026

हरिभूमि भोपाल बाजार

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर

साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409

5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 8515825081 9083218330

R- 22/01/25 to12/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 8515825081 9083218330

R- 04/12/25 to 23/01/26

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm

अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm

1 अप्रैल 2025 से लागू

बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

Ratnawala SAMAY SE PAHLE KISMAT SE JYADA

रत्नवाला

141- Malviya Nagar, City Trade Center
Bhopal. 89 89 678-678

## शब्द पहेली - 6117



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6116 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | म्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | ग्र | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकू नवताल - 6127

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या:** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर:** आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

खबर संक्षेप

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने उद्योग में बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** गर्मियों के पीक सीजन से पहले एजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह 2026 के नए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी स्टार रेटिंग मानकों के पूरी तरह अनुरूप एयर कंडीशनरों की व्यापक रेंज पेश करने वाली शुरुआती कंपनियों में शामिल है। कंपनी के को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, संजय चितकारा कहाकि एलजीआईएल सुनिश्चित करती है कि भारतीय उपभोक्ताओं को आज ही सबसे उन्नत और ऊर्जा-कुशल कूलिंग तकनीक उपलब्ध हो सके।

## कनिष्क एल्युमिनियम का आईपीओ 28 को खुलेगा

**मुंबई ।** एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न प्रोफाइल्स तथा प्रीमियम एल्यूमिनियम डोर एवं विंडो सिस्टम्स की विशेषज्ञ निर्माता कनिष्क एल्युमिनियम इंडिया लिमिटेड अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) 28 जनवरी 2026 को खोलने जा रही है। कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से 29.20 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इस इश्यू का आकार 10 अंकित मूल्य वाले 40 लाख इक्विटी शेयरों का है, जबकि आईपीओ मूल्य 73 प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह इश्यू शुक्रवार 30 जनवरी को बंद होगा।

## एक्सिस बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड लांच

**मुंबई ।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक नया फंड ऑफर एक्सिस बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड लांच किया है। यह एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है, जो बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स के घटकों में निवेश करता है। इस फंड का एनएफओ 23 जनवरी 2026 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 6 फरवरी 2026 को बंद होगा। फंड प्रबंधन कार्तिक कुमार (फंड मैनेजर) करेंगे। न्यूनतम निवेश राशि 100 रुपए है। यह फंड निवेशकों को लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण का अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।

## एचडीएफसी बैंक 20 करोड़ देगा स्टार्टअप्स को

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम 'परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स प्रोग्राम' के वित्तीय वर्ष 2026 एडिशन को लांच किया। यह प्रोग्राम सोशल इम्पैक्ट-आधारित इनोवेशन को सपोर्ट करता है और पिछले सालों की सीख के आधार पर क्लाइमेट इनोवेशन, एग्रीकल्चर और सस्टेनेबल आजीविका, मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई इनोवेशन, फाइनेंशियल इन्क्लूजन, और जेंडर डाइवर्सिटी और इन्क्लूजन सहित प्रायोरिटी वाले सेक्टर्स में 10 स्ट्रेटेजिक पहलों को सपोर्ट करेगा।

## 686 करोड़ का गेम लाइनअप और शेड्यूल घोषित

**नई दिल्ली।** ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप फाउंडेशन ने ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 के लिए 686 करोड़ रुपए से ज्यादा के कुल प्राइज पूल के साथ पूरा गेम लाइनअप और शेड्यूल घोषित किया। दुनिया का सबसे बडा ईस्पोर्ट्स इवेंट 6 जुलाई से 23 अगस्त 2026 तक सऊदी अरब की राजधानी रियाध में आयोजित होगा। इस दौरान 100 से अधिक देशों के 2,000 से ज्यादा खिलाड़ी और 200 क्लब्स, 24 अलग अलग गेम्स में 25 टूर्नामेंट्स के जरिए सात हफ्तों तक मुकाबला करेंगे।

## फ्रैंकलिन ने देशव्यापी अभियान शुरू किया

**मुंबई।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने चेंज द सोच- कन्याकुमारी से कश्मीर ड्राइव की शुरुआत की। यह अपनी तरह का पहला देशव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य खास तौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। फ्रैंकलिन टेम्पलटन के भारत में 30 साल पूरे होने पर आयोजित यात्रा देश के सबसे दक्षिणी सिरे कन्याकुमारी से शुरू होगी। फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया के प्रेसिडेंट, अविनाश सत्वालेकर ने कहा कि यात्रा 21 शहरों से होते हुए जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त होगी। इस देशव्यापी सफर के जरिए उनका मकसद हर वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से जोड़ना है।

# पतंजलि के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हो सकेंगी हार्ट, ब्रेन व स्पाइन की सर्जरी, विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान करेगा

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित विश्व के प्रथम इंटीग्रेटेड मैडिसिन सिस्टम तथा योग, आयुर्वेद व आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का वैश्विक केंद्र पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल समस्त भारत के नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। आज देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उक्त हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हास्पिटल का निरीक्षण भी किया और इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम की इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह हॉस्पिटल विश्व का प्रथम हाइब्रिड हॉस्पिटल बन गया है।

**इंटीग्रेटेड हॉलिस्टिक ट्रीटमेंट के रूप में आज एक नए युग का आरंभ हुआ पतंजलि से**

ज्ञात हो कि गृह मंत्री दो दिनों के पतंजलि प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने योग, आयुर्वेद व सनातन जीवन पद्धति को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठापित करके रोगमुक्त विश्व का निर्माण कैसे हो, इस पर पूज्य स्वामी के साथ गहन विमर्श व मंथन किया।

गृहमंत्री ने पतंजलि योगपीठ परिसर में आत्मीयतापूर्ण रात्रि विश्राम किया और चिकित्सा, शिक्षा, सनातन जीवन पद्धति, एवं ऋषियों की ज्ञान विरासत को विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज से विमर्श एवं विचार मंथन किया और पतंजलि द्वारा भविष्य में इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के बारे जानकारी ली। उनके आत्मीय आगमन से पतंजलि परिवार में गौरव, प्रेरणा और ऊर्जा का संचार हुआ और पतंजलि योगपीठ परिवार की ओर से रामदेव महाराज और श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण महाराज ने अनेक संतों, भक्तों, शिष्यों, पतंजलि गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम के विद्यार्थियों के साथ उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

*उद्घाटन अवसर पर योगगुरु रामदेव व आचार्य बालकृष्ण के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।*


हास्पिटल परिसर


लोकार्पण

### हॉस्पिटल का लोकर्पण राष्ट्रधर्म के साथ-साथ सनातन धर्म को सर्वोपरि रखने वाला

इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष एवं योग गुरू रामदेव ने कहा कि यह सम्पूर्ण पतंजलि परिवार के लिए गौरव की बात है कि आज विश्व के इतिहास के प्रथम इंटीग्रेटेड हॉस्पिटल का लोकर्पण अपने राष्ट्रधर्म के साथ-साथ सनातन धर्म को सर्वोपरि रखने वाले, योग-आयुर्वेद को सर्वोपरि देखने वाले देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। रामदेव ने कहा कि यहां हम 90 से 99 फीसदी लोगों को योग, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी, पंचकर्म, षट्कर्म, पंच महाभूत चिकित्सा, मेडिकेटिड वाटर व फूड, उपवास, उपासना से ठीक करेंगे। उन्होंने कहा कि बीमारियों के मुख्य कारण- स्ट्रेस, इंफ्लामेशन तथा शरीर का अशुद्धिकरण है। पतंजलि में शिरोधारा, अक्षी तर्पण, कर्ण पूर्ण, नस्य, अभ्यंग, शंख प्रक्षालन, कोलोन थैरेपी, 100 से ज्यादा प्रकार की बस्ती आदि से शरीर का शुद्धिकरण करते हैं।

### पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने एविडेंस-बेस्ड मेडिसिंस विकसित

पतंजलि में विज्ञान और परंपरा का संगम है। पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को जड़ मूल से नष्ट कर रही हैं। पतंजलि रिसर्च टीम व आचार्य के निर्देशन में 5000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जनरल में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि पतंजलि हॉस्पिटल में 24×7 इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेवाएं संचालित रहेंगी। हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी विभाग के अन्तर्गत कैथ लैब, कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं स्टेंट प्रत्यारोपण, पेसमेकर एवं आईसीडी इम्प्लांट, ईसीजी, इको, स्ट्रीजइको,टीएमटी की सुविधा रहेगी । इसके अलावा अस्थि रोगों के लिए ऑर्थोपेडिक विभाग में जॉइंट रिप्लेसमेंट (घुटना, कूल्हा) एवं फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, गॉल ब्लैडर, अपेंडिक्स, लिवर एवं पैंक्रियास सर्जरी, लेजर सर्जरी एवं डायबिटिक फुट ट्रीटमेंट की सुविधा रहेगी।

### विश्व के 25 बड़े मेडिकल इंस्टीट्यूशंस के साथ मिलकर वैश्विक स्तर का हम रिसर्च कर रहे: रामदेव

उन्होंने बताया कि ऋषिकेश, दिल्ली, गुवाहाटी, जम्मू कश्मीर, भोपाल आदि लगभग 10 एम्स में पतंजलि संयुक्त रिसर्च कर रहा है। इसके साथ-साथ आस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका सहित विश्व के 25 बड़े मैडिकल इंस्टीट्यूशंस के साथ मिलकर वैश्विक स्तर का हम रिसर्च कर रहे हैं। एनिमल ट्रायल, ह्यूमन ट्रायल, ड्रग डिस्कवरी का पूरा साइंटिफिक मैथड पतंजलि के पास है। इस देश के 100 करोड़ से ज्यादा लोग योग-आयुर्वेद का अनुसरण करते हैं, जिनका रियल वर्ल्ड एविडेंस हमारे पास है। इसके साथ-साथ हमारे पास 1 करोड़ 38 लाख लोगों का क्लिनिकल एविडेंस ईएमआर डेटा के रूप में है। हमने इस हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग में हृदय रोगियों के लिए एंजियोप्लास्टी, बायपास सर्जरी व पेसमेकर की व्यवस्था की है लेकिन हमारा प्रयास है कि 90 से 99 फीसदी लोगों को इनकी आवश्यकता न पड़े। यहाa हम उन्हीं की सर्जरी करेंगे, उन्हीं को पेसमेकर व स्टंट लगायेंगे जो अपने को रिकवर नहीं कर पा रहे हैं। हमारा प्रयास रहता है कि हृदयामृत, कार्डियोग्रिट, अर्जुन की छाल, दालचीनी, लोकी के जूस का प्रयोग कर इजेक्शन फ्रेक्शन को बढ़ाया जा सके, हार्ट ब्लॉकेज को प्राकृतिक तरीकों से रिवर्स किया जा सके। हमने बीपी, डायबिटीज, थायराइड आदि के लिए सिंथेटिक दवा इंसुलीन आदि की डिपेंडेंसी को घटाया है, किडनी व लिवर डिजीज को रिवर्स किया है जिसके पूरे साइंटिफिक माड्यूल्स, क्लिनिकल डाटा हमारे पास हैं। फैटी लिवर ग्रेड-1, 2, 3, 4, लिवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस व लिवर कैंसर को रिवर्स किया है। लोग कहते थे कि रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व पतंजलि एलोपैथी के विरोधी हैं, एलोपैथी से भी हमारी सिंपैथी है ।

## वीआईटी भोपाल में 2026 बैच के लिए शानदार प्लेसमेंट प्रदर्शन

# वेल्लोर इंस्टीट्यूट प्लेसमेंट सीजनः अब तक का उच्चतम पैकेज 70 लाख रुपए प्रति वर्ष पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के प्रमुख बहुविषयक संस्थान वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) भोपाल ने 2026 में स्नातक होने वाले बैच के लिए अब तक का एक उल्लेखनीय प्लेसमेंट सीजन दर्ज किया है।

सीजन के मध्य चरण तक के परिणाम विभिन्न क्षेत्रों में रिक्रूटर्स के लगातार भरोसे और स्थिर भर्ती गति को दर्शाते हैं। अब तक का उच्चतम पैकेज 70 लाख रुपए प्रति वर्ष रहा है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने जा रहे युवा स्नातकों का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है।



वीआईटी भोपाल

### प्लेसमेंट प्रदर्शन में और वृद्धि की उम्मीद

*प्लेसमेंट सीजन के दूसरे चरण के साथ, वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय को ऑफर्स की संख्या, रिक्रूटर भागीदारी और कुल प्लेसमेंट प्रदर्शन में और वृद्धि की उम्मीद है। वीआईटी भोपाल की प्लेसमेंट पहल का मूल उद्देश्य ऐसे मजबूत युवा नेतृत्व तंत्र को तैयार करना है, जो भारत को महत्वपूर्ण और उभरते क्षेत्रों में आगे ले जा सके।*

### उद्योग जगत हमारे छात्रों पर लगातार भरोसा जता रहा है

प्लेसमेंट प्रगति पर टिप्पणी करते हुए विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने कहाकि 2026 बैच के लिए प्लेसमेंट के मध्य चरण के परिणाम यह साबित करते हैं कि उद्योग जगत हमारे छात्रों पर लगातार भरोसा जता रहा है। रिक्रूटर्स की विविधता और उपलब्ध भूमिकाओं की गुणवत्ता हमारे उद्योग से जुड़े पाठ्यक्रम, व्यावहारिक शिक्षा और समग्र छात्र विकास पर दिए जा रहे जोर को दर्शाती है। चूंकि प्लेसमेंट सीजन का एक बड़ा हिस्सा अभी बाकी है।

### प्लेसमेंट के लिए पंजीकृत 2,023 छात्रों में से अब तक 874 छात्रों को नौकरी के प्रस्ताव मिल चुके हैं

प्लेसमेंट सीजन आधिकारिक तौर पर जुलाई 2025 में शुरू हुआ था और यह मई 2026 तक जारी रहेगा। प्लेसमेंट के लिए पंजीकृत 2,023 छात्रों में से अब तक 874 छात्रों को नौकरी के प्रस्ताव मिल चुके हैं, जबकि कई राउंड के परिणाम अभी घोषित होने बाकी हैं। प्लेसमेंट चक्र का लगभग आधा समय अभी शेष है, और ये आंकड़े सीजन के बाकी समय के लिए एक मजबूत भविष्य की ओर इशारा करते हैं।

### औसत पैकेज 5.2 लाख रुपए प्रति वर्ष रहा है

नवाचार और तकनीक-सक्षम शिक्षा के माध्यम से युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने वाले इस संस्थान में इस सीजन में विविध प्रतिभाओं की मांग बहुत अधिक रही है। संस्थान का औसत पैकेज लगभग 5.2 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा है। टेक्नोलॉजी, कोर इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स, कंसल्टिंग और संबद्ध क्षेत्रों में मांग में वृद्धि देखी गई है। अब तक वीआईटी भोपाल में 400 से अधिक रिक्रूटर्स ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया है।

## रेडक्लिफ ग्रुप में अमन मप्र एवं छग के नए रीजनल मैनेजर नियुक्त

**भोपाल।** रेडक्लिफ ग्रुप ने मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में अपने स्कूलों की मार्केटिंग गतिविधियों को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से अमन शर्मा को रीजनल मैनेजर (मार्केटिंग) के पद पर नियुक्त किया है। इस भूमिका में वे भोपाल, इंदौर और रायपुर स्थित रेडक्लिफ स्कूलों की मार्केटिंग रणनीतियों और ब्रांड विस्तार की जिम्मेदारी संभालेंगे। अमन शर्मा को शिक्षा एवं मार्केटिंग क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। उन्होंने ब्रांड प्रमोशन, एडमिशन ग्रोथ, डिजिटल एवं ग्राउंड-लेवल मार्केटिंग, टीम मैनेजमेंट तथा रीजनल स्तर पर सफल अभियानों का नेतृत्व किया है।



## पैरामैट्रिक्स ने मेटासिस में हिस्सेदारी हासिल की

**मुंबई।** पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने मेटासिस सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण की पहली किश्त के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की घोषणा की है। पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज के संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मुकेश ठूमर ने कहाकि पहली किश्त के पूर्ण होने के साथ यह अधिग्रहण क्रियान्वयन के चरण में प्रवेश कर चुका है। अब हमारी प्राथमिकता निर्बाध एकीकरण, डिलीवरी में निरंतरता बना रखना और आगामी चरणों के साथ दीर्घकालिक मूल्य का सृजन करना है।

## बिजनेस न्यूज

### यूनियन बैंक को मूडीज से एसक्यूएस2 की रेटिंग मिली

**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के संवहनीय वित्तपोषण ढांचे पर मूडीज रेटिंग्स द्वारा द्वितीय पक्ष राय (एसपीओ) जारी किया गया है, जिसमें बैंक को एसक्यूएस2 -बहुत अच्छी संवहनीयता गुणवत्ता रेटिंग प्रदान की गई है। यह रेटिंग मूडीज के संवहनीयता गुणवत्ता स्कोर (एसक्यूएस) स्केल पर दूसरी सर्वोच्च श्रेणी है, जो संवहनीय एवं जिम्मेदार वित्तपोषण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मूडीज रेटिंग्स द्वारा प्रदान की गई द्वितीय पक्ष राय वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बेंचमार्क है, जो संवहनीयता ढांचे की विश्वसनीयता एवं सुदृढ़ता का स्वतंत्र भरोसेमंद राय का स्त्रोत है। यह राय निवेशकों एवं हितधारकों के लिए पारदर्शिता को और मजबूत बनाता है तथा यह पुष्टि करता है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का संवहनीय वित्तपोषण ढाँचा अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के अनुरूप है और पर्यावरणीय एवं सामाजिक उद्देश्यों में सार्थक योगदान देता है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपनी मुख्य परिचालन एवं वित्तपोषण गतिविधियों में संवहनीयता को एकीकृत करने के अपने मिशन के प्रति दृढ़ है, जो समाज, पर्यावरण तथा आने वाली पीढ़ी के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन करने के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करता है।

### भीम पेमेंट्स एप से लेन-देन में 4 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज



**भोपाल।** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड द्वारा विकसित भीम पेमेंट्स एप ने वर्ष 2025 में मजबूत वृद्धि दर्ज की, जो भारत में विभिन्न उपयोगकर्ता वर्गों के बीच इसके बढ़ते अपनाव और निरंतर विश्वास को दर्शाती है। वर्ष 2025 के दौरान भीम पेमेंट्स एप के मासिक लेन-देन जनवरी में 3.897 करोड़ से बढ़कर दिसंबर में 16.51 करोड़ हो गए, जो वर्ष के दौरान चार गुना से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। इस अवधि में औसत मासिक वृद्धि लगभग 14 फीसदी रही। एनबीएसएल की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री ललिता नटराज ने बताया कि दिसंबर 2025 में लेनदेन मूल्य 20,854 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लेनदेन मात्रा में 390 फीसदी से अधिक और मूल्य के आधार पर 120 फीसदी से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

### आईआईटी से हिंदी में 'सभी के लिए एआई कोर्स' उपलब्ध

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के मार्गदर्शन में कार्यरत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म स्वयं प्लस की अग्रणी पहल 'सभी के लिए एआई' अब हिन्दी में उपलब्ध है। इस तरह आईआईटी मद्रास ने सभी के लिए और सर्वसुलभ एआई शिक्षा देने का संकल्प पूरा किया है। पूरे देश के लोग अब अपनी पसंद की भाषा में संस्थान के 6 निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स कर पाएंगे। इनके लिए एआई या कोडिंग का पूर्व ज्ञान नहीं चाहिए। बुनियादी डिजिटल लिटरेसी और सीखने की इच्छा शक्ति पर्याप्त होगी। इसलिए यह प्रोग्राम सभी के लिए उपयुक्त होगा चाहे उम्मीदवार पहली बार सीखने वाले, शिक्षक और फैकल्टी के सदस्य हों। आईआईटी मद्रास इकोसिस्टम के विशेषज्ञों ने शिक्षा और उद्योग जगत के अपने व्यापक अनुभवों से ये सभी कोर्स तैयार किए हैं। 26 जनवरी 2026 तक सभी छह कोर्स https://swayam-plus.swayam2.ac.in/ai-for-all-courses में रजिस्टर करा सकते हैं। स्वयं प्लस भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन आईआईटी मद्रास की विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता के साथ व्यापक रोजगार उन्मुख ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम सर्वसुलभ कराना है।

### सीबीओए का सराहनीय सामाजिक सरोकारः शिक्षा से रोशन हुआ नालचा का भविष्य

**भोपाल।** केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (सीबीओए ) के जनरल सक्रेटरी के. रवि कुमार ने केनपाल के बैनर तले धार जिले के नालचा ग्राम स्थित एक स्कूल शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कागदीपुरा में छोटे-छोटे बच्चों को अध्ययन सामग्री और खेल का सामान भेंट कर एक प्रेरणादायक पहल की। यह केवल सामग्री का वितरण नहीं था, बल्कि उन नन्हे सपनों में विश्वास और आत्मविश्वास भरने का एक सशक्त प्रयास था। इस सामाजिक कार्य में सीबीओए के वाइस प्रेसिडेंट केके त्रिपाठी, स्कूल के प्रिंसिपल सुभाष यादव, सीबीओए के मनीष चतुर्वेदी, राहुल सोनी, कुणाल गावड़े, अंकुश, नीरज सोनी, शिव परवानी और कृष्णगोपाल तथा केनरा बैंक नालचा शाखा से कौशल सिंह की सक्रिय सहभागिता रही।



### अमेजन की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल में किराना सामग्री पर विशेष छूट

**बेंगलुरु।** अमेजन ग्रोसरी, अमेजन इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के तहत गणतंत्र दिवस के लंबे वीकेंड के लिए खास तौर पर तैयार की गई शॉपिंग विकल्पों को एक साथ ला रहा है। इसमें ताजा फल-सब्जियों, रोजमर्रा की जरूरतों, बेबी केयर, पालतू जानवरों की चीजों और वेलनेस प्रोडक्ट्स पर 70 फीसदी तक की बचत का मौका मिलेगा। ग्राहक किराना, बेबी केयर, पेट एसेंशियल्स, वेलनेस और गॉर मे ग्रॉसरी से जुड़े भरोसेमंद ब्रांड्स की बड़ी रेंज में से खरीदारी कर सकते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्र. 3717/अ-6/25-26
:: उद्घोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदिका डा.श्रीमति विजय सहगल पत्नी श्री अशोक कुमार सहगल निवासी प्लाट नं. 1-A ग्रीन सिटी कृष्णा विहार ग्राम वावडिया कला म.प्र.भ.रा. सहित 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विक्रय पत्र क्र. 2725 (ग) दिनांक 07/02/2004 ग्राम वावडिया कला प.ह.न. स्थित भूमि खसरा नं. 13/1/1/1 घ,ग क्षेत्रफल 1765 वर्गफुट, भुमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है । उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 29/01/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है । समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 22/01/2026 को जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

**-: जाहिर सूचना :-**

**कृषि भूमि स्थित ग्राम-दिवटिया, पटवारी हल्का नम्बर-07/17 (पटवारी हल्का-दिवटिया), विकास खण्ड-औबेदुल्लागंज, तहसील-गौहरगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.) के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री विशेष राजपूत घोसी आत्मज श्री भगवत सिंह निवासी ग्राम पिपलिया लोरका, मण्डीदीप जिला रायसेन (म.प्र.) ने विक्रेतागण (1) संजीव कुमार आत्मज श्री ओमप्रकाश सक्सैना एवं (2) श्रीमती संगीता श्रीवास्तव पुत्री श्री गणेश प्रसाद पत्नी श्री राजीव श्रीवास्तव दोनो निवासीगण औबेदुल्लागंज/दीवटिया, तहसील–गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) दोनो की पृथक–पृथक स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो ग्राम –दिवटिया, पटवारी हल्का नम्बर–17, (पटवारी हल्का –दिवटिया), विकास खण्ड–औबेदुल्लागंज, तहसील –गौहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) में स्थित है, जो क्रमशः (1) भूमिस्वामी श्री संजीव कुमार की भूमि खसरा नम्बर–124/3/3/2 (S) रकबा 0.6070 हेक्टेयर, लगान–4. 93 रूपये, एवं (2) भूमिस्वामी श्रीमती संगीता श्रीवास्तव की भूमि खसरा नम्बर–124/3/3/1 (S) रकबा 0.2930 हेक्टेयर, लगान–2.38 रूपये इस प्रकार कुल 02 किता कुल रकबा 0.9000 हेक्टेयर अर्थात–2.22 एकड़ को क्रय करने (खरीदने) का करार (विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित) कर लिया है जिसके विक्रय–पत्र का पंजीयन (रजिस्ट्री) होना शेष (बाकी) है, यदि किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, सोसायटी, फर्म, बैंक, हितबद्ध व्यक्ति इत्यादि को उक्त भूमि का अंश भाग अथवा एक मुश्त (एक साथ) विक्रय/हस्तान्तरण किये जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि कहीं अन्यत्र, रहन, विक्रय, अनुबंध, दान, बंधक आदि हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें, अन्यथा मेरा पक्षकार समयावधि पूर्ण होने के उपरांत उक्त भूमि की रजिस्ट्री एवं रजिस्ट्री पश्चात् नामान्तरण अपने पक्ष में करा लेगा, समयावधि के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा शून्य, अवैधानिक व झूठी समझी जावेगी।

भवदीय
**विनोद साहू** एडवोकेट
कार्यालय साहू लॉ चेम्बर
उप पंजीयक कार्यालय के पास,
औबेदुल्लागंज, जिला-रायसेन (म.प्र.)
मो.-9993059594

SOUTH INDIAN Bank
द साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड
शाखा का पता: प्लॉट नंबर: 25 ए सेक्टर इंद्रपुरी, टीवीएस शोरूम के पास, भोपाल
मध्य प्रदेश 462022
शाखा मेल आईडी: br0443@sib.bank.in

**बैंक में गिरवी रखे सोने की नीलामी**

जबकि, द साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने बिक्री नोटिस जारी करके कर्जदार से उसके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन का बकाया चुकाने के लिए कहा था। कर्जदार रकम चुकाने में नाकाम रहा है, इसलिए कर्जदार और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी सोने के गहनों की ऑनलाइन नीलामी पूरी तरह से "जैसा है वैसा ही" और "जो कुछ भी है उसी आधार पर" और "बिना किसी शर्त के" आधार पर करेगा। नीलामी 03-02-2026 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक https://egold.auctiontiger.net पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

कर्जदार के लिए : सकुन चौहान- खाता संख्या : 0443653000002089
सकुन चौहान- खाता संख्या : 0443653000002090

अधिक जानकारी के लिए कृपया 6352632523 पर ऑक्शन टाइगर से संपर्क करें।

हस्ताक्षर/- प्रबंधक
द साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल
फोन: 0755-4045435 Mobile : 7247770078

**अनुलग्नक -1 रिडमशन नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना

प्रिय महोदय/महोदया,

चूंकि **बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है।

सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स हनुमान किराना स्टोर** प्रोपराइटर- श्री निर्मल साहू पुत्र कन्हैयालाल साहू पता (1) - वार्ड क्रमांक 18, तिलक वार्ड, सुठालिया रोड बुनियादी स्कूल के पास, ब्यावरा-465674 पता (2) - वार्ड क्रमांक 18, तिलक वार्ड सुठालिया रोड बुनियादी स्कूल के पास, ब्यावरा - 465674 | बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित सर्वे क्रमांक 324/1/4, क्षेत्रफल 772.50 वर्ग फीट, वार्ड क्रमांक 8 तिलक वार्ड सुठालिया बाईपास रोड ब्यावरा, जिला-राजगढ़ म.प्र.- 465674 संपत्ति मालिक-श्री निर्मल साहू पुत्र कन्हैयालाल साहू **चर्तुसीमाएँ**- उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- श्री विष्णुप्रसाद साहू का प्लॉट, पूर्व- विक्रेता भूमि से 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम- श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल की भूमि | 20.05.2024 / 18.11.2024 / कब्जे का प्रकार भौतिक / कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 19.11.2024 |
| ऋणी- **श्री अमित कुमार सिंह पुत्र श्री प्रभा शंकर सिंह** पता: 1. फ्लैट सी-3/602, सागर लैंडमार्क, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल, म.प्र. 462023 2. एलआईजी 24/5, पहली मंजिल, ब्लॉक एल 24, स्कीम महर्षि पतंजलि परिसर, गोविंदरमऊ, फेज-1, भोपाल म.प्र. 462036 **श्रीमती सुलेखा सिंह पत्नी श्री अमित कुमार सिंह** पता: 1. 239-240, दुर्गेश विहार, गोविंदपुरा, जे.के रोड, भोपाल म.प्र.-462010 2. फ्लैट-602, सी-3 सागर लैंड मार्क अयोध्या बायपास भोपाल -462041 **मेसर्स पलक सर्विसेज (प्रोपराइटर-अमित कुमार सिंह)** फ्लैट-602, सी-3 सागर लैंड मार्क अयोध्या बायपास भोपाल पिन 462041 **मेसर्स समृद्धि एंटरप्राइजेज (प्रोपराइटर-सुलेखा सिंह),** शॉप नंबर 108, कमर्शियल ब्लॉक, सागर लैंड मार्ग, अयोध्या बाय पास, भोपाल, एमपी-462041 **मेसर्स सिंह इलेक्ट्रिकल्स एंड हार्डवेयर,** शॉप नंबर 2, लोअर ग्राउंड, सागर लैंडमार्क, कॉम बिल्डिंग, अयोध्या नगर, भोपाल एमपी पिन-462001 **मेसर्स आइकोनिक (प्रोप-सुलेखा सिंह),** दुकान नंबर 105 ए, पहली मंजिल, वाणिज्यिक ब्लॉक, सागर लैंडमार्क, अयोध्या बाय पास, भोपाल, म.प्र- 462026 | बंधक संपत्ति फ्लैट नं. LIG /24/5, प्रथम तल, ब्लॉक संख्या एल-24 स्थित स्कीम पतंजलि परिसर, गोंदरमऊ क्षेत्रफल- 50.96 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- अमित कुमार सिंह पुत्र प्रभा शंकर सिंह और सुलेखा पत्नी अमित कुमार सिंह चर्तुसीमाएं: पूर्व दायां एलआईजी 24/6, पश्चिम-बायां खुला, उत्तर-सामने मार्ग, दक्षिण-पिछला खुला | 14.06.2024 / 22.08.2024 / कब्जे का प्रकार भौतिक / कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 28.08.2024 |

दिनांक : 22-01-2026, स्थान: भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## चिंतन

# ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में सिर्फ यूएस की ही चलेगी

दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' को शांति के एक नए वैश्विक मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इसके ढांचे, नेतृत्व और सदस्यता पर नज़र डालें तो यह पहल शांति से ज़्यादा सत्ता और प्रभुत्व की कहानी कहती है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पहले से मौजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं के रहते एक नए मंच की आवश्यकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है, खासकर तब जब उसका स्वरूप लोकतांत्रिक कम और व्यक्तिगत नियंत्रण वाला अधिक प्रतीत हो। इस बोर्ड की सबसे असाधारण और विवादास्पद बात इसकी अध्यक्षता व्यवस्था है। डोनाल्ड ट्रंप इसके स्थायी अध्यक्ष होंगे, चाहे वे अमेरिका के राष्ट्रपति रहें या नहीं। अध्यक्ष को हटाने का प्रावधान भी लगभग प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह तभी संभव है, जब वे स्वयं इस्तीफा दें या कार्यकारी बोर्ड के सभी सदस्य उन्हें अयोग्य घोषित करें। चूंकि कार्यकारी बोर्ड के अधिकांश सदस्य ट्रंप द्वारा ही चुने गए हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि वास्तविक शक्ति पूरी तरह उनके हाथ में केंद्रित रहेगी। बोर्ड की सदस्यता सूची भी इसी असंतुलन को उजागर करती है। आठ मुस्लिम देशों कतर, तुर्किये, मिस्त्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, हंगरी, कजाकिस्तान, मोरक्को और वियतनाम जैसे देश भी इस पहल का हिस्सा बने हैं। ये सभी देश किसी न किसी रूप में अमेरिकी रणनीतिक प्रभाव के दायरे में आते हैं। इसके विपरीत चीन, रूस, जर्मनी, इटली और यूक्रेन जैसे प्रभावशाली देशों ने भी कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह तथ्य अपने आप में बोर्ड की वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। भारत द्वारा इस बोर्ड पर कोई स्पष्ट फैसला न लेना भी बेहद महत्वपूर्ण है। भारत की चुप्पी को इस रूप में देखा जा सकता है कि वह इस बोर्ड को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है। सुरक्षा परिषद भले ही वीटो पावर और राजनीतिक गतिरोधों के कारण आलोचना झेलती रही हो, लेकिन उसकी वैधता और वैश्विक प्रतिनिधित्व को नकारा नहीं जा सकता। इसके मुकाबले 'बोर्ड ऑफ पीस' न तो किसी अंतरराष्ट्रीय संधि पर आधारित है और न ही इसमें दुनिया की बड़ी ताकतों की भागीदारी है। इस बोर्ड की प्रभावशीलता पर एक और बड़ा सवाल यह है कि इसमें अमेरिका के अलावा कोई भी वीटो पावर देश शामिल नहीं है। ऐसे में यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में कितना सक्षम होगा, यह संदेहास्पद है। जिन देशों को इसमें शामिल किया गया है, उनमें से कोई भी इतना राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य रूप से शक्तिशाली नहीं है कि वह अमेरिका की इच्छा के विरुद्ध प्रभावी भूमिका निभा सके। इससे यह आशंका और गहरी होती है कि यह मंच वास्तव में स्वतंत्र निर्णयों के बजाय अमेरिकी एजेंडे को आगे बढ़ाने का साधन बन जाएगा। इज़राइल की आपत्ति भी इस पहल की विश्वसनीयता को कमजोर करती है। इज़राइल ने कहा है कि बोर्ड के गठन से जुड़ी शुरुआती बातचीत में उसे शामिल नहीं किया गया। मध्य पूर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शांति की कोई भी पहल इज़राइल की भागीदारी के बिना अधूरी मानी जाएगी। अब आने वाला समय ही बताएगा कि यह बोर्ड वास्तव में वैश्विक शांति में कोई सार्थक योगदान देता है या फिर यह इतिहास में एक ऐसे प्रयास के रूप में दर्ज होगा, जिसमें दुनिया की नहीं, बल्कि अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप की ही चलेगी।

## आर्थिकी
सतीश सिंह



# बैंकिंग क्षेत्र को बजट से बंधी हैं कई उम्मीदें

अन्य क्षेत्रों की तरह, बैंकिंग क्षेत्र भी चाहता है कि बजट में ऐसे प्रावधान किए जाएं जो इसे मजबूत बना सकें। डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में बैंकों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अब डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के विकसित होने से, बैंकिंग लेनदेन मोबाइल पर हो रहा है। आप अब खाता खोलना, बंद करना, पैसे ट्रांसफर करना, नकद जमा या निकासी जैसे काम बिना शाखा जाए कर सकते हैं। इस कारण से, बैंकों ने लंबे समय से 5-दिवसीय कार्यालय अवधि की मांग की है, जिसे लागू करना कोई बाधा नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय बीमा निगम, अन्य बीमा कंपनियां, स्टॉक एक्सचेंज और विदेशी बैंक पहले ही इसे अपना चुके हैं। इसलिए, बैंककर्मियों को उम्मीद है कि 2026 के बजट में इसका उल्लेख किया जाएगा। बीते महीनों में, सरकार ने बैंक कर्मचारियों के भत्तों और अन्य सुविधाओं पर कर लगा दिया है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने के साथ मनोबल भी कम कर रहा है। इस स्थिति में तुरंत राहत की जरूरत है।

वर्तमान में, बैंक सस्ती पूंजी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसलिए, सरकार को बजट में ऐसे प्रावधानों को अमलीजामा पहनाने की पहल करनी चाहिए, जिससे बैंकों के जमा आधार में उल्लेखनीय वृद्धि हो। फिलहाल, कर्ज की मांग तेज है, लेकिन जमा में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक एक तरफ रेपो दर में कटौती कर रहा है तो दूसरी तरफ ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) के जरिए बैंकिंग प्रणाली में नकदी की मात्रा को बढ़ा रहा है। जमा की कमी के स्थायी समाधान के लिए बैंकों के परंपरागत निवेशकों को पुनः बैंकों में निवेश करना जरूरी है। इसके लिए सरकार को बैंक जमा पर विशेष टैक्स प्रोत्साहन देना चाहिए और बैंक जमा पर लगने वाले मौजूदा टैक्स को पूरी तरह से समाप्त कर देना चाहिए। निष्क्रिय और डॉर्मेंट खातों के नियमों को और सख्त बनाने और पारदर्शिता लाने की जरूरत है, ताकि धोखाधड़ी की घटनाओं को कम किया जा सके और पैसे के वास्तविक मालिक को अपना धन प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था का इंजन कहा जाता है और इस क्षेत्र को मजबूत बनाने में बैंकों का अहम योगदान रहा है। इसलिए, यह जरूरी है कि सरकार बजट में ऐसे प्रावधान करे, जो इस क्षेत्र को और सशक्त बना सकें। यदि सरकार बजट में सरकारी योजनाओं तक पहुंच आसान बनाती है और जीएसटी सहित अन्य करों को सरल बनाती है, तो इस क्षेत्र का विकास और तेज होगा। डिजिटल उपकरणों का उपयोग बढ़ने, ऑनलाइन भुगतान सुविधा में सुधार, यूपीआई से नकदी प्रवाह का ट्रैक आसान बनना, और डिजिटलाइजेशन से पारदर्शिता बढ़ने के कारण एमएसएमई क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा है। फिर भी, इसके विकास के लिए बजट में ऐसे प्रावधान जरूरी हैं, जिनसे बैंक इस सेक्टर को और मजबूत बना सके। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल पहुंच बढ़ाने के लिए निवेश में वृद्धि आवश्यक है ताकि देश के दूर-दराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएँ पहुंचें और विकास की गति तेज हो सके। वर्तमान में, बैंकों को केवल वित्तीय सहायता देना ही पर्याप्त नहीं है; उनका मजबूत और प्रतिस्पर्धी बनना भी जरूरी है। छोटे बैंकों का विलय कर बड़े बैंकों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जाना चाहिए ताकि वे पारदर्शी तरीके से पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर सकें। इस दिशा में नवाचार और तकनीक जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल बैंकिंग का प्रयोग भी अवश्य बढ़ाना चाहिए। साथ ही, कर सिस्टम में मजबूत सुधार करके विदेशी और व्यक्तिगत पूंजी निवेश को आकर्षित किया जाना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकों का इस्तेमाल कर ऋण प्रक्रिया को तेज और सुरक्षित बनाया जाना चाहिए।

हरित परियोजनाओं और आधारभूत ढांचे में निवेश बढ़ाने के लिए उचित नीतियां बनानी चाहिए और इन क्षेत्रों में बजट संबंधी ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कहा जा सकता है कि 1 फरवरी 2026 को पेश किए जाने वाले यूनियन बजट में डिजिटल नवाचार, वित्तीय समावेशन, एमएसएमई ऋण, सरकारी बैंकों के गवर्नेंस में सुधार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और मजबूत क्रेडिट गारंटी योजनाओं जैसे प्रावधानों को लागू कर बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत किया जा सकता है। इसके अलावा, यदि बजट में 5 दिवसीय कार्यशैली को बैंकिंग सेक्टर में लागू करने और बैंक कर्मचारियों के भत्तों एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं पर लगने वाले कर में छूट की घोषणा की जाती है, तो निश्चित रूप से बैंकों के प्रदर्शन और मुनाफे में और वृद्धि होगी।

( लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शाश्वत ऊर्जा और शौर्य का महोत्सव




## बसंत पंचमी
डॉ. बलवीर आचार्य

**भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त'वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसन्त ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। वास्तव में वसन्त ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।**

माघ मास, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी का पर्व भारतीय सांस्कृतिक चेतना में उस संक्रमण बिन्दु का प्रतीक है, जहां जड़ता से चेतना की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा अज्ञान से ज्ञान की ओर यात्रा प्रारम्भ होती है। यह पर्व प्रकृति के शृंगार, विद्या के शुभारम्भ, कलाओं के विकास, शौर्य, धैर्य और बलिदान की प्रेरणा का ऐसा संगम है, जो मानव मात्र को प्रेरित करता है कि वह ज्ञान-विज्ञान का विकास करता हुआ राष्ट्रभक्ति के भावों से ओत-प्रोत रहे।

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त'वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसंत ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। यह वह ऋतु है जिसे स्वयं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपनी विभूति स्वीकार करते हुए कहा है कि- 'मैं, ऋतुओं में वसंत हूं।' वैदिक काल-गणना के अनुसार, यह 'प्राण' की पुनरावृत्ति का समय है। इसीलिए समस्त शुभ कार्यों और बड़े अनुष्ठानों का आरम्भ वसंत से करने का विधान है। संगीत और वीणा 'नाद ब्रह्म'के रहस्य को प्रकट कर रहे हैं। भारतीय मनीषा मानती है कि यह ब्रह्माण्ड ध्वनि से निर्मित है। वसंत पंचमी इसी 'नाद' की पूजा है। वैदिक युग की गम्भीरता जब लौकिक संस्कृत साहित्य में अवतरित हुई, तो वसन्त, रस और सौन्दर्य के उन्मेष के साथ 'ऋतुराज' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। महाकवि कालिदास ने 'ऋतुसंहार-6.2' में वसंत का मानवीकरण करते हुए लिखा कि- वसंत ऋतु में प्रकृति का कण-कण सुन्दरता की गोद में समाया हुआ है। वृक्ष पुष्प-पुंजों से पुष्पित हो रहे हैं, सरोवरों में कमल अपनी पूर्ण आभा के साथ खिल रहे हैं, समीर सुगंध से सुवासित है और अहोरात्र अत्यन्त मनोहर प्रतीत हो रहे हैं। प्राचीन भारत में वसन्तोत्सव और 'कौमुदी महोत्सव' सामाजिक समरसता के सबसे बड़े प्रतीक थे। इसके प्रमाण हमें संस्कृत के प्रसिद्ध नाटकों में मिलते हैं। सातवीं शताब्दी के सम्राट् हर्षवर्द्धन ने अपनी नाटिका 'रत्नावली' के प्रथम अंक में वसन्तोत्सव का सजीव वर्णन किया है- लोग केसर और कुमकुम के घोल से सराबोर होकर गलियों में नृत्य कर रहे हैं। यह इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है कि वसंत के समय समाज में ऊंच-नीच का भेद समाप्त हो जाता था और राजा-प्रजा साथ मिलकर उत्सव मनाते थे। विशाखदत्त के नाटक 'मुद्राराक्षस' में चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौमुदी महोत्सव के आयोजन का उल्लेख है। यद्यपि चाणक्य ने कूटनीतिक कारणों से इसे रोकने का आदेश दिया था, किन्तु यह सन्दर्भ स्पष्ट करता है कि मगध की जनता के लिए यह वर्ष का सबसे बड़ा उत्सव था, जिसमें पूर्ण चन्द्र की आभा में नगर को अलंकृत किया जाता था।

परम्परागत भारतीय समाज में बच्चों का विद्यारम्भ, अक्षर लेखन, गुरुकुल प्रवेश, वसंत पंचमी से प्रारम्भ होता था। भारत में इस पर्व के विविध रंग देखने को मिलते हैं। बंगाल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन होता है। पण्डालों में देवी की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और छोटे बच्चों को 'हाते खोड़ी' कराया जाता है



अर्थात पहली बार अक्षर लिखना सिखाया जाता है। मथुरा और वृन्दावन के ब्रज क्षेत्र में इस दिन होली का औपचारिक आरम्भ माना जाता है। मन्दिरों में भगवान की प्रतिमाओं को गुलाल अर्पित किया जाता है। प्रयागराज और वाराणसी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है। आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि दक्षिण भारत के प्रान्तों में वसंत पंचमी पर्व को श्रीपंचमी कहा जाता है और इस पर्व को 'विद्यारम्भ' के रूप में मनाते हैं। बच्चों को चावल के दानों पर अंगुली से अक्षर लिखवाकर शिक्षा की शुरूआत कराई जाती है। वसंत केवल एक सांस्कृतिक अवधारणा नहीं, अपितु एक खगोलीय घटना है जो सम्पूर्ण पृथ्वी को प्रभावित करती है। खगोलीय रूप से जब सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर होता है, तब दिन और रात की अवधि समान हो जाती है। इसे वेदों में 'विषुवत' कहा गया है। यह वैश्विक संतुलन का समय है। सूर्य के बढ़ते प्रकाश के कारण मनुष्यों में 'सेरोटोनिन' (प्रसन्नता का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है और 'मेलाटोनिन' सन्तुलित होता है। यह प्राकृतिक रूप से अवसाद को समाप्त कर जीवनी शक्ति का संचार करता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है कि वसंत ऋतु में मानसिक अवसाद सबसे कम होता है। महर्षि चरक और सुश्रुत ने वसंत को स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर के शोधन कालमाना है। सर्दियों में शरीर में संचित 'कफ', वसंत की सूर्य-ऊष्मा से पिघलने लगता है। आधुनिक विज्ञान इसे 'लिम्फैटिक सिस्टम' की सफाई के रूप में देखता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह कफ यदि शोधित न हो, तो रोगों का जन्म देता है। इसीलिए आयुर्वेद में इस ऋतु में 'वमन' और नीम, शहद, जौ तथा चने जैसे कफ-नाशक पदार्थों के सेवन का वैज्ञानिक निर्देश है।


मुग़ल आधिपत्य के दौरान जब भारतीय त्योहार फीके पड़ रहे थे, तब शिवाजी महाराज ने वसन्तोत्सव और होली (शिमगा) जैसे उत्सवों को पुनः सार्वजनिक रूप से मनाना प्रारम्भ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि 'मराठा' साम्राज्य में वसंत केवल फूलों का नहीं, अपितु शस्त्रों की पूजा (शस्त्र-पूजन) और आत्मविश्वास का पर्व बने। शिवाजी महाराज का 'भगवा ध्वज' साक्षात वसंत की अग्नि और त्याग का प्रतिनिधित्व करता है। उनके लिए यह रंग केवल एक ध्वज नहीं, अपितु उस 'ऋत' (शाश्वत नियम) का पालन था, जिसका वर्णन वेदों में वसंत के सन्दर्भ में मिलता है। पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह का प्रिय गीत है- "मेरा रंग दे बसन्ती चोला, माए रंग दे बसन्ती चोला" यहां 'बसन्ती' रंग सौन्दर्य का नहीं, अपितु बलिदान की उस अग्नि का प्रतीक है जो राष्ट्र को स्वतन्त्र करने के लिए प्रज्वलित हुई थी। वसंत ऋतु भारत की अखण्ड चेतना का दर्पण है। यह वेदों की ऋचाओं में 'पवित्रता' है, कालिदास के काव्यों में 'शृंगार' है, आयुर्वेद के ग्रन्थों में 'स्वास्थ्य' है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, वीर बालक हकीकत राय और रामप्रसाद बिस्मिल, सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों के रक्त में 'बलिदान' है।

यह ऋतु हमें सिखाती है कि सृजन के लिए पहले पुराने को छोड़ना पड़ता है और देश की रक्षा के लिए वसंत को 'केसरिया' के रंग में रंगना पड़ता है। वसंत का यह पंचमुखी रूप - वैदिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, स्वास्थ्यपरक और ऐतिहासिक, ही इसे विश्व की सभी ऋतुओं में 'राज' की पदवी प्रदान करता है- वसन्तराज। वास्तव में वसंत ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

(लेखक एमडीयू रोहतक में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


# शक्तिशाली मन ही सबका सच्चा साथी



संकलित
## दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का मन अनेक शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? संसार में सर्वाधिक प्राथमिक आवश्यकता है- शक्ति की। शारीरिक शक्ति के लिए भी मन की शक्ति का होना जरूरी है। मन का बल टूटते ही शरीर का बल टूट जाता है। मन मजबूत होता है, तो शरीर भी साथ देता है। मन दुर्बल हुआ, तो शारीरिक शक्तियां भी क्षीण होने लग जाती हैं। शक्ति का संचय और सुरक्षा का उपाय है, तनाव से बचना। मानसिक तनाव मन की शक्ति को और भावनात्मक तनाव आत्मा की शक्ति को क्षीण करता है।शक्ति का सबसे बड़ा रहस्य है, शरीर और मन दोनों का एक साथ रहना। जिसने दूसरों को जीता और अपने आपको नहीं जीता, वह दुर्बल है। मन और इच्छाओं को जीतना बहुत बड़ी लड़ाई है। प्रत्येक व्यक्ति का मन इन शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? आवश्यकता है मन को पटु, कुशल और सहिष्णु बनाने की। उसे इस तरह प्रशिक्षित करने की, जिससे कि हम शारीरिक और मानसिक शक्तियों का संतुलन बनाए रख सकें। कहा भी गया है कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' मन किसी भी अप्रिय घटना से ऐसा तड़प जाता है, जैसे चारों ओर से लाल चीटियों द्वारा डसा जाता घायल सर्प तड़पता है। बदला और प्रतिशोध तो चंचल मन की क्षुद्र कल्पनाएं हैं। प्रतिशोध से भरा मन यदि अवरुद्ध भावनाओं की खदबदाती दलदल है, तो प्रेम से भरा मन का हिमालय, गंगा के हिमालय पर्वत से भी ऊंचा है। मन की ऊंचाई के आगे हिमालय भी बौना है, इसलिए मन सुदृढ़ और प्रशिक्षित अश्व की भांति होना चाहिए।

# अपने लिए कठोर और दूसरों के लिए द्रवित रहो



संकलित
## प्रेरणा

वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज अपनी बातों से कई लोगों को सही राह दिखाते हैं। अपने प्रवचन के दौरान वह कई ऐसी बातें कहते हैं जिसका पालन अगर कर लिया जाए तो जिंदगी की आधी से ज्यादा मुश्किलें खत्म हो सकती हैं। अपने एकांतित वार्तालाप के दौरान वह कई लोगों के सवालों का जवाब देते हैं। हाल ही में एक बच्चे ने उनसे एक दिल छू लेने वाला सवाल किया। बच्चे ने पूछा कि हमें कब-कब कठोर होना चाहिए? इस पर प्रेमानंद महाराज ने बड़े ही सरलता से अपनी बात रखी। प्रेमानंद महाराज ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जगह-जगह पर अवसर पर किया जाता है। जिससे हमें लगे कि गलत है तो हम उसे कठोर करते हैं। कठोर हृदय से हम उसे सहते हैं। अब जहां हमारी कोई निंदा कर रहा है तो हम हमारे हृदय को कठोर कर लेते हैं। स्वभाव के कठोरता में सबकी कठोरता आ जाती है। स्वभाव में ही सब कुछ होता है। हृदय, वाणी, देखना और बोलना, उठना और बैठना सब आ जाएगा। जहां किसी को कष्ट हो रहा है, वहां हम द्रवित हो जाते हैं। जहां हमें कष्ट हो रहा है, वहां हम कठोर हो जाते हैं। हमारी कोई निंदा करें, उसे हम सह लेते हैं, लेकिन हम किसी की निंदा कभी नहीं कर सकते हैं। हमें कोई दुख दें। हम उसे कठोर भाव से सह लेंगे, लेकिन हम किसी को कठोर भाव से दुख दें, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता है। प्रेमानंद महराज ने आगे कहा कि अपने लिए कठोर रहो और दूसरों के लिए द्रवित रहो। दूसरों के लिए कठोर और अपने लिए द्रवित ये तो स्वार्थी लोगों का लक्षण है। परमार्तिक लक्षण है कि अपने लिए कठोर रहो। दूसरे को सर्दी लग रही है तो अपनी जैकेट उतार के दे दिया। अपने खुद सर्दी सह लेते हैं लेकिन दूसरे को नहीं नहीं हम उसके ठंड में कांपते हुए नहीं देख सकते हैं। ये है कठोरता। अपने लिए कठोर रहो लेकिन दूसरों के लिए मृदुता।

## सटाका




## आज की पाती


### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *–विनय कुमार साहू*

## करंट अफेयर

# देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क पांच लाख सर्किट किमी के पार


देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क 220 किलोवोल्ट और उससे अधिक क्षमता वाली लाइन के साथ पांच लाख सर्किट किलोमीटर का आंकड़ा पार कर गया है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही देश की कुल 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता 1,407 गीगावोल्ट एम्पियर तक पहुंच गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली पारेषण के लिए भादला-दो से सीकर-दो सब-स्टेशन तक 765 किलोवॉट की 628 सर्किट किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन का संचालन शुरू करने के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ग्रिड ने यह उपलब्धि 14 जनवरी को हासिल की। इस लाइन के चालू होने से भादला, रामगढ़ और फतेहगढ़ सौर ऊर्जा परिसर के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से अतिरिक्त 1,100 मेगावाट बिजली पारेषण संभव हो सकेगा। मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2014 से अब तक देश के पारेषण नेटवर्क में 71.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 2.09 लाख सर्किट किलोमीटर नई पारेषण लाइन जोड़ी गईं जबकि 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता में 876 गीगावोल्ट एम्पियर की बढ़ोतरी हुई। अंतर-क्षेत्रीय बिजली अंतरण क्षमता अब 1,20,340 मेगावाट तक पहुंच गई है जिससे विभिन्न क्षेत्रों के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति को संभव हुई है।



## ऑफ बीट

# बेंगलुरु बना दूसरा सबसे अधिक यातायात वाला शहर

भारत का सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलुरु वर्ष 2025 में विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर रहा, जहां औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 74.4 प्रतिशत रहा। यह जानकारी नीदरलैंड स्थित 'लोकेशन टेक्नोलॉजी' कंपनी 'टॉमटॉम' के आंकड़ों से मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'टॉमटॉम' के वर्ष 2025 से संबंधित 'ट्रैफिक इंडेक्स' में मैक्सिको सिटी को शीर्ष स्थान पर रखा गया है, उसके बाद बेंगलुरु और डबलिन (आयरलैंड) का स्थान है। यह सूचकांक दुनिया भर के शहरों का मूल्यांकन औसत यात्रा समय और यातायात भीड़भाड़ के स्तर के आधार पर करता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाला, सार्वजनिक रूप से सुलभ डेटा उपलब्ध होता है। बेंगलुरु में पिछले वर्ष की तुलना में औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 1.7 प्रतिशत अंक बढ़ गया। चालकों ने औसतन 4.2 किलोमीटर की दूरी 15 मिनट में तय की, जबकि 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में औसतन 36 मिनट और नौ सेकंड का समय लगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यस्त समय के दौरान गाड़ियों की औसत गति घटकर 13.9 किमी प्रति घंटा हो गई। इसके अलावा, रिपोर्ट में 17 मई को शहर का सबसे खराब यात्रा दिवस बताया गया है।



## ट्रेंड

### मेरी हार्दिक संवेदनाएं



डोडा में हुए दुखद सड़क हादसे से मैं बेहद दुखी हूं, जिसमें भारतीय सेना के 10 बहादुर जवान शहीद हो गए। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल जवानों को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस कठिन समय में पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 'आप' के सीएम



मैं सोशल मीडिया पर देख रहा था कि इनके मुख्यमंत्री अपने परिवार के साथ स्विट्ज़रलैंड घूमने में व्यस्त हैं। एक तरफ़ ये छुट्टियां मना रहे हैं, दूसरी तरफ़ 'आप' के सीएम जनता के हेल्थ कार्ड बना रहे हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### काम का अधिकार



मोदी सरकार मनरेगा को ख़त्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। हमें मनरेगा और काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### औपनिवेशिक अत्याचार



ट्रम्प द्वारा ग्रीनलैंड पर संभावित कब्जे की नैतिकता पर बहस करते समय, अफ्रीका में यूरोपीय लोगों द्वारा किए गए औपनिवेशिक अत्याचारों पर विचार करना उचित है। डेनमार्क ने स्वयं अफ्रीका से लगभग पांच लाख गुलामों को अमेरिका भेजा था।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया 'बोर्ड ऑफ पीस' का ऐलान

# यूएन के साथ मिलकर काम करने की जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ दावोस

राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को स्विटजरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के दौरान गाजा पर अपने प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' के पहले चार्टर का औपचारिक उद्घाटन और हस्ताक्षर समारोह किया। यह एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है जो वैश्विक संघर्षों को सुलझाने के लिए बनाया गया है, हालांकि इसकी शुरुआत इजराइल-हमास युद्ध के बाद गाजा के पुनर्निर्माण और शासन की निगरानी से हुई थी। अब इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। इसकी स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर का मूल्य टैग लगाया गया है। समारोह में कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और शीर्ष राजनयिक मौजूद थे, शामिल रहे। विश्व के 20 देशों ने ट्रंप के साथ इस पर हस्ताक्षर भी कर दिया है। जबकि चीन, फ्रांस, ब्रिटेन और भारत सहित अन्य कई देशों ने फिलहाल इससे दूरी बना ली है।



दावोस में गाजा पर बोर्ड ऑफ पीस का आगाज करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (बीच में)

### कई देशों ने बनाई दूरी, रूस बोला परामर्श के बाद ही लेंगे निर्णय

फ्रांस, नॉर्वे, स्लोवेनिया, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम उन देशों में शामिल हैं जो कम से कम अभी के लिए बोर्ड में शामिल नहीं होंगे। ट्रंप द्वारा आमंत्रित लेकिन अब तक कोई प्रतिबद्धता नहीं जताने वाले देशों में कंबोडिया, चीन, क्रोएशिया, साइप्रस, यूनान, इटली, पैराग्वे, रूस, सिंगापुर, थाईलैंड और यूक्रेन शामिल हैं। वहीं भारत, रूस, चीन, यूक्रेन आदि ने अभी इस पर निर्णय नहीं लिया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने पर कोई भी फैसला रणनीतिक साझेदारों से परामर्श के बाद ही लिया जाएगा।

### ट्रंप होंगे बोर्ड के अध्यक्ष

ट्रंप ने इस बोर्ड की अध्यक्षता स्वयं संभालने की बात कही है। इसके चार्टर के अनुसार वे इसे जीवन भर संभाल सकते हैं। हालांकि भविष्य में वह अमेरिकी राष्ट्रपति किसी अन्य को नामित कर सकते हैं। बोर्ड ऑफ पीस का यह विचार ट्रंप की 20-सूत्री गाजा सीजफायर योजना से निकला था, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी समर्थन दिया था। शुरू में यह गाजा के पुनर्निर्माण, मानवीय सहायता और शासन पर फोकस करने वाला छोटा समूह था, लेकिन अब यह वैश्विक संघर्षों (जैसे यूक्रेन, अन्य क्षेत्रीय विवाद) को सुलझाने वाले निकाय के रूप में पेश किया जा रहा है। कुछ आलोचकों का मानना है कि यह संयुक्त राष्ट्र के कार्यों को चुनौती दे सकता है। या प्रतिस्पर्धी बन सकता है। ट्रंप ने कहा है कि यूएन को जारी रहना चाहिए।

### ट्रंप का दावा- सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड

ट्रंप ने उद्घाटन भाषण में दावा किया कि यह अब तक का सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड होगा। हर कोई इस बोर्ड का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र सहित कई अन्य देशों और संगठनों के साथ मिलकर काम जारी रखेंगे। ट्रंप ने इसे बहुत रोमांचक दिन बताया और कहा कि बोर्ड सुंदर ढंग से चल रहा। यह पहले से ही काम शुरू कर चुका है।

### 20 से ज्यादा देशों ने किए हस्ताक्षर

20 से अधिक देशों ने चार्टर पर हस्ताक्षर किए हैं या शामिल होने की पुष्टि की है। इन प्रमुख सदस्य देशों में शामिल हैं: पाकिस्तान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, कतर, जॉर्डन, तुर्की, इंडोनेशिया, मोरक्को, हंगरी, अर्जेंटीना, अजरबैजान, आर्मेनिया, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, कोसोवो, बेलारूस, वियतनाम और इजराइल। हालांकि, करीब 35 देश इस परियोजना में शामिल होने पर सहमत हो चुके हैं, जबकि 60 देशों को आमंत्रित किया गया था।

### ट्रंप की जेलेंस्की से मुलाकात
### पुतिन को दो टूक संदेश युद्ध को खत्म करना होगा

ट्रंप ने कहा कि उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक अच्छी रही और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनका संदेश है कि 'युद्ध समाप्त होना चाहिए'। ट्रंप ने कहा कि मेरी मुलाकात राष्ट्रपति जेलेंस्की से यहां हुई। बैठक अच्छी रही। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल एक-दो दिन में राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे। पुतिन के लिए मेरा संदेश है युद्ध को समाप्त करना होगा। बहुत से लोग मारे गए हैं। उन्होंने दावा किया कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए एक समझौते के 'काफी करीब' हैं।

## खबर संक्षेप

### थाईलैंड में जॉब के बहाने 16 भारतीय बंधक बनाए

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के मुताबिक कम से कम 16 भारतीय नागरिक म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर



बंधक बना लिए गए हैं। इन लोगों को थाईलैंड में अच्छी नौकरी दिलाने का वादा किया गया था लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें म्यांमार की सीमा पर ले जाकर गुलाम बना लिया गया। ओवैसी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से सोशल मीडिया के जरिए तुरंत हस्तक्षेप कर सुरक्षित स्वदेश वापसी की गुहार लगाई है।

### आतंकी से जुड़े आरोपी को 10 साल की सजा

**कोलकाता।** कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत ने पाकिस्तान समर्थित साजिश से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है।




इस साजिश का मकसद पश्चिम बंगाल में मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए भर्ती करना था। अदालत ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के रहने वाले सैयद एम। इदरीस को इस मामले में दोषी ठहराया है। बुधवार को सुनाए गए फैसले में कोर्ट ने उसे 10 साल की कठोर कारावास की सजा दी है।

## 25 जनवरी को भारत दौरे पर आएंगे यूरोपीय संघ के दो शीर्ष नेता

# पीएम के साथ होगी प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, एफटीए ऐलान की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय संघ (ईयू) के दो बड़े नेता चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचने वाले हैं। ईयू नेताओं का यह दौरा ऐसे समय में अहम माना जा रहा है, जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25 से लेकर 28 जनवरी तक भारत में रहेंगे। इसके अलावा, दोनों नेता इस बार 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। दोनों नेता 27 जनवरी को आयोजित होने वाले 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। भारत दौरे पर उनकी मुलाकात देश की राष्ट्रपति और प्रथम नागरिक द्रौपदी मुर्मू से होगी। इसके साथ ही दोनों नेता भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी करेंगे। भारत और ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। ऐसे में ईयू नेताओं के भारत दौरे से कयास लगाए जा रहे हैं कि एफटीए का ऐलान हो सकता है।

*गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे कोस्टा और लेयेन*

*16वें भारत-ईयू सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे*


यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

### एक छोटा ईयू सैन्य दल परेड में भाग लेगा

एक छोटा ईयू सैन्य दल गणतंत्र दिवस क परेड में भाग लेगा। ऑपरेशन अटलांटा और ऑपरेशन एस्पाइड्स जैसे ईयू नौसैनिक अभियानों के झंडे प्रदर्शित किए जाएंगे। व्यापार और सुरक्षा से जुड़े नेताओं सहित 90 से अधिक ईयू अधिकारी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शीर्ष यूरोपीय नेतृत्व की मौजूदगी दोनों पक्षों के बीच बढ़ते राजनीतिक भरोसे को दर्शाती है।

### नए समझौतों की घोषणा होगी

उच्चस्तरीय शिखर सम्मेलन की बैठक में भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्ष, रक्षा सहयोग और मोबिलिटी से जुड़े नए समझौतों की घोषणा की संभावना है। बता दें, भारत-ईयू के बीच एफटीए पर वार्ता 2007 में शुरू हुई थी, 2013 में स्थगित हुई और जून 2022 में फिर से शुरू की गई। नए समझौतों की घोषणा के बाद कानूनी जांच और यूरोपीय संसद द्वारा अनुमोदन की प्रक्रिया होगी। एफटीए लागू होने से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा, शुल्क कम होंगे और भारतीय निर्यातकों व यूरोपीय निवेशकों को बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी।

### पीएम ने ब्राजील के राष्ट्रपति से की बात

पीएम नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से बात की। पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक दक्षिण के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों में करीबी सहयोग बहुत जरूरी है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम ने कहा कि मैं जल्द ही ब्राजील के राष्ट्रपति का भारत में स्वागत करने का इंतजार कर रहा हूं। राष्ट्रपति लूला से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी में मजबूत गति की समीक्षा की, जो आने वाले साल में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार है।

### वैश्विक स्थिरता के लिए भारत-ईयू का साथ जरूरीः जयशंकर



दुनिया में बढ़ती अस्थिरता और अनिश्चितता के बीच भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत रिश्ते वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षा कवच बन सकते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को यूरोपीय देशों के राजदूतों से बातचीत में कहा कि भारत-ईयू का गहरा सहयोग वैश्विक जोखिमों को कम करने में अहम भूमिका निभा सकता है। यूरोपीय देशों के राजदूतों के साथ संवाद के दौरान जयशंकर ने कहा कि आज की दुनिया में उतार-चढ़ाव और अस्थिरता नया सामान्य बन चुकी है।


#### रक्षा सहयोग पर विशेष जोर

भारत-ईयू के बीच रक्षा सहयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारतीय कंपनियों को ईयू के सेफ (सिक्युरिटी एक्शन फार यूरोप) कार्यक्रम तक पहुंच मिल सकती है। सेफ, यूरोप की रक्षा तैयारी बढ़ाने के लिए 150 अरब यूरो का रक्षा फंडिंग साधन है। इसके अलावा सिक्योरिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन एग्रीमेंट पर बातचीत शुरू हो सकती है, जिससे गोपनीय रक्षा जानकारी का सुरक्षित आदान–प्रदान और संयुक्त रक्षा विनिर्माण संभव होगा।

## क्रोएशिया में भारतीय दूतावास पर हमला

# एमईए की दो टूक- यह अस्वीकार और निंदनीय, दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


राजधानी जाग्रेब में भारतीय दूतावास

भारत ने क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब में स्थित अपने दूतावास परिसर में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को कहा कि यह घटना भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई है और इसे पूरी तरह अस्वीकार्य तथा निंदनीय बताया। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि भारत ने इस मामले को नई दिल्ली और जाग्रेब दोनों जगहों पर क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है। साथ ही, भारत ने क्रोएशिया सरकार से मांग की है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उन्हें उनके निंदनीय और अवैध कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए। एमईए ने बयान में कहा कि हम जाग्रेब, क्रोएशिया में स्थित अपने दूतावास में भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत राजनयिक परिसरों की सुरक्षा संबंधित देश की जिम्मेदारी होती है।

### राजनयिक परिसरों की सुरक्षा करना अनिवार्य

विदेश मंत्रालय ने विएना कन्वेंशन का हवाला देते हुए कहा कि इसके तहत राजनयिक परिसर अवध्य होते हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना मेजबान देश का दायित्व है। बयान में कहा गया है कि विएना कन्वेंशन के अनुसार राजनयिक परिसरों की सुरक्षा अनिवार्य है और इन्हें हर तरह की घुसपैठ या नुकसान से बचाया जाना चाहिए। भारत ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ऐसे कृत्य न केवल अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि उन तत्वों के चरित्र और मंशा को भी उजागर करते हैं जो इसके पीछे हैं।

### कानून प्रवर्तन एजेंसियां इस पर ध्यान दें


मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की हरकतें उन लोगों की मानसिकता और उद्देश्यों को दर्शाती हैं जो इनके पीछे हैं, और दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इस पर ध्यान देना चाहिए। हालांकि, अभी तक इस घटना में किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। भारत ने उम्मीद जताई है कि क्रोएशियाई अधिकारी मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## सारंडा में आपरेशन 'मेघाबुरु', कोबरा-209 बटालियन की बड़ी कार्रवाई

# 1 करोड़ का इनामी अनल दा समेत 15 माओवादी ढेर, हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ चाईबासा

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के घने जंगलों में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने माओवादी उन्मूलन अभियान में ऐतिहासिक सफलता हासिल की। पुलिस महानिदेशक झारखंड और सीआरपीएफ महानिदेशक के संयुक्त नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान 'मेघाबुरु' के तहत किरीबुरु थाना क्षेत्र के कुम्डीह में हुई भीषण मुठभेड़ में कुख्यात शीर्ष माओवादी नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी समेत कुल 15 माओवादी मारे गए। अनल पर झारखंड में 1 करोड़, ओडिशा में 1.20 करोड़ और एनआईए की ओर से 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिनी जा रही है।



मृतक अनल दा उर्फ पतिराम मांझी, सर्च अभियान करते सुरक्षा बल

### विस्फोटक सामग्री बरामद

गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान अनल के सशस्त्र दस्ते ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में कई बार मुठभेड़ हुई, जो घंटों तक चली। घटनास्थल से 15 नक्सलियों के शव, अत्याधुनिक हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में मारे गए 15 माओवादियों में से 11 की पहचान कर ली गई है।

## तुर्कमेनिस्तान पहुंचे विदेश सचिव जॉर्ज

# रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में संबंध बढ़ाने पर की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज 21 जनवरी को भारत-तुर्कमेनिस्तान विदेश ऑफिस कंसल्टेशन के 5वें राउंड और एसपीईसीए (सेंट्रल एशिया की अर्थव्यवस्थाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र का विशेष कार्यक्रम) इकोनॉमिक फोरम के लिए तुर्कमेनिस्तान पहुंचे। आयोजन अश्गाबात में हुआ, जहां सिबी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे। जॉर्ज ने तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्री और कैबिनेट ऑफ मिनिस्टर्स के डिप्टी चेयरमैन राशिद मेरेदोव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तुर्कमेनिस्तान के अधिकारियों को विदेश मंत्री, डॉ. एस. जयशंकर की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत और


विदेश सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज

तुर्कमेनिस्तान के बीच आपसी फायदे वाली पार्टनरशिप को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। जॉर्ज ने तुर्कमेनिस्तान की विदेश मामलों की उपमंत्री मियाहरी बयाशिमोवा के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, शिक्षा और कॉन्सुलर मामलों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।

## विंटर कार्निवल पर 'महानाटी' नृत्य


**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के मनाली में पांच दिन के विंटर कार्निवल के दूसरे दिन, बड़ी संख्या में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मॉल रोड पर पारंपरिक वेशभूषा में ढोल–नगाड़ों की थाप पर महानाटी नृत्य किया। महानाटी नृत्य हिमाचल प्रदेश, खासकर कुल्लू और कांगड़ा घाटी में किया जाने वाला एक सामूहिक लोक नृत्य है, जो प्राचीन संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है और स्थानीय त्योहारों व कार्निवल में एक मुख्य आकर्षण होता है।

## गणतंत्र दिवस पर आसमान में राफेल और सुखोई विमान करेंगे फ्लाई पास्ट

# दिखेगा शक्ति और संकल्प का प्रतीक 'सिंदूर' फॉर्मेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार भारतीय वायुसेना का फ्लाई पास्ट बेहद खास और प्रतीकात्मक होने जा रहा है। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट आसमान में 'सिंदूर' फॉर्मेशन बनाएंगे, जो सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक होगा। इस विशेष फॉर्मेशन में दो राफेल, दो मिग-29, दो सुखोई-30 और एक जैगुआर लड़ाकू विमान शामिल होंगे। यह फॉर्मेशन भारतीय वायुसेना की आधुनिक क्षमताओं और रणनीतिक शक्ति का प्रदर्शन करेगा। भारतीय सेनाओं ने बीते वर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इस ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ये भारतीय लड़ाकू विमान अब गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ के ऊपर उड़ान भरते नजर आएंगे।

**ध्वज फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे एमआई-17 हेलीकॉप्टर**

**फ्लाई पास्ट में दिखेंगे स्वदेशी और आधुनिक विमान**


रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के विमान फ्लाई पास्ट करते हुए

### 29 वायुसेना विमान होंगे शामिल

भारतीय वायुसेना के अनुसार, 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुल 29 विमान फ्लाई पास्ट में हिस्सा लेंगे। इनमें 16 फाइटर जेट, 4 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और 9 हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। 26 जनवरी को फ्लाई पास्ट के दौरान चार एमआई-17 हेलीकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में नजर आएंगे। ये हेलीकॉप्टर राष्ट्रीय ध्वज, थल सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना के ध्वज लहराते हुए उड़ान भरेंगे। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर प्रहार, गरुड़ अर्जन, वरुणा, बजरंग और विजय फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे।

### 18 मार्चिंग टुकड़ियां शामिल होंगी

गणतंत्र दिवस 2026 राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गौरवशाली 150 वर्षों को समर्पित रहेगा। पूरे समारोह में 'वंदे मातरम' की स्पष्ट और प्रभावी छाप देखने को मिलेगी। वायुसेना के बैंड इससे जुड़ी धुनें बजाते नजर आएंगे। परेड में विभिन्न सेवाओं की कुल 18 मार्चिंग टुकड़ियां और 13 बैंड शामिल होंगे। परेड की शुरुआत 100 सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा पारंपरिक युद्ध-संगीत के साथ की जाएगी, जो पूरे समारोह को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देगी।

### स्वदेशी उपकरण प्रदर्शित होंगे

परेड के तुरंत बाद होने वाले फ्लाई पास्ट में राफेल, सुखोई-30, सी-295, मिग-29, अपाचे, एलसीएच, एएलएच और एमआई-17 जैसे विमान और हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। इस दौरान तीनों सेनाओं के स्वदेशी उपकरण और हथियार भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की झांकी

# भारत की कहानी कहने की परंपराओं और वेव्स के विजन को प्रदर्शित किया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की परेड में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की झांकी, 'भारत गाथाः श्रुति, कृति, दृष्टि' कहानी कहने की कला में भारत की सभ्यतागत यात्रा की शक्तिशाली दृश्य कहानी प्रस्तुत करेगी। इसमें प्राचीन मौखिक परंपराओं से लेकर वैश्विक कंटेंट और मीडिया पावरहाउस के रूप में इसके उदय तक की पूरी यात्रा दर्शाई जाएगी। यह झांकी आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाती है, जो सांस्कृतिक विरासत को तकनीकी नवाचार के साथ सहज रूप से मिलाती है। श्रुति भारत की समृद्ध मौखिक विरासत का प्रतीक है, जिसे पीपल के पेड़ के नीचे शिष्यों को ज्ञान देते हुए गुरु के माध्यम


झांकी में भगवान गणेश महाभारत लिखते हुए

से दर्शाया गया है। इसके साथ ही ओम की ब्रह्मांडीय अनुगूंज और ज्ञान की उत्पत्ति का प्रतिनिधित्व करने वाले ध्वनि-तरंग रूपांकनों को भी प्रदर्शित किया गया है। कृति लिखित अभिव्यक्ति के विकास को चिन्हित करती है, जिसमें भगवान गणेश महाभारत लिख रहे हैं। यह मंत्रालय के लक्ष्य से मेल खाती है, जिसे वेव्स 2025 ने और मजबूत किया है।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर प्रोफेसर से ठगी, तीन लाख के निवेश पर 23 लाख रुपए दिखाने लगा अकाउंट का बेलेंस

रुपए निकालने के लिए जीएसटी सहित प्रोफेशनल टैक्स के 3 लाख 95 हजार मांगे तो हुआ ठगी का अहसास

- **पुलिस और साइबर क्राइम की हेल्प लाइन पर शिकायत की थी**
- **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जालसाज ने शेयर मार्केट में निवेश के फायदे बताए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता में रहने वाले निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफसर को साइबर जालसाज ने लाखों रुपए का चूना लगा दिया। दरअसल, फेसबुक पर प्रोफेसर ने शेयर मार्केट में पैसा कमाने के लिए एक लिंक ओपन की थी। लिंक ओपन करते हुए उन्हें साइबर जालसाज ने वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया। वाट्सएप ग्रुप और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जालसाज ने उन्हें शेयर मार्केट में निवेश के फायदे बताए। साथ ही आधार कार्ड सहित पेन कार्ड मांगकर गुगल सीट पर फार्म भरवा लिया। प्रोफेसर ने जालसाज के कहने पर पहली बार 10 हजार रुपए का निवेश किया। अगले ही दिन उसके खाते में 11385 रुपए आ गए थे।

जालसाज ने उनसे तीन लाख रुपए निवेश कराए और 23 लाख रुपए का रिफंड दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 95 हजार रुपए जीएसटी सहित प्रोफेसनल टैक्स के मांगे। अब प्रोफेसर को लगा कि वह जालसाजी में फंस चुके है। उन्होंने बिलखिरिया थाना पुलिस और सायबर क्राइम की हेल्प लाइन पर शिकायत की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फेसबुक में मिली थी लिंक

पुलिस के अनुसार 36 साल दिलीप कुमार, कोकता में रहते हैं और अजीम प्रेम जी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत वर्ष नवंबर महीने में वह फेसबुक चला रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक लिंक देखी। लिंक में शेयर मार्केट में निवेश से फायदा होने की जानकारी मिली। उन्होंने लिंक ओपन की। लिंक ओपन करते ही उन्हें वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया गया। ग्रुप और वीडियो कांफ्रेंसिंग से उन्हें निवेश के बारे में जानकारी दी गई और आधार कार्ड, पेन कार्ड लेकर गुगल सीट पर अकाउंट ओपन कराया गया।

### पहले दिन 10 हजार जमा करने पर मिले 11,385

दिलीप ने पहले दिन यूपीआई से दस हजार रुपए बताए गए अकाउंट में जमा किए। अगले ही दिन उनके अकाउंट में 11 हजार 385 रुपए आ गए। दिलीप ने रुपए निकाले और एक दिन बाद फिर तीस हजार रुपए एमपी ऑनलाइन की मदद से जमा कराए। इस एमपी ऑन लाइन के जिस खाते से रुपए जमा कराए गए। उस खाते में 60 हजार रुपए बैलेंस हो गया। दिलीप लोभ में आ गए और उन्होंने खाते में तीन लाख रुपए निवेश कर दिए। अब उनके गुगल सीट पर बनाए गए अकाउंट में 23 लाख रुपए दिखाने लगे। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग में बात की और 23 लाख रुपए निकालने की बात कही। जालसाज ने उन्हें कहा कि 23 लाख रुपए आपके खाते में फिक्स हो चुके है। निकालने के लिए जीएसटी सहित प्रोफेशनल टैक्स के 3 लाख 95 हजार रुपए देंने होंगे। तभी पैसे निकल सकेंगे। यह सुनते ही दिलीप को विश्वास हुआ कि वह जालसाज के चंगुल में फंस गए है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जालसाज के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। 1 लाख 59 हजार रुपए फ्रीज किए है।

## खबर संक्षेप



### नलों से आ रहा गंदा पानी, सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 3 खिल्लीखेड़ा की महिलाओं एवं युवाओं ने दूषित पानी को लेकर नगर परिषद के इंजीनियर मुकेश जैन को ज्ञापन सौंपा। रहवासियों ने बताया कि पीने का पानी गंदा आ रहा है। खेत की मोटर से पीने का पानी ला रहे हैं। एक महीने से ज्यादा समय से नलों से पानी दूषित आ रहा है। उसके बाद भी स्थानीय प्रशासन ने अभी तक कोई समाधान नहीं किया है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता परेश नागर ने स्वच्छता एम्बेसडर पुरुषोत्तम शर्मा को गंदा पानी आने की जानकारी दी। गंदा पानी आने से महावीर कॉलोनी, अर्जुन नगर, वार्ड 13, 14 के लोग भी परेशानी हैं।

### नारी शक्ति समिति ने निकालीं प्रभात फेरी



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति समिति प्रभात फेरी मंडल ने गुरुवार सुबह प्रभात फेरी निकालीं। प्रभात फेरी के दौरान जय जय श्री राम नाम की ध्वनि गूंजती रही। इस अवसर पर अध्यक्ष आरती यादव, प्रियंका गुप्ता, पूजा लोधी, राधा माझी, पुष्पा प्रजापती, भागवती साहू, सुनिता सैनी, कुसुम शर्मा, निर्मला शर्मा, राजबाई सैनी, मल्होत्रा यादव, रेखा कपूर, रुक्मिणी यादव, बबली शर्मा, कांता बाई साहू, मंजू साहू, मीना साहू, मीना मालवी, विनिता लोधी, कवीता यादव, सीमा ठाकूर आदि शामिल हुईं।

### मंडीदीप में गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**मंडीदीप।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को रायसेन समेत मंडीदीप में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिले की समस्त कंपोजित मदिरा की फुटकर दुकानें, आयात-निर्यात एवं परिवहन पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश दिए गए हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संगठन महामंत्री ने व्यक्त किया शोक

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल तथा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बस के खाई में गिरने से 10 वीर जवानों के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 9405 | | |
| दिनः | 790 | 67 | 124 |
| रातः | 468 | 82 | 499 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 267 | 51 | 489 |
| रातः | 238 | 36 | 556 |

## आरजीपीवी के देवी अहिल्याबाई हॉस्टल का मामला

# पहले हाथ की नस काटी फिर रूम का दरवाजा बंद कर छात्रा ने लगाई फांसी

- **11 दिन की छुट्टी से बुधवार सुबह ही लौटी थी सव्यश्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित आरजीपीवी कैंपस के देवी अहिल्याबाई हॉस्टल में गुरुवार सुबह बीटेक की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने पहले हाथ की नस भी काटी थी। हॉस्टल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा का शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। धार से छात्रा के परिजन भोपाल पहुंच गए थे। शुक्रवार को शव का पीएम परिजन की मौजूदगी में कराया जाएगा। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार सव्यश्री मुनागला (19) मूलतः धार की रहने वाली थी। वह आरजीपी से बीटेक फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी और आरजीपीवी के देवी अहिल्याबाई हॉस्टल में रह रही थी। गत 11 जनवरी को वह छुट्टी पर अपने निवास धार गई थी। बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे उसकी वार्डन से बातचीत हुई थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई। उसके साथ उसकी रूम पार्टनर रहती थी, लेकिन वह भी एक महीने की छुट्टी पर गई हुई है।



सव्यश्री मुनागला, मृतका

### सुबह नहीं खुला दरवाजा

गुरुवार सुबह हॉस्टल की सभी छात्राएं कॉलेज जाने की तैयारी करने लगी, लेकिन सव्यश्री मुनागला के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। वार्डन को घटना की जानकारी दी गई। वार्डन गार्ड को लेकर सव्यश्री के रूम के बाहर पहुंची। गार्ड से कहकर दरवाजा तुड़वाया। दरवाजा तुड़वाने पर सव्यश्री फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम एफएसएल को लेकर मौके पर पहुंची और निरीक्षण कराया। निरीक्षण करने पर सभ्यश्री के कमरे से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने सव्यश्री का मोबाइल जब्त किया है।

## सूरज नगर तिराहा पर हुआ हादसा, रेपिडो चालक भी

# रेपिडो स्कूटर को डंपर ने मारी पीछे से टक्कर... उछलकर गिरी युवती, मौत

- **पुलिस ने मामला दर्ज कर डंपर जब्त किया**

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर तिराहा पर तेज रफ्तार डंपर ने रेपिडो स्कूटर को टक्कर मार दी। इस हादसे में रेपिडो स्कूटर पर पीछे बैठी युवती उछलकर सड़क पर गिरी थी। सड़क पर गिरने से युवती को मुंह के पास दाहिने तरफ गंभीर चोट आई थी। एंबुलेंस की मदद से उसे हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। पुलिस ने रेपिडो चालक की शिकायत पर डंपर चालक पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस डंपर बरामद कर कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार भागवती बाई (18) मूलतः सुल्तानगंज रायसेन की थी। वह शिवाजी नगर में प्राइवेट हॉस्टल में रहती थी और घरों में हाउस कीपिंग का काम करती थी। भागवती बाई के मामा रातीबड़ स्थित गोरा गांव में रहते हैं। गत दिनों मकर संक्रांति के पर्व पर भागवती बाई की मौसी मामा के घर आई हुई हैं। बुधवार दोपहर भागवती बाई मामा मौसी से मिलने के लिए 6 नंबर मार्केट से रेपिडो बुक की। रेपिडो चालक अभिषेक मिश्रा ने बताया कि सूरज नगर तिराहा पहुंचने पर उसने अपना स्कूटर टर्न किया ही था कि दोपहर करीब दो बजे पीछे से आ रहे डंपर ने उसकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर पीछे की तरफ लगने के कारण भागवती बाई उछलकर सड़क पर मुंह के बल गिरी थी। उसके मुंह में दाहिने तरफ गंभीर चोट थी। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, वहां इलाज के दौरान करीब पौने छह बजे मौत हो गई।



भागवती बाई, मृतका

### रेपिडो चालक की शिकायत पर दर्ज की एफआईआर

रेपिडो चालक अभिषेक मिश्रा को मामूली चोट थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने अभिषेक मिश्रा की शिकायत पर डंपर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है। घटना के समय डंपर खाली था। डंपर चालक ने बताया कि रेपिडो चालक ने इंडीकेटर दिए बिना सूरज नगर तिराहा पर एकाएक अपनी स्कूटर मोड़ दी।

### जहां देवी का मंदिर, वहां इबादत कैसे स्वीकार होगी: रामेश्वर

**भोपाल।** धार के भोजशाला में मां वाग्देवी के पूजन को लेकर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भारत के सनातनियों की यह मांग थी, मांग है और मांग सदा रहेगी कि जहां बागेश्वरी देवी बैठी हैं, उस स्थल पर पूजा होने दो। वैसे भी मुसलमान तो यह मानते हैं कि जिस मंदिर में अगर भगवान बैठा हो तो वहां उनकी इबादत स्वीकार नहीं की जाती। तो मुसलमान को भी समझना चाहिए, राजनीति से प्रेरित नहीं होना चाहिए और समझदारी से हिंदुओं के साथ सद्भावना रखते हुए भोजशाला में पूजन करने देना चाहिए। रामेश्वर ने कहा कि भोजशाला राजा भोज के द्वारा बनाई गई भूमि पर है। राजा भोज ने मां सरस्वती की का मंदिर बनवाया है। वह विद्या की देवी है, देवी की सबको आरती पूजा करने दो।

# धोखाधड़ी कर मकान बेचने वाले आरोपियों को 3 वर्ष का कारावास

## 8,000 रुपए के अर्थदण्ड से किया दंडित

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

धोखाधड़ी कर जाली दस्तावेज तैयार कर दूसरी महिला को खड़ा कर 6,00000 रुपए में मकान बेचने वाले आरोपियों मुन्नी बाई उर्फ कमला बाई, नरेंद्र यादव, फिरोज खान और मो. अलीम को अपर सत्र न्यायाधीश मनोहर लाल पाटीदार ने भादंसं की धारा-120 बी ,420,467, 468 एवं 471 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 8000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन के अनुसार मुन्नी बाई पत्नी कालू राम, निवासी-ग्राम पचामा के स्वामित्व का एक मकान म.नं. 34 गली नं. 16 नवजीवन कॉलोनी छोला भोपाल में है। आरोपियों ने मिलीभगत कर असली मुन्नी बाई के मकान के जाली एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कर कमला बाई को मुन्नी बाई बनाकर फरियादी विमला मालवीय को 19 जुलाई 2023 को रजिस्ट्री कराकर 6,00000 रुपए में बेच दिया था। फरियादिया जब मकान का कब्जा लेने पहुंची तो मकान में रहने वाले किराएदार शेर सिंह ने बताया कि उसने इस मकान को असली मालिक मुन्नी बाई पत्नी कालू राम से पहले ही खरीद लिया है। फरियादिया की शिकायत पर पुलिस थाना छोला मंदिर ने आरोपियों के खिलाफ 30 मई 2014 को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# नगर परिषद ने किया 3 दिवसीय आनंद खेल उत्सव का शुभारंभ

शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गणतंत्र दिवस एवं आनंद उत्सव, नगर गौरव दिवस समारोह 2026 के तहत नगर परिषद औबेदुल्लागंज द्वारा 3 दिवसीय दिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के विद्यार्थियों ने पहले दिन नीबू चम्मच रेस, बोरा रेस एवं कुर्सी दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने फीता काटकर किया।

इस अवसर विधायक प्रतिनिधि, नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता बागीस अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि रामेश्वर नागर, पार्षद सुजीत यादव, भारती नरेश सेठी, सुनील सेरिया, नगर परिषद सीएमओ किरण राहगडाले, मुकेश जैन, राजकुमार शर्मा, प्रमोद तिवारी, सन्नी अग्रवाल, प्रमोद कुमार पाण्डेय, महेश मीणा, राजा सिरसवाल सहित नगर परिषद समस्त स्टाफ, खेल सह नोडल हमीर सिंह मोहानिया, परब चन्द चौरे, बलराम नागर, खेल शिक्षक मैसराम, इकवाल ख़ान, स्कूल के नोडल शिक्षक एवं बच्चे शामिल हुए।



आनंद उत्सव का उद्घाटन करतीं नप अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे।

# परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर सीमा में बिना अनुमति प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के लिए दिशा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ममंडीदीप

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की हायर सेकंडरी, हाईस्कूल तथा अन्य परीक्षाएं वर्ष 2026, की 7 एवं 11 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। रायसेन जिले समेत मंडीदीप में हायर सेकंडरी, हाईस्कूल की आयोजित होने वाली परीक्षाओं को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने, परीक्षा में नकल रोकने तथा असामाजिक तत्वों पर रोक करने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा पारित आदेश के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल एवं जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त उड़नदस्ता दल के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यक्ति या समूह रायसेन जिले में स्थापित समस्त परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर सीमा में संबंधित सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई भी प्रवेश नहीं कर सकेगा और न ही परिसर के आसपास विचरण करेगा। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति, संगठित संस्था भी परीक्षा समयावधि में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के आसपास लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं करेगा।

### उल्लंघर करने पर होगी कार्रवाई

इस आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित परीक्षा केन्द्र प्रभारी एवं सुरक्षा अधिकारी-कर्मचारी तथा परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किए जाने के लिए उत्तरदायी होंगे। यह आदेश रायसेन जिले में समस्त परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर सीमा क्षेत्र में 7 फरवरी से 5 मार्च तक प्रभावशील होगा।

# सम्यक ज्ञान से ही जीवन में शांति संभवः मुनिश्री निर्वेगसागर

## भोपाल से विहार करते हुए मंडीदीप पहुंचा मुनिसंघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ममंडीदीप/औबेदुल्लागंज

औद्योगिक नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के संतनिवास में पूज्य मुनि निर्वेगसागर मुनिराज ने कहा कि आज अधिकतर लोग अशुद्ध ज्ञान के आधार पर जीवन चला रहे हैं। जब तक आत्मा और कर्म का संयोग बना रहता है, तब तक विवाद और अशांति बनी रहती है।

जैसे ही कर्म का आवरण हटता है, विवाद समाप्त हो जाता है। व्यक्ति सांसारिक सम्मान के लिए जीवन भर प्रयास करता है, लेकिन आत्मकल्याण के लिए समय नहीं निकालता। भावों को निर्मल बनाकर आत्मा से आत्मा की ओर बढ़ना ही सच्चा पुरुषार्थ है। इससे पूर्व मुनिसंघ भोपाल से विहार करते हुए मंडीदीप पहुंचा। इसके बाद विहार करते हुए मुनिसंघ का गुरुवार शाम 5:30 बजे औबेदुल्लागंज आगमन हुआ। उनकी अगवानी जैन समाज एवं अन्य लोगों ने की। पुलिस थाने के सामने पंडित लक्ष्मी चंद, मुकेश जैन, कविता जैन, अर्चना जैन आदि लोगों ने पादप्रक्षालन किया। मुनि श्री का नगर प्रवेश होने पर नंदू जैन आकाश नरेश जैन, मंजू जैन, मयूरी जैन ने पाद प्रक्षालन किया।



# नपा सीएमओ ने कर्मचारियों के विभाग बदलने का दिया आदेश

## 6 कर्मचारियों की लगातार मिल रही थी शिकायत

**मंडीदीप।** मंडीदीप के नगर पालिका में गुरुवार को सीएमओ प्रशांत जैन ने बड़ा एक्शन लेते हुए जिन कर्मचारियों के अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे थे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए विभाग बदल दिए गए हैं, जिसमें सुरभि चौरसिया, सतीश उज्जलिया, हरभजन कीर, महेन्द्र लोवंशी को कॉलोनी सेल (वैध, अवैध) के संचालक का गठन किया गया है।



वहीं राजेंद्र मीणा, (राजा) को जलकर शाखा में पदस्थापना दी और ओमकार पटेल को अभिषेक बॉथम इंजीनियर का सहयोगी बनाया है। जानकारी के अनुसार मंडीदीप में प्रतिष्ठित मीडिया हाउस के द्वारा लगातार सोशल मीडिया में इन अधिकारियों के भ्रष्टाचार की खबर वायरल हो रही थी, जिसको लेकर नपा की किरकिरी हो रही थी। सीएमओ ने तत्काल संज्ञान में लेकर ऐसे कर्मचारियों के विभाग में बदलाव किया। इस कार्रवाई पर नगर के लोगों ने सीएमओ को बधाई दी है।

## सम्मेलन में करीब 50 हजार लोगों के उपस्थित होने की संभावना

# दशहरा मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज कार्यक्रम स्थल का एसडीएम, एसडीओपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को नगर के दशहरा मैदान पर सकल हिन्दू समाज के नेतृत्व में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हिन्दू समाज के अलग-अलग जाति के 32 लोग सुबह 9 बजे उपस्थित होंगे। वहीं 12 ज्योतिर्लिंग का बड़ी संख्या में महिलाएं कलशों में जल भरकर जलाभिषेक करेंगी। इसके बाद संगठित हिन्दू समरसता का आह्वान किया जाएगा।



एसडीएम, एसडीओपी शीला सुराणा निरीक्षण करते हुए।



विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए कार्यक्रम स्थल पर की तैयारी।

**विभिन्न हिंदू संगठन के लोग होंगे शामिल**

*नगर के अलग-अलग वार्ड से करीब 50,000 हिन्दू समाज के लोगों के एकत्रित होने की संभावना व्यक्त की है, जिसको लेकर संगठन द्वारा दशहरे मैदान में तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम दोपहर एक बजे से शुरू होगा, जिसमें समाज के कई हिन्दू संगठन जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, राष्ट्रीय बजरंग दल, संस्कृति बचाओ मंच जैसे अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।*

### पुलिस की रहेगी सख्त निगरानी

कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल का गुरुवार को जायजा लिया गया, जिसमें एसडीएम, एसडीओपी शीला सुराणा, सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए हैं।

# सतलापुर में निकाली राम बारात डीजे की धुन पर खूब झूमे श्रद्धालु

भाजपा पदाधिकारी और अन्य श्रद्धालुओं ने आरती उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप के उपनगर में गुरुवार को दोपहर 3 बजे से मेन चौराहा सतलापुर से श्री राम जी की भव्य बारात निकाली गई। बारात का भाजपा जिला मंत्री सुशील शर्मा, गोल्डी यादव पार्षद समेत हजारों लोगों ने स्वागत कर आरती उतारी एवं पूजा अर्चना की। इसके बाद हनुमान, मां काली, राधा कृष्ण, शंकर पार्वती में भोपाल के कलाकार द्वारा झांकी निकाली गई। वहीं डीजे की भक्ति मय धुनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। सतलापुर के प्रमुख मार्ग शुक्रवार बाजार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समेत प्रमुख मार्गों से होते हुए झांकी निकाली गई। इस दौरान मुख्य रूप से आयोजन समिति के कमलेश गौर, दीपक विश्वकर्मा, जितेंद्र मालवीय, प्रदीप चौहान, श्री राम किराना के गोविंद साहू, जितेंद्र सोनी, क्षेत्रपाल सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



सजीव झांकी में सजा भगवान राम और भगवान शंकर का दरबार।



झांकी में माता काली की प्रस्तुति देते कलाकार।



# 'विरासत और आधुनिक डिजाइन' के बीच सेतु की भूमिका निभाता 'निफ्ट'

## फैशन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच मना निफ्ट का 41वां स्थापना दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फैशन शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने की स्मृति में निफ्ट भोपाल परिसर में कला, संस्कृति और विरासत का जीवंत उत्सव देखने को मिला जब भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) ने देशभर के निफ्ट परिसरों के साथ मिलकर 41वां निफ्ट स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर जहां स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक डिजाइनर आउटफिट में खुद को रिप्रजेंट किया, वहीं कई रचनात्मक गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र बनीं। इस उत्सव का सिलसिला एसडीएसी द्वारा आयोजित नृत्य-नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ा, इस प्रस्तुति में निफ्ट और भारत के पारंपरिक कारीगरों के आपसी संबंधों के इतिहास को कलात्मक रूप से दर्शाया गया। वहीं समारोह का सबसे आकर्षण का केंद्र 'विरासत और आधुनिक डिजाइन' के बीच सेतु बनाने में संस्थान की भूमिका रही।



पारंपरिक परिधानों में कैटवाक करती युवतियां।





### 'निफ्टः तब और अब' थीम पर क्यूरेटेड फोटो प्रदर्शनी

वहीं, परिसर में विभिन्न छात्र-नेतृत्वित गतिविधियों के माध्यम से एक नया रूप देखने को मिला। जहां राहुल शर्मा (सहायक प्राध्यापक) के प्रभार में आयोजित 'निफ्टः तब और अब' शीर्षक से एक क्यूरेटेड फोटो प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें संस्थान के चार दशकों के विकास को दर्शाने वाले चित्रों ने मन मोहा तो वहीं फैशन के समृद्ध इतिहास पर आधारित फाउंडेशन डे क्विज भी खास रहा।

### उत्कृष्टता प्रदान करने की जिम्मेदारी देती 'विरासत'

इस अवसर पर निदेशक अखिल सहाय ने 41 वर्षों में निर्मित संस्थान की समृद्ध विरासत पर विचार साझा करते हुए कहा कि जो विरासत हमें प्राप्त हुई है, वह हमारे ऊपर उत्कृष्टता प्रदान करने की जिम्मेदारी भी रखती है। इस अवसर पर डॉ. देबज्योति गांगुली ने निफ्ट की स्थापना से लेकर वर्तमान में फैशन एवं वस्त्र क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले 19 केंद्रों के साथ एक प्रमुख संस्थान बनने तक की यात्रा को रेखांकित किया।

# अभिनव कला परिषद का 63वां 'कला पर्व उत्सव गणतंत्र-2026' संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



> अलंकरण समारोह संग संगीत और नृत्य प्रस्तुति से सजी दुष्यंत की संध्या

अभिनव कला परिषद द्वारा आयोजित 63वां 'कला पर्व उत्सव गणतंत्र-2026' का आयोजन गुरुवार को दुष्यंत कुमार संग्रहालय में किया गया। हीरक जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जाने माने साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ. विनिता चौबे, डॉ. मीनू पांडेय, अभिलाषा अनुभूति, अनुलता राजनायर, सुशील कुमार पांडेय, मनीष बादल एवं चित्रांश बाघमारे को अभिनव शब्द-शिल्पी अलंकरण से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर सुप्रसिद्ध शहनाई वादक भास्कर नाथ को अभिनव संगीत रत्न सम्मान प्रदान किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषि कुमार मिश्र ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजीव वर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में लता मुंशी, महेश श्रीवास्तव एवं पीसी शर्मा शामिल रहे। अतिथियों ने अभिनव कला परिषद द्वारा कला, संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की।

### राग यमन की भावपूर्ण प्रस्तुति पर झूमे श्रोता

वहीं, कार्यक्रम में भास्कर नाथ के शहनाई वादन के साथ रामेंद्र सिंह सोलंकी के तबले एवं कपिल की संगत में प्रस्तुत शास्त्रीय संगीतमय जुगलबंदी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। आपने राग यमन की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं कार्यक्रम में भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति भी खास रही।



'कला पर्व उत्सव गणतंत्र-2026' में सांस्कृतिक नृत्य की प्रतुति देते हुए।

## सातवां दिन : भारत भवन के मंचों पर पंडवानी, सौगंधिका हरणम एवं महाभारत का मंचन

# कठपुतली नाट्य में उभरी युद्ध की त्रासदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत भवन में आयोजित महाभारत समागम के सातवें दिन दर्शकों को विविध कलात्मक प्रस्तुतियों का सशक्त अनुभव प्राप्त हुआ। बहिरंग मंच पर प्रसिद्ध रंगकर्मी अनुरूपा राय के निर्देशन में महाभारत की प्रभावशाली प्रस्तुति हुई, जिसे कठकला पपेट आर्ट्स ट्रस्ट, नई दिल्ली ने प्रस्तुत किया।

### गांधारी, कृष्ण और बर्बरीक पर केंद्रित नाटक

अनुरूपा राय निर्देशित महाभारत प्रस्तुति कठपुतली कला के माध्यम से युद्ध, भाग्य, अहंकार और धर्म की गहरी त्रासदी को उजागर करती है। कथा के केंद्र में गांधारी, कृष्ण और बर्बरीक जैसे तीन प्रमुख पात्र हैं। गांधारी का जीवन त्याग और पीड़ा का प्रतीक है, जिसने अपने अंधे पति धृतराष्ट्र के साथ समानता के लिए जीवन भर आंखों पर पट्टी बांधे रखी।



बहिरंग मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार।



### सौगंधिका हरणम में भीम–हनुमान मिलन की दिव्य कथा

वहीं अंतरंग सभागार में पियाल भट्टाचार्य के निर्देशन में संस्कृत नाट्य परंपरा से जुड़ा सौगंधिका हरणम मंचित हुआ, जिसे दर्शकों ने सराहा। सौगगंधिका हरणम की कथा महाभारत के पांडवों के वनवास काल से जुड़ी है। द्रौपदी की इच्छा पूर्ण करने के लिए भीम घने और रहस्यमय वन की ओर प्रस्थान करते हैं। भीम की अपार शक्ति और वेग से वन में हलचल मच जाती है। पशु-पक्षी और वनवासी भयभीत हो उठते हैं और यहीं उनकी हनुमान से मुलाकात होती है।



### महाभारत कथा जीवंत करती पंडवानी गायकी

इससे पहले पूर्वरंग मंच पर छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा पर आधारित रितु वर्मा निर्देशित पंडवानी की प्रस्तुति ने लोक-संवेदना के साथ महाभारत कथा को जीवंत किया।



नामचीन शायरों की गजलों को नीना ने दी आवाज

# प्रशासनिक अकादमी में गीत और गजलों से सजी संगीत संध्या 'शाम-ए-गजल' का आयोजन



प्रशासनिक अकादमी में संगीत की प्रस्तुति देते डॉ. नीना श्रीवास्तवा।

> मधुर प्रस्तुति ने श्रोताओं की खूब तालियां बंटोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गीत और गजलों से सजी प्रशासनिक अकादमी की संगीत संध्या ने ऐसा समा बांधा कि सर्द गुलाबी ठंड को ओर भी सुहाना बना दिया। मौका था डॉ. नीना श्रीवास्तवा द्वारा गीत और गजलों पर आधारित प्रस्तुति 'शाम-ए-गजल' के आयोजन का। जिसमें नीना ने एक से बढ़कर एक गजलों की प्रस्तुति देकर समा बांधा। गायिका ने गीतों से सजी इस संध्या की शुरुआत हर एक बात पर कहते हो..., सुनाई तो वहीं हजारों ख्वाहिश ऐसी.... की प्रस्तुति ने श्रोताओं की खूब तालियां बंटोरी। गीतों से सजी इस संध्या में नीना ने गालिब, अहमद फराज, शकील और फैयाज हाशमी जैसे नामचीन शायरों की गजलों को अपनी आवाज दी।



### ए मोहब्बत तेरे हालात...., मोहब्बत करने वाले....

वहीं प्रस्तुति की अगली कड़ी में उन्होंने रंजिश ही सही.... को अपनी आवाज दी तो और अगली कड़ी में के जो हम में तुम में.... की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। एक से बढ़कर एक गजलों से सजी इस संध्या के अगले क्रम में उन्होंने ए मोहब्बत तेरे...., मोहब्बत करने वाले...., मैं क्या जानू.... और आज जाने की जिद ना करो.... जैसी प्रस्तुति देकर शाम को गजल और संगीत की धुन में रमा दिया।



अनंता शिक्षा संवाद पॉडकास्ट में करते हुए अतिथि।

# एमएलबी कॉलेज में अनंता शिक्षा संवाद पॉडकास्ट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय के आईटी सेल द्वारा अनंता शिक्षा संवाद पॉडकास्ट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वशासी महाविद्यालय में संचालित हो रही परीक्षा प्रणाली चर्चा के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल, स्वशासी प्रकोष्ठ के नियंत्रक राजेश अग्रवाल तथा एक अनुभवी जानी-मानी मनो वैज्ञानिक डॉ. अनीता पूरी सिंह उपस्थित रहीं। डॉ. राजेश अग्रवाल ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखी जाए के बारे में बताया तो वहीं अजय अग्रवाल ने बताया कि किस तरह प्रशासनिक एवं शैक्षणिक अपेक्षाओं को परीक्षा के दौरान पूरा किया जाता है।

## बौद्धिक संवाद समूह की मासिक व्याख्यानमाला

# विदेशी घुसपैठ व प्रवासी समस्या राष्ट्र के लिए चुनौती: त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बौद्धिक संवाद समूह की मासिक व्याख्यानमाला के अंतर्गत पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी का व्याख्यान भारतीय विद्या भवन सभागृह में आयोजित किया गया, जिसमे उन्होंने कहा कि विदेशियों की घुसपैठ ओर उनके संरक्षण देश के लिए गंभीर समस्या है। यह अब देश के लिए चुनौती बन गई है। इसमें राजनैतिक संरक्षण ने इसे ओर संकटग्रस्त बना दिया है। पड़ोसी देशों की दयनीय अर्थव्यवस्था से घुसपैठ बढ़ती गई।

उन्होंने आंकड़े देकर इसके गंभीर परिणामों पर चिंता प्रकट की। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल ओर असम के कुछ जिलों में डेमोग्राफी बदल गई है, जो धार्मिक चुनौती है और बढ़ता आतंकवाद चिंतनीय समस्या है एक लीगल फ्रेमवर्क की आवश्यकता है जिससे नागरिकता का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। त्रिपाठी ने श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए और इस समस्या के समाधान में सीमा पर घुसपैठ गंभीरता से रोकना सेना की संख्या बढ़ाना ही विकल्प है। कार्यक्रम का संचालन आरजी द्विवेदी ने किया। मध्य प्रदेश मानवाधिकार के कार्यवाहक अध्यक्ष एपी सिंह पूर्व संचालन विभाग के डायरेक्टर जनरल डॉ. महेश शुक्ला, पूर्व डीजीपी एसके राउत, वरिष्ठ अधिवक्ता जीके छिब्बर, ब्रिगेडियर संजय घोष, डॉ आरएस पांडे, सुनील जोशी, सलिल चटर्जी आदि उपस्थित थे।



तकनीक, वित्त और साइबर सुरक्षा से जुड़े नवाचारों की झलक दिखाता 'मैफिक एक्स टेक्नोसर्च 2026'

# कोड, सुराग और तार: मैनिट में 'मैफिक एक्स टेक्नोसर्च 2026' का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित मैफिक एक्स टेक्नोसर्च 2026 के पहले दिन तकनीक, वित्त और साइबर सुरक्षा से जुड़े नवाचारों की झलक देखने को मिली।

सुबह से लेकर देर शाम तक चले विविध कार्यक्रमों ने छात्रों के तकनीकी कौशल, रचनात्मक सोच और टीमवर्क को मंच प्रदान किया। जहां सुबह के सत्र में फिनस्पार्क द्वारा वित्त आधारित खेलों-स्लैबट्रैप, टावर ऑफ वेल्थ, डार्टफोलियो, केबीसी और एक्ट द कंपनी का आयोजन किया गया।



मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि और अन्य।

### रियल-वर्ल्ड हैकिंग गेम भी रहा खास

साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ओडबल्यूएएसपी के साइबर हंटर 2.0 की शुरुआत भी खास रही। यह दो दिवसीय रियल-वर्ल्ड हैकिंग गेम है, जिसमें प्रतिभागियों को प्रोग्रामिंग आधारित पहेलियों के माध्यम से छिपे हुए निर्देशांकों का पता लगाना था। वहीं, प्रोडकॉन के एसेन्ट ने उत्पाद-आधारित सोच पर केंद्रित गतिविधियां भी खास रहीं। कार्यक्रम में कोडक्रोम 20.0 के अंतर्गत कला व फोटोग्राफी गैलरी का उद्घाटन हुआ, जबकि डेटाबिज के आइरिस ने ऑनलाइन सेगमेंट के माध्यम से दूरस्थ प्रतिभागियों को जोड़ा।



विविध कार्यक्रमों ने छात्रों के तकनीकी कौशल, रचनात्मक सोच की जानकारी देते हुए।

# विजय अभियान जारी रखने आज उतरेगा भारत, संजू व किशन पर होगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाह टिकी रहेगी।

वनडे श्रृंखला में हारने के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा।

### टीम प्रबंधन के भरोसे पर किशन को खरा उतरना होगा

श्रृंखला के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं। एक और बल्लेबाज जिसे टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित करने की जरूरत है, वह है किशन, जिन्हें विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है और नागपुर में पहले मैच में श्रेयस अय्यर पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी ।

### कप्तान सूर्यकुमार यादव का आत्मविश्वास कुछ बढ़ा होगा

आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं और भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में बनाए गए 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए।

### अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी

अगर भारत को टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना है तो अभिषेक शर्मा को बुधवार रात की तरह ही शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आ रहा है और उन्होंने लगभग हर गेंद को मैदान से बाहर पहुंचाने की शानदार क्षमता दिखाई है।

### खास बातें

- रायपुर में आज खेला जाएगा दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला
- पहले मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 48 रन से जीत हासिल की थीं
- मैच में सैमसन व ईशान के बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा था



### भारत का गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित

निचले क्रम में रिंकू सिंह की टीम में वापसी और आते ही शानदार प्रदर्शन करना भारत के लिए एक और बड़ा सकारात्मक पहलू है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति में भी गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित नजर आता है।

### बुमराह को पावरप्ले में किया जा सकता है इस्तेमाल

अगर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या पावरप्ले में विकेट लेते रहते हैं तो जसप्रीत बुमराह को पावरप्ले के बाद तीन ओवरों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे टीम को बीच के ओवरों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिल जाएगा।

### रायपुर में भी ओस पड़ने की संभावना

भारत ने नागपुर में बड़ा स्कोर बनाया था जिससे वह ओस का प्रभाव कम करने में सफल रहा। यहां भी ओस पड़ने की संभावना है और कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं होगा, जैसा कि दक्षिण अफ्रीका ने पिछले महीने दिखाया था, जब उन्होंने एक वनडे मैच में भारत के खिलाफ 359 रन का पीछा काफी आसानी से कर लिया था।

### न्यूजीलैंड वापसी के लिए बेताब

न्यूजीलैंड जानता है कि गेंदबाजी के मोर्चे पर उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं था लेकिन उसकी टीम जल्द ही संभल जाती है और इसलिए वह वापसी करने के लिए बेताब होगी। डेवोन कॉनवे के हाल में आउट होने के तरीके को लेकर वे थोड़ा चिंतित होंगे, जिसमें वे बाहर जाती हुई गेंदों पर स्लिप कॉर्डन में कैच आउट हो जाते हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी।

मैच **शाम सात** बजे शुरू होगा।

---

## खबर संक्षेप

### मंडला पहुंची 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' टॉर्च, स्वागत



**भोपाल।** मंडला जिले में आज 'खेलों एमपी यूथ गेम्स' की टॉर्च आज दोपहर 3 बजे मंडला पहुंची, जहां इसका स्वागत गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने टॉर्च का स्वागत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टॉर्च आगमन के पश्चात एक आकर्षक टॉर्च रैली का आयोजन किया गया, जो पूरे शहर में उत्साह का केंद्र बनी रही। खेल अधिकारी विकास खराडकर ने बताया मंडला जिले में भी इस आयोजन को लेकर व्यापक उत्साह देखने को मिला है।

### सिद्धार्थ ने ठोके 196 रन, भोपाल के पृथ्वीराज ने झटके तीन विकेट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे उज्जैन के एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर गुरुवार से चार दिवसीय मुकाबला प्रारंभ हो गया। उज्जैन डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य शुरू हुए इस मैच में उज्जैन डिवीजन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 7 विकेट पर 410 रन बना लिए हैं, जिसमें सिद्धार्थ पाटीदार ने 196 रन की शतकीय पारी खेली। मोहनीश भाटिया ने 53 और राकेश ठाकुर 34 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी करते हुए पृथ्वीराज सिंह तोमर ने 3 विकेट और राहुल बाथम ने 2 विकेट लिए । कल दूसरे दिन का मैच खेला जाएगा।

- उज्जैन और भोपाल डिवीज़न के बीच मैच शुरू

### इंटर प्रेस टूर्नामेंट: आज के मैच फेथ ग्राउंड पर

**भोपाल।** 31वें आईईएस–डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में शुक्रवार को चार मुकाबले खेले जाएंगे। यह चारों मैच फेथ ग्राउंड पर होंगे। चूंकि ओल्ड कैंपियन मैदान और बाबे आली मैदान पर खेलो एमपी यूथ गेम्स के मुकाबले चल रहे हैं, इसलिए इंटर प्रेस के मैच फेथ ग्राउंड पर होंगे। 24 जनवरी से टूर्नामेंट के मैच वापस ओल्ड कैंपियन मैदान ही होंगे। इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन 27 जनवरी को ओल्ड कैंपियन मैदान पर होगा।

**आज के मैच**

**ग्राउंड क्रमांक 1** -डीजीपी इलेवन वि नगर निगम सुबह 9.30 बजे से
हमीदिया बनाम भोपाल क्रिकेट क्लब दोपहर 12.30 बजे से
**ग्राउंड क्रमांक–2:** पब्लिक वाणी बनाम टाइम्स ऑफ इंडिया सुबह 9.30 बजे से
रेट्रो स्टार बनाम एलीट वारियर्स दोपहर 12.30 बजे से

---

## ऑस्ट्रेलिया ओपन : जोकोविच ने सीधे सेटो में फ्रांसेस्को को दी मात

# जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 399वीं जीत से तीसरे दौर में, सिनर भी जीते

नोवाक ने पहली बार टूर्नामेंट में अपनी सर्विस गंवाई

सिनर ने जेम्स डकवर्थ को तीन सेटो में सीधे हराया

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर भी आगे बढ़ने में सफल रहे। जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंड स्लैम एकल मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है। इस तरह से रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है।



### जोकोविच 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की कवायद में

वह मेलबर्न पार्क में अपना 11वां और कुल मिलाकर 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, "कल तक मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उसकी सर्विस दमदार है। उसका खेल भी शानदार है। उसे बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उसमें बड़े शॉट लगाने की क्षमता है।" तीसरे दौर में जोकोविच का सामना बोटिक वैन डे जैंड्सचल्प से होगा, जिन्होंने शांग जुनचेंग को 7-6 (6), 6-2, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने मैरी बोजकोवा को 6-2, 6-3 से हराया जबकि मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए रात्रि मैच का अंत बेहद तनावपूर्ण रहा, जिसमें नाओमी ओसाका ने सोराना सिर्स्टिया को 6-3, 4-6, 6-2 से पराजित किया।



### मौजूदा महिला चैंपियन कीव को मिली कड़ी चुनौती

महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी एशलीन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ गईं, लेकिन जॉन केन एरिना में उन्होंने जोरदार वापसी करने का शानदार नमूना पेश किया और लगातार पांच अंक हासिल करके जीत दर्ज की।



### सिनर तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में

इसके कुछ ही समय बाद सिनर ने जेम्स डकवर्थ पर दो घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखी। जोकोविच ने तीसरे सेट के छठे गेम में सर्विस गंवाई लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैस्ट्रेली की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली। बाद में जोकोविच ने लगातार आठ अंक जीतकर मैच अपने नाम किया।

---

## विभिन्न मुद्दों पर की चाय पर चर्चा

# न्यूजीलैंड में हाई कमिश्नर ने किया पद्मश्री सत्येंद्र को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कुक स्ट्रेट जैसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्ग को तैराकी के माध्यम से पार करने का संकल्प लेकर न्यूजीलैंड गए पैरा तैराक पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया और उनकी टीम को वेलिंगटन, न्यूज़ीलैंड में स्थित भारतीय उच्चायोग की हाई कमिश्नर नीता भूषण ने चाय पर आमंत्रित किया। हंसी खुशी के माहौल में दोनों के बीच लंबी चर्चा हुई और अंत में पद्मश्री लोहिया को विशेष रूप से सम्मानित किया। हरिभूमि से बातचीत में सत्येंद्र ने बताया कि आज हमारी पूरी टीम के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण रहा।

# कूच बिहार ट्रॉफी चैंपियन प्रतीक का अरेरा में जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहली बार कूच बिहार ट्रॉफी चैंपियन मध्य प्रदेश टीम के महत्व पूर्ण सदस्य प्रतीक शुक्ला का अपनी अरेरा अकादमी में उनके कोचेस, साथियों और ट्रेनीज द्वारा जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अरेरा के मुख्य कोच सुरेश चैनानी, सचिव हेमंत कपूर, कोच अब्दुल जमील, अंकित ग्रोवर, अभय सिंह और सोनू अहिरवार एवं अनेक पालकगण ने उपस्थित हो कर प्रतीक बधाईयां दी और उज्वल भविष्य के शुभकामनाएं दीं।



---

## खेलो एमपी यूथ गेम्स

# केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया और सीएम 27 को करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो एमपी गेम्स के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 27 जनवरी को शाम 6:30 बजे भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया करेंगे। यह बात प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को प्रेस से चर्चा में बताई। मंत्री सारंग ने बताया कि टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित शुभारंभ समारोह को विशुद्ध रूप से खेलों की थीम पर आधारित रखा गया है।

समारोह में पार्श्व गायक कैलाश खेर की विशेष प्रस्तुति होगी, वहीं इंडियाज़ गॉट टैलेंट फेम डांस ट्रूप द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अतिरिक्त खेलों के इतिहास पर आधारित नृत्य-नाटिका तथा भव्य आतिशबाजी कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। मंत्री सारंग ने कहा कि यह समारोह खेल, ऊर्जा और युवा उत्साह का जीवंत प्रदर्शन होगा।




### अब तक एक लाख से अधिक खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन

*मंत्री सारंग ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स में सहभागिता के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन डैशबोर्ड आधारित डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किया गया है, जिससे पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी, सरल एवं सुगम बनी है। ब्लॉक स्तर से प्रारंभ हुई इस प्रक्रिया में अब तक एक लाख से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि पंजीयन, खेलवार सहभागिता, परिणामों की प्रविष्टि एवं प्रगति की निगरानी रीयल-टाइम डैशबोर्ड के माध्यम से की जा रही है।*

### 31 जनवरी तक चलेंगी प्रतियोगिताएं, 28 खेल होंगे शामिल

चयन प्रक्रिया 313 विकासखंडों से प्रारंभ की गई, जिसके अंतर्गत 13 से 20 जनवरी तक जिला प्रतियोगिताएं संपन्न की जा चुकी हैं तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं 25 जनवरी तक पूर्ण होंगी। ब्लॉक एवं जिला स्तर पर 21 खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। राज्य स्तर पर प्रदेश के 10 संभागों की टीमें प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी।

### खेलों की परंपरा के अनुरूप आयोजन स्थल

प्रतियोगिताएं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रीवा, शिवपुरी, जबलपुर, ग्वालियर, सागर एवं नर्मदापुरम में होंगी। भोपाल में एथलेटिक्स, फेंसिंग, पुरुष क्रिकेट, क्याकिंग-कैनोईंग, रोईंग, तैराकी, शूटिंग, हॉकी, बॉक्सिंग, थ्रोबॉल, व्हॉलीबॉल एवं कबड्डी। इंदौर में बास्केटबॉल, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस एवं टेनिस, शिवपुरी में महिला क्रिकेट, ग्वालियर में महिला हॉकी, पिट्टू एवं बैडमिंटन, उज्जैन में मल्लखम्ब, योगासन, रस्साकशी एवं कुश्ती, जबलपुर में खो-खो एवं आर्चरी, रीवा में फुटबॉल, नर्मदापुरम में ताईक्वांडो एवं शतरंज तथा सागर में जूडो प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी।

---

## आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट

# आरएनटीयू की पुरुष हॉकी टीम संबलपुर यूनिवर्सिटी पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की हॉकी टीम आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट 2025–26 में भाग लेने संबलपुर यूनिवर्सिटी उड़ीसा पहुंच गई है। टीम के कोच लोकेन्द शर्मा, डॉ. हबीब हसन एवं मैनेजर सतीश अहिरवार के नेतृत्व में टीम दावेदारी पेश करेगी।

यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट संबलपुर यूनिवर्सिटी, संबलपुर में 22 से 28 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। टीम में दीपक यादव, अरहम जमीर अंसारी, सत्यम बर्डे, मोहम्मद अनस खान, मो. कोनेन दाद , शैलेंद्र सिंह, मुस्तफा अजीज , मुदस्सर कुरैशी, मो.राशिद, मो.हसन, सेनबागा राजा एस, अलमाज खान, मो. जैद खान, विपिन, प्रिंस सोढ़ी, किशन चौहान, तलमिजुर रहमान, श्रीराम यादव, वैभव खुशलानी, राजा भैया कोरी, दीपू यादव, सार्थक वशिष्ठ, साहिल चौरे और नितेश कुमार प्रजापति शामिल हैं।

# एसपीएम कॉलेज: अंतर-महाविद्यालयीन जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

प्राचार्य ने विद्यार्थियों से इन खेलों को आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अंतर-महाविद्यालयीन जिला स्तरीय पिट्ठू (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा अधिकारी डॉ सतीश कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए पुरुष खिलाडि़यों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अनूप सिंह बैस, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने की। उन्होंने खिलाडि़यों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना तथा नेतृत्व क्षमता के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया।



### प्राचार्य ने प्रतिभागी टीमों का अभिनंदन किया

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने स्वागत भाषण में विभिन्न महाविद्यालयों से पधारी प्रतिभागी टीमों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पारंपरिक खेलों के संरक्षण एवं संवर्धन पर बल देते हुए विद्यार्थियों से इन खेलों को आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का संचालन खेल विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### यह रहे प्रतियोगिता के विजेता

*समापन अवसर पर पुरुष वर्ग में विजेता शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय और उपविजेता शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। आयोजन में प्राचार्य, प्राध्यापक, क्रीड़ा अधिकारी और विद्यार्थियों का योगदान रहा। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ कीर्ति जैन, डॉ सुधांशु धर द्विवेदी, डॉ एसडी सिंह, डॉ इला जैन, डॉ हर्षा जालोरी, डॉ हरनीत चीमा, डॉ अनीता मंडलोई,डॉ वीपीएस गौर, डॉ नीतू प्रिया लचोरिया, उमाशंकर कुल्हारे सहित शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

---

## आईसीसी ने मैच स्थल बदलने की मांग खारिज कर दी थी

# बांग्लादेश को अब भी आईसीसी से न्याय की उम्मीद

### भारत में टी20 विश्वकप नहीं खेलने पर अड़ा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को कड़ा रुख अपनाते हुए अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भेजने से इनकार कर दिया क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी मैच स्थल बदलने की मांग को खारिज कर दिया था।

इस फैसले से स्कॉटलैंड के लिए टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह लेने का रास्ता साफ हो गया। विश्व संस्था ने बुधवार को बांग्लादेश को अल्टीमेटम दिया था कि या तो वह भारत जाने के लिए सहमत हो या फिर उनकी जगह किसी और टीम को ले लिया जाएगा।

### गुरुवार तक दिया गया था समय

आईसीसी ने कहा कि भारत में उनके खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। बांग्लादेश को बृहस्पतिवार तक फैसला लेने का समय दिया गया था। स्कॉटलैंड टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए रैंकिंग के आधार पर अगले विकल्प में शामिल है।

### आईसीसी का रुख स्वीकार नहीं

हालांकि एक कड़ा रुख अपनाते हुए बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की कि आईसीसी का रुख उन्हें स्वीकार्य नहीं है। नजरुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा और स्पष्ट किया कि देश भारत में मैच नहीं खेलेगा।



### भारत में खेलने को लेकर खतरा अब भी बना हुआ

नजरुल ने कहा, "हालांकि हमारे क्रिकेटरों ने विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। "उन्होंने कहा, "हम इस बात से आश्वस्त नहीं हैं कि वे हमारी पूरी टीम, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।" सलाहकार ने कहा, "हमने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा।"




### चार घंटे तक चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

# चौक बाजार में 24 घंटे बाद ही दुकानदारों ने फिर कर लिया कब्जा, अमले ने आकर हटाया

**नगर निगम को दोबारा सख्ती दिखानी पड़ी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चौक बाजार में बुधवार को हटाए गए ठेले-तख्त महज 24 घंटे में फिर उसी जगह आ डटे, तो गुरुवार को नगर निगम को दोबारा सख्ती दिखानी पड़ी। निगमायुक्त संस्कृति जैन ने नदीम रोड से इब्राहिमपुरा-लखेरापुरा तक पैदल मार्च कर हालात का जायजा लिया और मौके पर ही अमले को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद मोती मस्जिद, यूनानी शफाखाना, मारवाड़ी रोड और जैन मंदिर के पीछे चार घंटे तक चला अतिक्रमण विरोधी अभियान चला। निगम अमले ने तीन ट्रक से अधिक सामान जब्त किया।

**खुला रास्ता, दोपहर में फिर जाम**

यूनानी शफाखाना और जामा मस्जिद इलाके में कार्रवाई के बाद कुछ घंटों तक राहत जरूर दिखी, लेकिन दोपहर होते-होते कई जगहों पर फिर से अस्थायी काउंटर और ठेले नजर आने लगे। इससे निगम की कार्रवाई की निरंतरता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

**दुकानदार आमने-सामने**


पटरी दुकानदारों का कहना है कि बार-बार सामान जब्त होने से रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाता है। स्थायी दुकानदारों का आरोप है कि अतिक्रमण के कारण दुकानों के सामने पार्किंग खत्म हो जाती है, जिससे ग्राहक लौट जाते हैं।

### बैरसिया पुलिस ने नाकाबंदी कर दबोचा

# मिनी ट्रक से तस्करी, साढ़े तीन लाख की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया पुलिस ने एक मिनी ट्रक से तीन लाख 65 हजार रुपए की देशी मदिरा बरामद की है। आरोपी चालक शमशाबाद की ओर से बैरसिया की ओर आ रहा था। मिनी ट्रक से कुल 73 पेटियां अवैध शराब की बरामद की गई हैं। बरामद अवैध शराब और मिनी ट्रक की कुल कीमत 13 लाख 65 हजार रुपए बताई जा रही है।



पुलिस के अनुसार विगत 22 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि शमशाबाद की ओर से आ रहे सफेद रंग के एक टाटा ट्रक 407 में बड़ी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर दी। चेकिंग के दौरान टाटा ट्रक 407 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में देशी मदिरा प्लेन व देशी मदिरा मसाला की कुल 73 पेटियां अवैध शराब रखी मिली। पुलिस ने आरोपी चालक राजकुमार कुशवाह (23) ग्राम टीकनखेड़ी खजूरिया रामदास रोड के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से उसके नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह अवैध शराब कहां से ला रहा था और कहां ठिकाने लगाने वाला था। बरामद हुई अवैध शराब की कीमत तीन लाख 65 हजार रुपए और जब्त किए गए ट्रक की कीमत दस लाख रुपए आंकी गई है।

### पेट लवर के दोस्त ने लगाए मारपीट करने के आरोप

# पॉश कॉलोनी में कुत्ता घुमाने की बात को लेकर विवाद, काउंटर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित अमृत इन्क्लेव पॉश कॉलोनी में कुत्ते को घुमाने और उन्हें घर में संरक्षण देने की बात को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों की तरफ झूमाझटकी और मारपीट की गई। पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार रिषभ धाकड़ (23) राजीव नगर में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी दोस्त तनु अमृत इन्क्लेव में रहती है और पेट लवर है। वह डॉग की सेवा करती है। गत 18 जनवरी की रात तनु मोहल्ले में डॉग को घुमा रही थी, तभी वहां समीर लूक अपने दोस्त के साथ पहुंचा। वह कहने लगा कि

**कॉलोनी के व्यक्ति से भी झूमाझटकी और मारपीट की**

कुत्ता संभल नहीं रहा तो क्यों घुमा रही हो। तनु उनकी बातें सुनकर अपने घर चली गई। इसी दौरान समीर लूक अपने साथी और पत्नी अर्चना लूक के साथ पहुंचा। सभी लोग तनु से गालीगलौज करते हुए धक्कामुक्की करने लगे। विवाद बढ़ने पर रिषभ तनु को बचाने पहुंचा तो उसके साथ सभी ने मिलकर मारपीट कर दी। पुलिस ने रिषभ की शिकायत पर समीर उसकी पत्नी अर्चना लूक, निक्की नायर और रवि राजपूत पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उनके साथ पीली हुडी पहने वाले एक अन्य युवक पर भी मारपीट की धाराओं में एफआईआर की गई है।


इसी प्रकार अमृत इन्क्लेव में रहने वाले 48 साल के मनीष गेबरियल ने बताया कि उनकी भाभी मोहल्ले में खड़ी थी। उन्होंने तनु को देखकर आपत्ति जताते हुए कहा कि तुम्हारे कुत्ते कॉलोनी में गंदगी करते हैं। इस पर तनु भड़क गई और मनीष गेबरियल की भाभी से गालीगलौज करने लगी।

मनीष ने तनु से गालीगलौज करने से मना किया तो रिषभ धाकड़ ने उनके साथ मारपीट की। मनीष गेबरियल को बचाने पहुंचे मोहल्ले के लोगों के साथ भी झूमाझटकी की गई। पुलिस ने मनीष गेबरियल की शिकायत पर तनु और रिषभ धाकड़ पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# किलोल पार्क पुलिया के नीचे कचरे के ढेर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के पालिटेक्निक चौराहे से मोती मस्जिद की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित किलोल पार्क इलाके में गुरुवार रात अचानक अफरा-तफरी मच गई। दरअसल सड़क किनारे पुलिया के नीचे पड़े कचरे के ढेर में रात करीब पौने नौ बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें 10 से 15 फीट ऊंची उठने लगीं और आसपास घना धुआं फैल गया। फायर आफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि लोगों ने सूचना दी, जिसके बाद फतेहगढ़ फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।



### छोला मंदिर दशहरा मैदान के पास की घटना

# मेडिकल स्टोर कर्मचारी का मोबाइल झपटकर पैदल भाग निकला बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित दशहरा मैदान के पास एक बदमाश मेडिकल स्टोर कर्मचारी का मोबाइल झपटकर पैदल भाग निकला। हालांकि फरियादी ने पीछा करने की कोशिश की, लेकिन बदमाश गच्चा देकर भागने में कामयाब हो गया।

पुलिस ने बताया कि शिव मंदिर के पास सुंदर नगर निवासी धर्मेन्द्र साहू (24) मेडिकल स्टोर पर काम करता है। विगत 20 जनवरी की रात करीब 8 बजे वह दशहरा मैदान के पास से गुजर रहा था। तभी उसके दोस्त आशीष का कॉल आ गया। वह मोबाइल पर बात करने लगा। इस बीच सामने से आया एक बदमाश धर्मेन्द्र के हाथ से उसका मोबाइल झपटकर भाग निकला।

पहले तो फरियादी ने आवाज देकर उसे रोकना चाहा लेकिन जब वह नहीं रुका तो दौडकर पीछा किया। आरोपी संकरी गलियों का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। फरियादी ने अगले दिन 21 जनवरी की दोपहर छोला मंदिर जाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है।

# नंदोई ने घर आई 53 साल की महिला के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अचारपुरा में सगे नंदोई द्वारा 53 साल की महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि वह पति के साथ गांव से काम की तलाश में भोपाल आई थी। इस दौरान नंदोई के घर रुकी हुई थी। गत 19 जनवरी की रात नंदोई ने उसे अकेला देखकर धमकाते हुए उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी नंदोई पर दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार वह आत्मगिलानी से वह तत्काल घटना की शिकायत नहीं कर सकी। बाद में गुरुवार दोपहर पति को लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।




अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930